दैनिक

कीर्तिप्रभा

खबरों के सच का निर्भीक आइना

■ रीवा ■ भोपाल से एक साथ

वर्ष : 27, अंक : 206 पृष्ठ 12, रीवा

मंगलवार 15 अप्रैल 2025

मूल्य : 3.00 रुपए

सरकार ने जारी की नई गाइडलाइन..., ऑटोमैटिक कैमरों से की जाएगी ट्रैफिक नियमों की निगरानी

नई दिल्ली अब ट्रैफिक नियम तोड़ने पर चालान सिर्फ फोटो से नहीं, बल्कि वीडियो सबूत से होगा। केंद्र सरकार ने एक नया स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (एसओपी) जारी किया है, जिसके तहत ट्रैफिक नियमों की निगरानी

अब ट्रैफिक नियम तोड़ने पर चालान वीडियो सबूत से होगा

ऑटोमैटिक कैमरों से की जाएगी। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, यह एसओपी सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने सुप्रीम कोर्ट में पेश किया है, जिसका मकसद सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना और ट्रैफिक सिस्टम को ज्यादा सख्त और पारदर्शी बनाना है।

एसओपी में वीडियो साक्ष्य रिकॉर्ड करने पर भी ध्यान केंद्रित किया गया है, यहां तक कि 200 किमी प्रति घंटा तक की रफ्तार पर भी। ताकि ध्यान भटकने और गलत दिशा में वाहन चलाने के कारण होने वाली सड़क दुर्घटनाओं और मौतों को कम किया जा सके। यह पहल सुप्रीम कोर्ट के उस आदेश के जवाब में की गई है जिसमें 23 राज्यों और 7 केंद्र शासित प्रदेशों (यूटी) को मोटर वाहन अधिनियम के अनुसार इलेक्ट्रॉनिक निगरानी के कार्यान्वयन पर रिपोर्ट करने का निर्देश दिया गया है।

कौन-कौन से नियमों पर होगी नजर

एसओपी के अनुसार, ऑटोमेटेड कैमरा प्रवर्तन प्रणाली ट्रैफिक उल्लंघनों की निगरानी के लिए प्राथमिक तरीका होगा। यह प्रणाली ड्राइवरों और प्रवर्तन एजेंसियों दोनों के लिए जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए डिजाइन की गई है। इस नई व्यवस्था के तहत हेलमेट या सीट बेल्ट न पहनना, मोबाइल फोन पर बात करना, रॉन्ग साइड गाड़ी चलाना, और ड्राइव करते हुए खाना या पीना जैसी हरकतों को अब कैमरे में रिकॉर्ड किया जाएगा। यह कैमरे इतनी हाई-टेक होंगे कि 200 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार तक भी साफ-साफ वीडियो रिकॉर्ड कर सकेंगे। यानी कोई भी वाहन तेज रफ्तार से निकल जाए, तब भी नियम तोड़ने की तस्वीर और वीडियो दोनों कैमरे में आ जाएंगे।

वीडियो सबूत के आधार पर कटेगा चालान

नई एसओपी के मुताबिक, चालान जारी करने के लिए अब कैमरे कम से कम 1 सेकंड और ज्यादा से ज्यादा 10 सेकंड तक की वीडियो रिकॉर्डिंग करेंगे। इसमें गाड़ी का नंबर, लोकेशन, तारीख और समय जैसी सारी जानकारी साफ दिखाई देनी चाहिए, और वो भी बिना किसी ब्लर या धुंधलेपन के। इतना ही नहीं, ये सिस्टम रियल टाइम में काम करेगा। जैसे ही कोई नियम तोड़ा जाएगा, एक सेकंड के अंदर ट्रैफिक डिपार्टमेंट को अलर्ट भेज दिया जाएगा। कैमरे में लगे सेंसर्स और एडवांस एल्गोरिदम यह पहचान सकेंगे कि सामने आ रही गाड़ी वाकई में नियम तोड़ रही है या फिर कोई इमरजेंसी व्हीकल (जैसे एम्बुलेंस या फायर ब्रिगेड) है जिसे अनुमति मिली हुई है।

नहीं चलेगी चालान से बचने की चाल

अक्सर देखा गया है कि लोग चालान से बचने के लिए अपना फोन नंबर या पता बदल देते हैं। इस पर लगाम लगाने के लिए मंत्रालय ने तीन महीने की मोहलत दी है, जिसमें सभी गाड़ी मालिक और ड्राइवर अपने रजिस्टर्ड नंबर और एड्रेस अपडेट कर सकेंगे। तीन महीने के बाद जो भी ट्रांसपोर्ट या ड्राइविंग से जुड़ी सर्विस लेगा, उसे अपना सही-सही डिटेल देना अनिवार्य होगा। गलत जानकारी देने पर कार्रवाई की जाएगी।

चालान के खिलाफ अपील भी होगा आसान

पारदर्शिता बढ़ाने के लिए एसओपी में यह भी कहा गया है कि सभी राज्यों में ऑनलाइन सिस्टम शुरू किए जाएंगे, जहां गाड़ी मालिक या ड्राइवर अपने चालान के खिलाफ अपील कर सकेंगे। इससे यह सुनिश्चित किया जाएगा कि गलती से भेजे गए चालानों को लोग सही तरीके से चुनौती दे सकें और कार्रवाई निष्पक्ष तरीके से हो।

पुंछ में ब्लास्ट, एक अग्निवीर घायल

जम्मू(ईएमएस)। जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में रविवार रात को एक लैंडमाइन विस्फोट में सेना का एक जवान घायल हो गया। जानकारी के मुताबिक, सेना की रूटीन पेट्रोलिंग के दौरान अग्निवीर विनोद कुमार एस गलती से लैंडमाइन पर पैर रख बैठे, जिससे धमाका हो गया। हादसे में उन्हें गंभीर चोटें आई है।

राजस्थान में आज से अदालतों का बदल जाएगा टाइम, सुबह से होगी सुनवाई

जयपुर, राजस्थान की अदालतों में 15 अप्रैल से समय बदल जाएगा। हाईकोर्ट से लेकर प्रदेश की अन्य अदालतों अब सुबह शिफ्ट में चलेगी। हाईकोर्ट में सुबह 8 बजे लेकर दोपहर 1 बजे तक और अधीनस्थ अदालतों में सुबह 8 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक सुनवाई होगी।

टिम्बर हाउस में लगी भीषण आग, एक करोड़ का नुकसान, 9 घंटे में बुझी आग

पटना , पटना में पीरमुहानी के पास रविवार देर रात विश्वकर्मा टिम्बर में आग लग गई। आग से करीब 1 करोड़ की लकड़ी जल गई है। 10 घर उसकी चपेट में आ गए थे। इसमें फंसे 40 लोगों को अग्निशमन के कर्मियों ने रेस्क्यू किया है। अग्निशमन पदाधिकारी ने भीषण अग्निकांड की जांच के लिए कमेटी बनाने की अनुशंसा की है। जांच रिपोर्ट के बाद कार्रवाई भी हो सकती है। 9 घंटे की कड़ी मशक्कत से आग पर काबू पाया जा सका। आग कैसे लगी थी, अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है।

17 को बिहार में महागठबंधन की बैठक,

पटना, बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर 17 अप्रैल को महागठबंधन की बैठक होने वाली है। इस बैठक में आरजेडी, कांग्रेस, माले समेत सभी घटक दलों के नेता शामिल होंगे। इससे पहले मंगलवार को कांग्रेस और राजद की दिल्ली में अलग से बैठक होगी। यह बैठक कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और तेजस्वी यादव के बीच होगी। यह बैठक खड़गे के घर पर होगी। इसमें राहुल गांधी भी शामिल हो सकते हैं।

हिसार में जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी बोले

वक्फ कानून ठीक होता तो मुसलमान पंचर नहीं बनाते

हिसार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को हिसार में हरियाणा के पहले एयरपोर्ट का उद्घाटन किया। यहां से हिसार-अयोध्या फ्लाइट को हरी झंडी दिखाई। इसके बाद उन्होंने एयरपोर्ट पर ही जनसभा को संबोधित किया। पीएम मोदी ने कहा कि देश आजाद होने के बाद 2013 तक वक्फ का कानून चलता था। 2013 में कांग्रेस ने कानून में संशोधन कर दिया, ताकि चुनाव में वोट पा सकें। कानून को ऐसा बना दिया कि बाबा साहेब के संविधान की ऐसी-तैसी कर दी। इसका सही उपयोग होता तो मुसलमानों को साइकिल के पंचर बनाने की जरूरत नहीं होती। पीएम ने कहा कि कांग्रेस कहती है कि ऐसा मुसलमानों के हित में किया। मैं पूछना चाहता हूं कि अगर सच्चे मन से मुसलमानों के लिए थोड़ी भी हमदर्दी है तो कांग्रेस पार्टी अपनी पार्टी का अध्यक्ष किसी मुसलमान को बनाए, लेकिन इनके नेता ऐसा कुछ नहीं करेंगे। ये सिर्फ देश के नागरिकों के अधिकारों को छीनना चाहते हैं।

पीएम मोदी ने कहा कि अब श्रीकृष्ण जी की पावन भूमि हरियाणा, श्रीराम जी की भूमि अयोध्या से सीधी जुड़ गई है। बहुत जल्द हिसार से दूसरे शहरों के लिए भी उड़ानें शुरू होंगी। मेरा वादा रहा है कि हवाई चप्पल पहनने वाला भी हवाई जहाज में उड़ेगा। 10 सालों में करोड़ों भारतीयों ने जीवन में पहली बार हवाई सफर किया है। हमने वहां भी नए एयरपोर्ट बनाए, जहां कभी अच्छे रेलवे स्टेशन तक नहीं थे। 2014 से पहले देश में 74 एयरपोर्ट थे, 70 साल में 74। आज देश में एयरपोर्ट की संख्या 150 के पार हो गई है।

कांग्रेस ने धर्म के आधार पर आरक्षण दिया

प्रधानमंत्री बोले कि हमें यह कभी नहीं भूलना है कि कांग्रेस ने बाबा साहेब के साथ क्या किया। कांग्रेस ने उन्हें 2 बार चुनाव हराकर अपमानित किया। कांग्रेस संविधान की भक्षक बन गई है। कर्नाटक की कांग्रेस सरकार ने पेंशन में भी एससी, एसटी, ओबीसी के अधिकार छीनकर धर्म के आधार पर आरक्षण दे दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने हमारे पवित्र संविधान को सत्ता हासिल करने का एक हथियार बना दिया है। जब-जब कांग्रेस को सत्ता का संकट दिखा, उन्होंने संविधान को कुचल दिया। कांग्रेस ने संविधान की स्पिरिट को कुचला। संविधान की भावना है कि सबके लिए एक जैसी नागरिक संहिता हो, जिसे मैं कहता हूं यूनिफॉर्म सिविल कोड, लेकिन कांग्रेस ने इसे लागू नहीं किया। उत्तराखंड में भाजपा सरकार आने के बाद यूसीसी डंके की चोट पर लागू हुआ।

अब बंगाल के दक्षिण 24 परगना में भड़की हिंसा

पुलिस से भिड़े आईएसएफ कार्यकर्ता,गाड़ियों में तोड़फोड़ और आगजनी

कोलकाता पश्चिम बंगाल के भांगर इलाके में हिंसा हुई है। स्थिति उस वक्त तनावपूर्ण बन गई जब आईएसएफ (इंडियन सेक्युलर फ्रंट) के समर्थकों को कोलकाता की ओर मार्च करने से रोक दिया गया। पुलिस द्वारा रास्ता रोके जाने पर प्रदर्शनकारी उग्र हो गए, जिसके बाद पुलिस और समर्थकों के बीच झड़प हो गई। हालात काबू में लाने के लिए पुलिस को बल प्रयोग कर भीड़ को तितर-बितर करना पड़ा। वीडियो में पुलिस की एक गाड़ी क्षतिग्रस्त नजर आ रही है और कई दोपहिया वाहन जलते हुए दिखाई दे रहे हैं।

जानकारी के मुताबिक, वक्फ संशोधन कानून के खिलाफ कोलकाता में प्रदर्शन के लिए आ रहे इंडियन सेक्युलर फ्रंट के समर्थकों से भरी बसों को रास्ते में ही रोक दिया गया था। वक्फ कानून के खिलाफ पश्चिम बंगाल के मालदा, मुर्शिदाबाद सहित कई जिलों में व्यापक हिंसा देखी गई है, और इसको लेकर सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस और भाजपा एक-दूसरे पर हिंसा भड़काने के आरोप लगा रहे हैं। आईएसएफ राज्य विधानसभा में तृणमूल और भाजपा के अलावा एकमात्र प्रतिनिधित्व रखने वाली पार्टी है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, पुलिस ने जब भांगर से आ रहे उनके वाहनों को कोलकाता के रामलीला मैदान की ओर बढ़ने से रोक दिया तब ड्रुस्न कार्यकर्ताओं ने बसंती एक्सप्रेसवे को जाम कर दिया।

कर्नाटक में जातिगत जनगणना की रिपोर्ट से खफा, वोक्कालिगा और लिंगायत

रिपोर्ट को लेकर कांग्रेस के अंदर भी असंतोष की लहर

बेंगलुरु। कर्नाटक में जातिगत जनगणना की रिपोर्ट सार्वजनिक होने से पहले ही प्रदेश की सियासत में जबरदस्त हलचल शुरु हो गई है। रिपोर्ट के कुछ आंकड़ों के लीक होते ही राज्य की दो प्रमुख जातियों वोक्कालिगा और लिंगायत में बैचेनी दिख रही है। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने 17 अप्रैल को रिपोर्ट पर विशेष कैबिनेट बैठक बुलाई है, लेकिन यह अब महज प्रशासनिक मामला नहीं रहा, बल्कि कांग्रेस सरकार के लिए एक बड़े राजनीतिक मोड़ में बदल गया है। रिपोर्ट के अनुसार, राज्य की सबसे बड़ी आबादी मुस्लिम समुदाय की है, इसके बाद अनुसूचित जातियों और जनजातियों हैं। वहीं, अब तक सत्ता संतुलन में अहम भूमिका निभाने वाली वोक्कालिगा और लिंगायत जातियों की जनसंख्या अपेक्षाकृत कम दिखाई गई है। इसकारण इन जातियों में असंतोष तेजी से उभर रहा है और कांग्रेस के भीतर भी मतभेद होने लगे हैं। डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार, जो खुद वोक्कालिगा जाति से आते हैं, इस रिपोर्ट को लेकर असहज दिख रहे हैं। वहीं, लिंगायत समुदाय से आने वाले उद्योग मंत्री एमबी पाटिल ने आंकड़ों को खारिज कर दावा किया है कि उनकी जाति की संख्या एक करोड़ से अधिक है, जबकि रिपोर्ट में यह आंकड़ा काफी कम है। रिपोर्ट में आरक्षण को 50 प्रतिशत से बढ़ाकर 73.5 प्रतिशत करने का प्रस्ताव रखा गया है, जिसमें एससी के लिए 15 प्रतिशत और एसटी के लिए 7.5 प्रतिशत शामिल हैं। वोक्कालिगा और लिंगायत समुदायों को अलग-अलग श्रेणियों में क्रमशः 7 और 8 प्रतिशत आरक्षण दिया गया है, लेकिन वर्गीकरण को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। बीजेपी ने रिपोर्ट को कांग्रेस की तुष्टिकरण नीति करार देकर आरोप लगाया है कि मुस्लिमों को बहुसंख्यक बताकर वोट बैंक साधने की कोशिश हो रही है। वोक्कालिगा संघ और वीरशैव महासभा जैसे संगठनों ने रिपोर्ट जारी होने पर विरोध की चेतावनी दी है। 16 अप्रैल को मठ प्रमुखों की बैठक में अगली रणनीति तय की जाएगी। कांग्रेस एक तरफ सामाजिक न्याय के नाम पर नए वोट बैंक को साधना चाहती है, तो दूसरी ओर पुराने समर्थकों को नाराज करने का खतरा भी मोल ले रही है।

यूपी में गुंडाराज कायम, करछना में दलित की हत्या व जलाने की घटना निंदनीय

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने की योगी सरकार से दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग

प्रयागराज , कांग्रेस के यूपी प्रदेश अध्यक्ष अजय राय सोमवार को प्रयागराज पहुंचे। यहां करछना में हुई दलित की हत्या और जलाने के मामले में उन्होंने मीडिया से बातचीत में कहा कि मैं आज बाबा साहेब अंबेडकर की जयंती है और इसके एक दिन पहले प्रयागराज में एक दलित की बेरहमी से हत्या कर दी जाती है, इसकी जितनी भी निंदा की जाए कम है।

आज योगी सरकार में यूपी में गुंडाराज कायम है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस मांग करती है कि पीड़ित परिवार को 50 लाख रुपए दिए जाएं, पक्का घर और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए। राय ने कहा सर्वोच्च न्यायालय ने अपने फैसले में कहा था कि यूपी में कानून व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं है। आज यह साबित हो गया है कि यूपी में पूरी तरह से गुंडाराज कायम है। उन्होंने कहा कि संघ प्रमुख मोहन भागवत से कहना चाहूंगा कि सीएम योगी से इस्तीफा लेकर उनको मठ में भेजें। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी दलितों के साथ हमेशा खड़ी थी और आज भी दलितों के साथ खड़ी है। राय ने इलाहाबाद हाई कोर्ट के पास स्थित अंबेडकर प्रतिमा पर माल्यार्पण भी किया। इसके बाद करछना के लिए रवाना हो गए, वहां पर पीड़ित परिवार से मिले। उनके इलाहाबाद के कांग्रेस सांसद उज्जवल रमण सिंह समेत कांग्रेस के अन्य पदाधिकारी मौजूद थे कांग्रेस सांसद उज्वल रमन सिंह ने अपने फेसबुक पेज पर लिखा करछना में दलित देवी शंकर को जला कर मार डालने की घटना ने पूरे मानवता को झकझोर दिया है। यह न सिर्फ़ अत्यंत दुखद है, बल्कि बेहद निंदनीय भी है। मैं योगी सरकार से मांग करता हूं कि इस अमानवीय कृत्य के लिए दोषियों को कठोर सज़ा दी जाए और मृतक देवी शंकर के परिवार को 50 लाख की आर्थिक सहायता तत्काल प्रदान की जाए। यह सिर्फ़ एक व्यक्ति की नहीं, पूरे समाज की लड़ाई है। हम चुप नहीं बैठेंगे। न्याय दिलाकर ही रहेंगे।-----

73 साल से अदालत में तारीख पर तारीख, 1353 मुकदमे 50 साल से ज्यादा पुराने

नई दिल्ली भारत की अदालतों में 73 साल पुराना एक मामला लंबित है। 1153 ऐसे मामले हैं। जो 50 साल से अधिक समय से लंबित हैं। तीसरी पीढ़ी अब कोर्ट में मुकदमों को लड़ रही है। जिन्होंने मुकदमे दायर किए थे। वह परलोक सिधार गए हैं। अब उनके वंशज भारतीय अदालतों में न्याय पाने की लड़ाई विरासत के रूप में लड़ रहे हैं। कहा जाता है, जो न्याय देर से मिले वह न्याय नहीं, अन्याय होता है। जो न्याय समय पर मिल जाए, उसे ही न्याय माना जाना चाहिए। भारतीय अदालतों में अब न्याय के नाम पर अन्याय ही हो रहा है। अदालतों की महंगी फीस, वकीलों की महंगी फीस, कोर्ट कचहरी के चक्कर लगाते लोगों की घर संपत्ति बिक रही है। इसके बाद भी उन्हें न्याय नहीं मिल पा रहा है।

जो मुकदमे न्यायालय में लंबित हैं। उनमें पक्षकारों की मौत हो चुकी है। उनके जो गवाह थे। उनकी भी मौत हो चुकी है। सिविल मुकदमा तीसरी पीढ़ी अब अदालतों में लड़ाई लड़ रही है। कुछ आपराधिक मामले भी हैं। जो पिछले कई दशकों से लंबित हैं।

मुकदमों के बारे में ऑनलाइन रिकॉर्ड रखने वाली नेशनल ज्यूडिशरी डाटा ग्रेड से मिली जानकारी के अनुसार सबसे ज्यादा पुराने लंबित मामले पश्चिम बंगाल के हैं। 438 मामले 50 साल से ज्यादा पुराने हैं। राजस्थान में 12 मामले 50 साल से ज्यादा पुराने हैं। वहीं मध्य प्रदेश में तीन मुकदमे 50 वर्ष से ज्यादा के लंबित हैं।

पंजाब में आ चुके हैं 50 बम वाले बयान पर घिरे कांग्रेस नेता

मान ने मांगे सबूत, बाजवा पर एफआईआर दर्ज

चंडीगढ़, पंजाब विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस नेता प्रताप सिंह बाजवा अपने विवादास्पद बयान- पंजाब में 50 बम आ चुके हैं को लेकर विवादों में घिर गए हैं। बाजवा के इस दावे के बाद सीएम भगवंत मान ने बाजवा से बयान के पीछे का स्रोत बताने की मांग की थी। बाजवा द्वारा स्रोत न बताने पर एफआईआर दर्ज कर ली गई है।

बता दें एक टीवी कार्यक्रम में बाजवा ने दावा किया था कि उन्हें जानकारी मिली है कि पंजाब में 50 बम आ चुके हैं, जिनमें से 18 बम फट चुके हैं और 32 बचे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि पुलिस अब लोगों को नहीं, खुद को बचाने में

लगी है। उनके इस बयान के बाद काउंटर इंटेलिजेंस की एआईजी ने बाजवा से पूछताछ की। बाजवा ने साफ कहा कि मैं अपने स्रोत का खुलासा नहीं करूंगा, लेकिन पुलिस से असहयोग नहीं है। अगर सीएम मामला दर्ज करना चाहते हैं, तो करा सकते हैं।

उन्होंने कहा कि 1987 में उनके पिता की हत्या हुई थी और 1990 में उन पर बम हमला हुआ था। उन्होंने यह भी कहा कि एक वरिष्ठ अधिकारी ने मुझे बताया कि मैं भी निशाने पर हूं। इसलिए, मैं सावधानी बरत रहा हूं। सीएम भगवंत मान ने इस बयान को पंजाब में दहशत फैलाने की साजिश करार देते हुए कहा कि बाजवा या तो सबूत पेश करें या फिर कार्रवाई के लिए तैयार रहें। उन्होंने दावा किया कि बाजवा के पाकिस्तान में सक्रिय पंजाब विरोधी ताकतों से पारिवारिक संबंध हैं और उन्हें वहीं से इस तरह की तकहीन और आधारहीन जानकारी मिलती है।

सीएम मान ने सवाल उठाया कि क्या बाजवा बम फटने का इंतज़ार कर रहे थे ताकि वे इसका राजनीतिक फायदा उठा सकें? सीएम मान ने कांग्रेस नेतृत्व से अपील की है कि ऐसे नेताओं पर सख्त कार्रवाई करें जो फूट डालने वाली ताकतों

गुजरात में 1800 करोड़ की 300 किलो ड्रग्स जब्त

पोबंदर से 190 किमी दूर समुद्र में फेंककर भागे तस्कर; पाकिस्तानी बोट होने की आशंका

पोबंदर गुजरात में इंडियन कोस्ट गार्ड ने 300 किलो ड्रग्स जब्त की है, जिसकी कीमत करीब 1,800 करोड़ रुपए बताई जा रही है। जब्त ड्रग्स मेथामफेटामाइन हो सकता है। गुजरात एंटी-टेररिस्ट स्क्वाड और कोस्ट गार्ड ने 12-13 अप्रैल की रात ज्वाइंट ऑपरेशन के तहत पोरबंदर से 190 किमी दूर समुद्र से ड्रग्स की खेप को पकड़ा है।

दरअसल, गुजरात एटीएस से मिली जानकारी के बाद कोस्ट गार्ड ने अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा की ओर सर्च के लिए जहाज भेजा था। अंधेरे के बीच कोस्ट गार्ड की टीम ने एक बोट को स्पॉट किया। टीम ने बोट सवारों को पहचान बताने को कहा। इससे घबराए तस्करों ने ड्रग्स को समुद्र में फेंका और अंतरराष्ट्रीय सीमा पार कर भाग निकले। कोस्ट गार्ड टीम ने समुद्र में फेंकी गई ड्रग्स की खेप को रेस्क्यू बोट की मदद से बाहर निकाला। बोट का कनेक्शन पाकिस्तान से होने की आशंका है। फिलहाल जांच के लिए, जब्त की गई ड्रग्स को पोरबंदर में एटीएस को सौंप दिया गया है।

संक्षिप्त खबरें

सेंको गोल्ड के नए आफर

नई दिल्ली। ज्वेलरी ब्रांड सेंको गोल्ड एंड डायमंड्स ने दुनिया के टॉप 100 लग्ज़री ब्रांड्स की लिस्ट में जगह बनाई है। इस विशेष अवसर पर कंपनी ने 'बैंगल उत्सव'' की शुरुआत की है, साथ ही पोइला बोइशाख और अक्षय तृतीया जैसे शुभ अवसरों के लिए विशेष ऑफर्स भी लांच किए हैं। कंपनी के एमडी और सीईओ सुवांकर सेन ने कहा, 'बैंगल उत्सव में हमने 100 से भी अधिक नई डिज़ाइन्स पेश की हैं, जिनमें कंगन, ब्रेसलेट, चार्म्स, चूड़, बाला, पोला और शाखा शामिल हैं। ये डिज़ाइन्स गोल्ड, डायमंड और प्लेटिनम में उपलब्ध हैं और हर बजट और पसंद को ध्यान में रखकर तैयार की गई हैं।

आईकू की ज़ेड10 सीरीज

नई दिल्ली। आईकू ने भारत में अपनी लेटेस्ट सीरीज आईकू ज़ेड10 और आईकू ज़ेड 10 एक्स लांच की है। अत्याधुनिक परफॉर्मेंस और शानदार इनोवेशन के साथ पेश की गई यह सीरीज़ खासतौर पर कॉलेज छात्रों के लिए तैयार की गई है, जो पावरफुल कनेक्टिविटी, इमर्सिव एंटरटेनमेंट और पूरे दिन भर भरोसेमंद परफॉर्मेंस की तलाश में हैं। ज़ेड10 सीरीज पर आईकू के सीईओ निपुण मार्या ने कहा जो लोग टेक्नोलॉजी के शौकीन हैं और परफॉर्मेंस को सबसे ज़्यादा अहमियत देते हैं वे आईकू पर भरोसा करते हैं कि वह हमेशा बेहतरीन इनोवेशन लाए।

पोकर शोडाउन 17 तक

नई दिल्ली (वि.)। गोवा में रविवार को राष्ट्रीय पोकर चैंपियनशिप का शुभारंभ हुआ। यह चैंपियनशिप 17 अप्रैल तक चलेगी। इस प्रतिस्पर्धा में उत्तर प्रदेश के विख्यात अहलावत भी हिस्सा लेंगे। अहलावत ने 2025 राष्ट्रीय पोकर सीरीज़ इंडिया के शीर्ष खिलाड़ियों में अपना स्थान पक्का किया था। 39.41 लाख रुपये की कुल जीत और 4 पदकों की शानदार उपलब्धि, जिसमें 2 स्वर्ण और 2 रजत पदक शामिल हैं, के साथ विख्यात ने भारतीय पोकर खिलाड़ियों में अपनी खास पहचान बनाई और अपने गृह राज्य को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया। अहलावत पांच दिनों के राष्ट्रीय पोकर चैंपियन शोडाउन में उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे।

अमेजन पर ज्यादा भाषाएं

नई दिल्ली। अमेज़न क्यू डेवलपर में अब ज्यादा भाषाओं की सपोर्ट मिलेगी। कंपनी द्वारा विज्ञप्ति में बताया गया कि अमेज़न क्यू डेवलपर पूरी दुनिया में डेवलपर्स द्वारा आर्किटेक्चर पर बातचीत करने, डॉक्युमेंटेशन बनाने, इंटरफेस डिज़ाइन करने तथा एप्लीकेशंस का निर्माण करने के लिए एक शक्तिशाली प्लेटफॉर्म है। प्रेग्रामिंग में सबसे ज्यादा उपयोग इंग्लिश भाषा का होता है। आधुनिक सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट में कोड के अलावा भी बहुत कुछ शामिल है। पूरे विश्व के डेवलपर्स आर्किटेक्चर के निर्णयों के बारे में और ग्राहकों को सेवाएं देने वाली एप्लीकेशंस बनाने के लिए अमेज़न क्यू डेवलपर का उपयोग करते हैं।(एजेंसियां)

अमेरिकी व्यापार नीति पर अनिश्चितता से प्रभावित होगी एशियाई देशों की वृद्धि दर

■ मूडीज ने कहा, कारोबारी भरोसा टूटेगा और उपभोक्ता धारणा होगी कमजोर ■ कहा, अमेरिकी शुल्क 90 दिनों के लिए टलने से फिलहाल काबू में हैं हालात

नई दिल्ली (भाषा)।

मूडीज रेटिंग्स ने कहा है कि अमेरिकी व्यापार नीति को लेकर अनिश्चिता से कारोबारी भरोसा और उपभोक्ता धारणा कमजोर होगी, जिससे भारत और अन्य एशियाई देशों की वृद्धि पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। मूडीज रेटिंग्स ने रविवार को यह बात कही है।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चीन को छोड़कर अन्य देशों पर जवाबी शुल्क को 90 दिन के लिए टाल दिया है। हालांकि, बाकी देशों पर मूल 10 प्रतिशत का सीमा शुल्क लागू रहेगा। मूडीज रेटिंग्स की वरिष्ठ उपाध्यक्ष (साख रणनीति और निर्देशन) निकी डांग ने कहा, 'अमेरिका-चीन तनाव में बढने और चीन में सुस्ती की वजह से पड़ने वाले प्रभाव एशियाई क्षेत्र की वृद्धि की संभावनाओं के लिए महत्वपूर्ण नकारात्मक जोखिम पैदा करते हैं। भारत जैसे बड़े घरेलू बाजार वाली अर्थव्यवस्थाओं को इन बाजारों तक पहुंच चाहने वाली कंपनियों से लाभ हो सकता है, लेकिन निवेश प्रवाह में कोई भी बड़ा बदलाव कई साल के दौरान होगा।'

मूडीज की एक अन्य कंपनी मूडीज एनालिटिक्स, ने पिछले सप्ताह 2025 के कैलेंडर साल के लिए भारत की वृद्धि दर के अपने फरवरी के अनुमान को घटाकर 6.1 प्रतिशत कर दिया है। पहले उसने 6.4 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान लगाया था।

डांग ने कहा कि शुल्क पर फिलहाल रोक ने क्षेत्र के व्यापार और वृद्धि पर अतिरिक्त शुल्क के नकारात्मक प्रभाव को कम कर दिया है। हालांकि, क्षेत्र की अर्थव्यवस्थाओं को अब भी अतिरिक्त 10 प्रतिशत का शुल्क देना होगा। उन्होंने कहा, 'अमेरिकी व्यापार नीतियों के आसपास की अनिश्चितता क्षेत्र में कारोबारी भरोसे और उपभोक्ता धारणा को कमजोर करना जारी रखेगी, जिससे घरेलू मांग और वृद्धि की संभावनाएं प्रभावित हो सकती हैं। इसके अलावा, चीनी निर्यात पर अतिरिक्त शुल्क से उसकी वृद्धि दर प्रभावित होगी।'

डांग ने कहा कि शुल्क पर फिलहाल रोक से वैश्विक स्तर पर चीजें खास नहीं बदलती हैं, बल्कि व्यापारिक नीति को लेकर अनिश्चितता बढ़ जाती है, क्योंकि डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन का अमेरिका में विनिर्माण आपूर्ति श्रृंखलाओं को फिर से स्थापित करने का लक्ष्य अब भी बना हुआ है। हाल के घटनाक्रमों से पता चलता है कि वैश्विक व्यापार प्रणाली में बदलाव शुरू हो गए हैं, जो पहले विश्वास और नियम-आधारित थी। वैश्विक अर्थव्यवस्था पर इसका व्यापक प्रभाव महत्वपूर्ण हो सकता है।

भारत में निर्यातक और व्यापार विशेषज्ञ कह रहे हैं कि 90-दिन की अवधि भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर बातचीत को आगे बढाने के लिए एक महत्वपूर्ण 'खिड़की' प्रदान करती है। दोनों देश द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) पर बातचीत कर रहे हैं, जिसका उद्देश्य 2030 तक अपने व्यापार को वर्तमान के लगभग 191 अरब अमेरिकी डालर से दोगुना से अधिक करके 500 अरब डालर तक पहुंचाना है।

देश में कई मार्गों पर शुरू होंगे 'मास रैपिड ट्रांसपोर्ट' प्रोजेक्ट

■ फिलहाल नागपुर में चल रही है हरित ऊर्जा वाली पायलट परियोजना

■ राजमार्गों को मजबूत करने के लिए दो साल में होगा 10 लाख करोड़ रुपये का निवेश

नई दिल्ली (भाषा)।

नई दिल्ली (एजेंसियां)। केंद्र सरकार देश में कई मार्गों पर मास रैपिड ट्रांसपोर्ट परियोजना शुरू करने की तैयारी कर रही है। फिलहाल नागपुर में 170 करोड़ रुपये की लागत से एक 'मास रैपिड ट्रांसपोर्ट' पायलट परियोजना चल रही है।

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने यहां एक साक्षात्कार में बताया कि इस परियोजना में 135 सीटों वाली बसें शामिल हैं जो प्रदूषण नहीं फैलाने वाले ऊर्जा स्रोतों के जरिये चलाई जाएंगी। इसके अत्यधिक लागत प्रभावी होने की उम्मीद भी है। उन्होंने कहा कि अगर यह परियोजना सफल रही तो इसे बनाओ-चलाओ-स्थानांतरित करो (बीओटी) मॉडल के तहत दिल्ली-जयपुर खंड सहित देशभर के महत्वपूर्ण मार्गों पर दोहराया जाएगा।

गडकरी ने कहा कि केंद्र सरकार देशभर में राजमार्गों को मजबूत करने के लिए अगले दो साल में 10 लाख करोड़ रुपये का निवेश करने की योजना बना रही है। उन्होंने कहा कि हम पूर्वोत्तर क्षेत्र पर विशेष ध्यान देंगे, जहां की सड़कें अमेरिका की सड़कों के समान होंगी।

गडकरी ने एक साक्षात्कार में कहा कि केंद्र सरकार अगले दो साल में देश के बुनियादी ढांचे में आमूलचूल बदलाव लाने के लिए काम कर रही है, ताकि यह दुनिया में सर्वश्रेष्ठ के बराबर हो। गडकरी ने कहा, 'हम अगले दो साल में देशभर में राजमार्गों को मजबूत करने के लिए 10 लाख करोड़ रुपये की परियोजनाएं शुरू करने की योजना बना रहे हैं, जिसमें पूर्वोत्तर और सीमावर्ती क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे को बढ़ाने पर विशेष जोर दिया जाएगा।

भारत के पास खिलौना निर्यात का वैश्विक केंद्र बनने का अवसर

कोलकाता (भाषा)।

अमेरिका-चीन के बीच शुल्क युद्ध के तेज होने के साथ ही भारतीय खिलौना उद्योग के खिलाड़ी इसे एक 'सुनहरा अवसर' मान रहे हैं। उनका मानना है कि यह स्थिति भारत को विशेषरूप से अमेरिका के लिए एक प्रमुख निर्यात केंद्र के रूप में स्थापित कर सकती है। एक व्यापार संगठन के अधिकारी ने रविवार को यह बात कही।

अमेरिका ने हाल में चीन से खिलौनों के आयात पर 145 प्रतिशत का भारी शुल्क लगाया है-जो वैश्विक खिलौना व्यापार को नया आकार दे सकता है। एक अधिकारी ने कहा कि चीन, जिसके पास पहले अमेरिका के खिलौनों के आयात का लगभग 77 प्रतिशत हिस्सा था, उच्च शुल्क के कारण उसके निर्यात में महत्वपूर्ण गिरावट आने की उम्मीद है। इससे वैकल्पिक आपूर्तिकर्ताओं के लिए जगह खुल जाएगी।

बैंकों ने अवैध लेनदेन वाले खाते जब्त करने का अधिकार मांगा



नई दिल्ली (भाषा)। फर्जी खातों के जरिये साइबर धोखाधड़ी को रोकने के लिए बैंकों ने अवैध लेनदेन में शामिल खातों को जब्त करने का अधिकार मांगा है। उनका कहना है कि अधिकारियों से अनुमति लेने में कीमती समय बर्बाद किए बिना तेजी से कदम उठाने के लिए ऐसा जरूरी है। बैंक आंतरिक कारणों के आधार पर खातों को जब्त करते हैं। हालांकि, धन शोधन रोधक अधिनियम (पीएमएलए) के अनुसार उनके पास अदालत या कानून प्रवर्तन एजेंसियों (एलईए) से मंजूरी लिए बिना ग्राहक खातों को जब्त करने का अधिकार नहीं है।

भारतीय बैंक संघ के एक कार्यसमूह ने अपनी रिपोर्ट में कहा, 'इसके मद्देनजर, हम भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) को सुझाव दे सकते हैं कि वह आगे इस पर विचार करे।' धोखेबाज बैंकिंग प्रणाली के जरिये अवैध रूप से धन की हेराफेरी करने के लिए फर्जी खातों का उपयोग करते हैं। बैंक हर साल ऐसे हजारों खातों को जब्त करते हैं, लेकिन धोखेबाज प्रणाली में खामियों का फायदा उठाकर जल्दी से नए खाते बना लेते हैं।

बैंकों ने स्थायी खाता संख्या या पैन की अनुपस्थिति में मतदाता पहचान पत्र और फॉर्म 60 का उपयोग करके खाते खोलने वाले व्यक्तियों को सत्यापित करने के लिए चुनाव आयोग के आंकड़ों का उपयोग करने और ऐसे खातों पर लेनदेन की संख्या को सीमित करने का प्रस्ताव दिया है। रिपोर्ट में सुझाव दिया गया है कि कृत्रिम मेधा (एआई) और मशीन लर्निंग (एमएल) को लेनदेन निगरानी प्रणालियों से जोड़ा जा सकता है।

आयात पर निर्भरता कम करे निर्माण उद्योग : गोयल

नई दिल्ली (भाषा)। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने रविवार को निर्माण उद्योग से आयात पर निर्भरता कम करने, स्वच्छ एवं हरित निर्माण पर ध्यान केंद्रित करने तथा भूकंपरोधी एवं मॉड्यूलर अवसंरचना की दिशा में काम करने को कहा। मॉड्यूलर अवसंरचना से आशय एक ऐसे ढांचे से है जहां व्यक्तिगत कलपुर्जों और आसानी से जोड़ा और संयोजित किया जा सकता है, जिससे बड़ी प्रणालियां बनाई जा सकती हैं।

गोयल ने दिल्ली में रसायन एवं संबद्ध उत्पाद निर्यात संवर्धन परिषद (कैपेक्सिल) के 'वाइब्रेंट बिल्डकॉन-2025' के पहले संस्करण के उद्घाटन के दौरान कहा कि आवास, बुनियादी ढांचा, वाणिज्यिक अचल संपत्ति, रेलवे, हवाई अड्डे, राजमार्ग और ऊर्जा जैसे क्षेत्र देश की आर्थिक वृद्धि को बढावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा, 'सीमेंट और इलेक्ट्रिकल्स से लेकर सुरक्षा प्रणालियों और स्वचालन तक हर तत्व इस पारिस्थितिकी तंत्र में एक भूमिका निभाता है।' गोयल ने कहा कि 20 नए स्मार्ट औद्योगिक शहरों, 50 गंतव्यों में बेहतर पर्यटन बुनियादी ढांचे और 100 नए औद्योगिक 'प्लग-एंड-प्ले' (उपयोग के लिए तैयार) केंद्रों सहित सरकार की पहल से भारत को आज 4,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था से 2047 तक 30-35 हजार अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने में मदद मिलेगी।

बजाज आलियांज का समग्र सुरक्षा समाधान

नई दिल्ली (एजेंसी)।

बजाज आलियांज लाइफ ने सुपरवुमेन टर्म लांच किया है, जो विशेष रूप से महिलाओं के लिए एक समग्र सुरक्षा समाधान है।

यह जानकारी देते हुए कंपनी के एमडी एवं सीईओ तरुण चुघ बजाज ने कहा कि यह अभिनव समाधान पारंपरिक जीवन बीमा से कहीं आगे जाकर न केवल टर्म इंश्योरेंस लाभ देता है, बल्कि महिलाओं से जुड़ी विशेष बीमारियों के लिए क्रिटिकल इलनेस बेनिफिट्स का कवरेज भी देता है। साथ ही एक वैकल्पिक चाइल्ड केयर लाभ, और स्वास्थ्य प्रबंधन सेवाएं भी देता है, जो महिलाओं और उनके परिवारों के लिए समग्र सुरक्षा सुनिश्चित करता है।

भारत में निवेशकों के लिए काफी अवसर

■ विशेषज्ञों ने कहा, निवेशकों को वित्तीय योजनाओं पर टिके रहने की जरूरत

नई दिल्ली (भाषा)।

वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच बाजार विशेषज्ञों का मानना है कि भारत माध्यम से लंबी अवधि के लिहाज से आकर्षक और काफी अवसरों वाला मजबूत बाजार है तथा निवेशकों को मौजूदा हालात से घबराने के बजाय अपनी दीर्घकालीन वित्तीय योजनाओं पर टिके रहने की जरूरत है। इसके साथ निवेशक निवेश राशि को एक जगह लगाने के बजाय बांड, सोने, सावधि जमा समेत अन्य क्षेत्रों पर लगाने पर गौर कर सकते हैं।

अमेरिका के शुल्क लगाने की घोषणा के बाद हाल में शेयर बाजार में भारी उतार-चढ़ाव के साथ म्यूचुअल फंड में विशेषकर इक्विटी से जुड़े रिटर्न पर भी असर पड़ा है। वहीं सोने के रिकार्ड ऊंचाई पर पहुंचने से निवेशक इसमें नए निवेश से बच रहे हैं।

इन परिस्थितियों में निवेशकों के पास

निवेश के विकल्प के बारे में पूछे जाने पर आनंद राठी शेयर्स एंड स्टॉक ब्रोकर्स के प्रमुख (निवेश उत्पाद) अमर रानू ने कहा, 'उथल-पुथल से भरी दुनिया में, भारत एक ऐसा बाजार है, जो स्थिर और अवसरों से भरा है। अनुकूल राजकोषीय और मौद्रिक नीति के साथ विशेष रूप से विविध और अनुशासित रणनीतियों के माध्यम से, दीर्घकालिक निवेशकों के लिए भरोसे के साथ पूंजी लगाने के लिए माहौल अनुकूल है। मौजूदा हालात में चुनिंदा बांड में निवेश, सुरक्षा के लिए सोने और शेयरों में एसआईपी सबसे अच्छे उपाय हो सकते हैं।'

यूनियन एसेट मैनेजमेंट कंपनी प्राइवेट लि. के इक्विटी प्रमुख संजय बेम्बालकर ने कहा, 'हमारा मानना है कि वैश्विक व्यापार और अर्थव्यवस्था के नजरिये से भारत आकर्षक स्थल बना हुआ है।

कारपोरेटनामा

पीएंडएसबी ने मुद्रा शिविर आयोजित किया

नई दिल्ली (वि.)। पंजाब एंड सिंध बैंक अंचल गुरूग्राम ने उद्यमियों को सशक्त बनाने वाली मुद्रा योजना के 10 वर्ष पूरे होने पर मुद्रा शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया। पंजाब एंड सिंध बैंक के आंचलिक कार्यालय गुरूग्राम ने प्रधानमंत्री मुद्रा योजना की 10वीं वर्षगांठ मनाते हुए मुद्रा शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया। इस अवसर पर आंचलिक प्रबंधक गगनदीप सिंह (एजीएम) के मार्गदर्शन में प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के तहत छोटे उद्यमियों को वित्तीय सहायता प्रदान करने और स्वरोजगार को बढ़ावा देने का लक्ष्य रखा गया। यह शिविर गुड़गांव अंचल के अंतर्गत फरीदाबाद, मथुरा, आगरा, हिसार, रोहतक, रेवाड़ी, अलीगढ़ आदि जिलों की विभिन्न शाखाओं में आयोजित किया गया। इस विशेष शिविर का उद्देश्य इच्छुक उद्यमियों के लिए आवेदन प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाना और प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के तहत ऋण तक आसान पहुंच सुनिश्चित करना था। इस शिविर में स्थानीय विक्रेताओं और छोटे व्यापारियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया।

बायर्स सेलर्स मीट का आयोजन

नई दिल्ली (वि.)। एनर्जी-एफिशियंट सीलिंग फैन के विशाल स्तर पर उपयोग को बढ़ावा देने के लिए अलायंस फॉर एन एनर्जी एफिशियंट इकॉनॉमी (एईईई) और सीएलएएसपी ने पिछले दिनों लखनऊ में एक बायर-सेलर्स मीट का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में खरीदारों और सीलिंग फैन निर्माताओं को सीधे संपर्क करने का अवसर प्रदान किया गया, जिससे उनके बीच वास्तविक लेन-देन को प्रोत्साहन मिला। इस कार्यक्रम ने सरकारी विभागों, सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयों, राज्य-नामित एजेंसियों, रियल एस्टेट डेवलपर्स, शैक्षणिक और स्वास्थ्य संस्थानों, डिस्कॉम्स और वित्तीय संस्थानों के प्रतिनिधियों सहित प्रमुख हितधारकों को ऊर्जा दक्ष पंखों की उपलब्धता और उनके लाभों के प्रति प्रभावी रूप से जागरूक किया। इस मौके पर डॉ. सतीश कुमार, प्रेसिडेंट एवं एग्ज़िक्यूटिव डायरेक्टर, एईईई ने कहा, 'इस प्लेटफॉर्म ने जागरुकता बढ़ाने के साथ बाजारों का भी निर्माण किया है। नेहा ढींगरा, डायरेक्टर, सीएलएएसपी ने कहा, 'मांग का एग्रीगेशन किफायती और एनर्जी एफिशियंट उपकरणों को बड़े स्तर पर अपनाने में तेजी लाने का एक प्रमाणित टूल है।

सोनाटा ने पेश किया नया वेडिंग कलेक्शन

नई दिल्ली (वि.)। सोनाटा नया वेडिंग कलेक्शन पेश करने का ऐलान किया है। 'ड्रीम टुगेदर' के विषय पर आधारित यह कलेक्शन वेडिंग घड़ियों के बेहतरीन गंतव्य के रूप में ब्राण्ड की स्थिति को और मजबूत बनाता है। लांच के अवसर पर प्रतीक गुप्ता, मार्केटिंग हैड, सोनाटा ने कहा कि आज के महत्वाकांक्षी लोग प्रतिबद्धता को लेकर सशंकित रहते है क्योंकि उन्हें लगता है कि इससे उनके व्यक्तिगत विकास में रूकावट आएगी। हालांकि साझेदारियां बड़े सपनों का मार्ग प्रशस्त करती है, उन्हें सीमित नही करतीं। सोनाटा में हम समझते है कि शादी दो भविष्यों के मिलन का प्रतीक है।

बड़ौदा स्वरोजगार संस्थान ने लगाया स्टाल

नई दिल्ली (वि.)। पिछले दिनों बिठूर में आयोजित बिठूर महोत्सव में बैंक आफ बड़ौदा के बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान, मारियानी चौबेपुर ने भी हिस्सा लिया। इस मौके पर महोत्सव में उपस्थित लोगों को संस्थान के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इसके अलावा लोगों को संस्था में दी जाने वाली विभिन्न प्रकार की ट्रेनिंग के बारे में भी बताया गया। संस्थान ने यहां जारी विज्ञप्ति में कहा कि हमारे संस्थान के प्रशिक्षार्थी के द्वारा बनाए गए सामान के बारे में बिठूर महोत्सव में उपस्थित लोगों को जानकारी दी गई जिसे लोगों ने काफी पसंद भी किया। इस अवसर पर महोत्सव में कईं कार्यक्रम भी आयोजित किए गए।

सिट्रोएन इंडिया की नई रेंज लांच

नई दिल्ली (वि.)। सिट्रोएन इंडिया ने अपनी अब तक की सबसे स्टाइलिश रेंज सिट्रोएन डार्क एडिशन के लॉन्च की घोषणा की है। यह एक एक्सक्लूसिव और सीमित कलेक्शन है, जो सी3, एयरक्रॉस, और बासाल्ट एसयूवी कूपे के टॉप वेरिएंट्स में उपलब्ध होगा। इस एडिशन की कीमतें मौजूदा टॉप वेरिएंट्स की कीमतों से अतिरिक्त 19,500 से शुरू होती हैं। क्रिकेट जगत के दिग्गज खिलाड़ी और सिट्रोएन के ब्रांड एंबेसडर महेंद्र सिंह धोनी ने इस नये डार्क एडिशन को लांच किया और सीरीज से पहले बेसाल्ट डार्क एडिशन की पहली डिलीवरी भी ली। सिट्रोएन इंडिया के ब्रांड निदेशक शिशिर मिश्रा ने कहा, 'डार्क एडिशन शानदार स्टाइल के साथ बोल्ड डिजाइन को शामिल करने और भारतीय उपभोक्ताओं की बदलती पसंद के लिए हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

डेटॉल का अभियान संपन्न

नई दिल्ली (वि.)। स्वास्थ्य, स्वच्छता और पोषण के क्षेत्र में अग्रणी वैश्विक कंपनी रेकिट ने अपने प्रमुख कार्यक्रम 'डेटॉल बनेगा स्वस्थ इंडिया' के अंतर्गत ओएचओ हिल यात्रा सीजन 4 का भव्य समापन किया। इस अवसर पर देहरादून में आयोजितक कार्यक्रम में उत्तराखंड के माननीय मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी मौजूद थे। रेकिट साउथ एशिया के कार्यकारी उपाध्यक्ष गौरव जैन ने कहा रेकिट में हमारा मानना है कि आने वाली पीढ़ी को सशक्त बनाकर ही हम एक टिकाऊ और जलवायु के प्रति सजग भविष्य की नींव रख सकते है। शिक्षा, जैव विविधता संरक्षण की समझ बढ़ाने और सतत विकास की भावना विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

पीएनबी ने 34 नए उत्पाद लांच किए

नई दिल्ली (वि.)। पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) ने अपना 131वां स्थापना दिवस मनाया। इस मौके पर बैंक ने 34 नए उत्पाद लांच किए। द्वारका में पीएनबी मुख्यालय में आयोजित समारोह में एम. नागराजू (डीएफएस सचिव), अशोक चंद्र (पीएनबी एमडी एवं सीईओ), पीएनबी के ईडी कल्याण कुमार, एम. परमशिवम, बिभू प्रसाद महापात्र और डी. सुरेन्द्रन उपस्थित थे। इस मौके पर एम. नागराजू, सचिव, वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस), ने नवोन्मेषी उत्पादों की पेशकश के लिए पीएनबी की सराहना की। पीएनबी के एमडी और सीईओ श्री अशोक चंद्र ने हितधारकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पीएनबी भारत के विकास में एक आधारशिला रहा है, जो हर क्षेत्र में ऋण प्रदान करता है और पूरे देश में वित्तीय समावेशन सुनिश्चित करता है। पीएनबी के 131वें स्थापना दिवस पर 34 नए बैंकिंग उत्पादों और सेवाओं की शुरुआत की गई, जिसमें 12 ग्राहक-केंद्रित जमा योजनाएं और 10 डिजिटल परिवर्तन उत्पाद शामिल है।

अप्रैल में बारिश का असर एसी बिक्री पर

नई दिल्ली (भाषा)। दक्षिण भारत में रुक-रुक कर हो रही बारिश तथा उत्तर और पूर्वी क्षेत्रों के कुछ भागों में मध्यम वर्षा के साथ हाल ही में आए तूफान ने अप्रैल में घर में इस्तेमाल होने वाले रूम एयर कंडीशनर (एसी) की बिक्री की गति धीमी कर दी है। हालांकि, उद्योग को इस साल अब भी इस खंड में दहाई अंक की वृद्धि की उम्मीद है, क्योंकि हाल के मौसम पूर्वानुमानों में तीव्र गर्मी का संकेत दिया गया है। ब्लू स्टार, सैमसंग और हायर जैसी एसी कंपनियां भी अप्रैल से कीमतों में पांच प्रतिशत तक वृद्धि करने जा रही हैं। यह मूल्यवृद्धि व्यापक आर्थिक अस्थिरता के बीच मुद्रा विनिमय में उतार-चढ़ाव और कच्चे माल की कीमतों में बढ़ोतरी के प्रभाव को कम करने के लिए है। इसके अलावा, रूम एसी उद्योग अभी भी मुख्य रूप से चीन से कंप्रेशर, पीसीबी और पंखा मोटर जैसे महत्वपूर्ण कलपुर्जों के आयात पर निर्भर है, और अमेरिका के डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन द्वारा शुरू किए गए शुल्क गतिरोध को लेकर चिंतित है।

गोदरेज अप्लायंसेज के कारोबार प्रमुख और कार्यकारी उपाध्यक्ष कमल नंदी ने कहा कि अब तक आरएसी (रूम एसी) की बिक्री पर मौसम का मिलाजुला असर देखने को मिला है। नंदी ने कहा, 'अगर आप दक्षिणी बाजार को देखें तो बीच-बीच में बारिश हो रही है।इससे एयर कंडीशनर की कुल बिक्री पर निश्चित रूप से असर पड़ेगा।' हायर इंडिया के अध्यक्ष एन. सतीश ने कहा, 'हम 15 अप्रैल से आरएसी की कीमत में चार से पांच प्रतिशत की वृद्धि करने जा रहे हैं।' ब्लू स्टार के प्रबंध निदेशक बी त्यागराजन ने कहा, 'कच्चे माल और विनिमय दर के कारण हम पहले ही कीमतों में पांच प्रतिशत तक की वृद्धि कर चुके हैं। हम ऐसा करने वाली पहली कंपनी हैं।'

एनएसई में निवेशकों की संख्या 22 करोड़ हुई

नई दिल्ली (एजेंसी)। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) में निवेशकों के कुल खाते यानि यूनिक क्लाइंट कोड्स (यूसीसी) की संख्या 22 करोड़ के पार पहुंच गई। अक्टूबर 2024 में 20 करोड़ के आंकड़े को पार करने के बाद सिर्फ छह महीनों में ही कंपनी ने यह बढ़त हासिल की है। निवेशक खातों की संख्या के मामले में महाराष्ट्र में कुल 3.8 करोड़ खाते है। इसके बाद यूपी में 2.4 करोड़, गुजरात में 1.9 करोड़ खाते हैं।

रंगोली बनाकर दिया गया जल संरक्षण का संदेश

शहडोल जल ही जीवन हैकलेक्टर डॉक्टर केदार सिंह के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में जिले में 30 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत जिले मे प्रत्येक नगरीय निकाय एवं ग्राम पंचायतों में आम जन के सहयोग से जल को सहेजन एवं संरक्षण हेतु अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत शहडोल जिले के जयसिंहनगर में जल का संरक्षण करनें एवं जल का महत्व बताने मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के सीएमसीएलडीपी बीएसडब्ल्यू छात्राओ द्वारा रंगोली बनाकर जल संरक्षण का संदेश दिया गया।

शहडोल जिले के ग्राम पंचायतो में किया गया ग्राम सभाओं का आयोजन

शहडोल मध्यप्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम के अंतर्गत प्रदेश में 14 अप्रैल 2025 से 18 अप्रैल 2025 तक ग्राम सभाओं का चरणबद्ध आयोजन किया जा रहा है। आज शहडोल जिले के जनपद पंचायत सोहागपुरए जयसिंहनगरए ब्यौहारीए गोहपारूएबुढ़ार के ग्राम पंचायतो में ग्राम सभाओं का आयोजन किया गया।

प्रयाग के उपनयन संस्कार में आशीर्वाद का तांता

मैहर। तहसीलदार बी.के मिश्रा के चिरंजीव प्रयाग गौतम का उपनयन संस्कार सोमवार को मैहर के निज निवास देवधरा से किया गया। उपनयन संस्कार का उत्सव काफी उत्साह के साथ किया गया। व्रतबंध होने के बाद शाम को बरुआ रिसाया जो देवधरा के शिव मंदिर तक गया और वहीं लड़के के मामा द्वारा मनाकर वापस घर लाया गया।

जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत किए जा रहे कार्य

शहडोल बूंद.बूंद में छिपा है जीवन का सारा् शहडोल जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत प्रत्येक ग्राम पंचायतो में जल संरक्षण के कार्य करए जा रहे हैं। जल गंगा संवर्धन अभियान जल के एक एक बूंद को सहेजने के लिए 30 जून 2025 तक अभियान चलाया जा रहा है। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत शहडोल के ग्राम कुमारी में बरसात के जल का संचयन करने हेतु सफाई का कार्य किया गया। इसी प्रकार ग्राम खाम्हीडोल में तालाब के जीर्णोद्धार के कार्य किए

16 अप्रैल को आयोजित की जाएगी कलेक्टर कान्फ्रेंस

शहडोल कमिश्नर कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार 16 अप्रैल 2025 को प्रातः 11ः00 से कमिश्नर कार्यालय के अमरकंटक सभागार में कलेक्टर कान्फ्रेंस आयोजित की गई है। कलेक्टर कान्फ्रेंस में राजस्व विभाग के तहत राज्य में संभाग की स्थिति आरसीएमएस के अनुसारए नामांतरण बटवारा सीमांकन के प्रकरणों की न्यायालयवार समीक्षाए नक्शा तरमीम डायवर्सन अभिलेख दुरुस्ती के प्रकरणों की समीक्षा की जाएगी।

बसों में नहीं चस्पा हुई किराया सूची

जिला परिवहन अधिकारी द्वारा मनमानी किराया वसूली को रोकने के लिए दो वर्ष पहले बसों में किराया सूची चस्पा करने के आदेश जारी किए गए थे। विडंबना तो यह है कि जिला परिवहन अधिकारी अपने आदेश का पालन दो वर्ष में भी करानें में पूरी तरह से लापरवाह रहे हैं। यदि बड़े अधिकारी जांच एवं कार्यवाही को लेकर औपचारिकताएं निभाएंगे तो निश्चित ही उसका गलत संदेश जाएगा।

दीवार लेखन कर महिलाएं बता रहीं जल का महत्व

शहडोलकलेक्टर डॉण् केदार सिंह के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में शहडोल जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान प्रगति पर है।जल गंगा संवर्धन अभियान अब जन अभियान बनता जा रहा है ।

हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान अंबेडकर जयंती पर व्याख्यान माला का आयोजन

पण्डित शंभूनाथ शुक्ला विश्वविद्यालय में डा.भीमराव अंबेडकर जयंती पर व्याख्यान माला का आयोजन किया गयाटृजिसका विषय हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान् था।

शहडोल पण्डित शंभूनाथ शुक्ला विश्वविद्यालय शहडोल परिसर में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर हमारा संविधानए हमारा स्वाभिमानष् विषयक व्याख्यान माला का आयोजन भव्य रूप से किया गया। यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय के सभागार में सम्पन्न हुआ।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के वित्त नियंत्रक आरण् एनण् सिंह ने कहा कि ष्डॉण् अंबेडकर ने भारतीय संविधान को सामाजिक न्याय की भावना से ओतप्रोत किया हैए और यह हम सभी नागरिकों का कर्तव्य है कि हम संविधान के मूल्यों का सम्मान करें और उन्हें जीवन में आत्मसात करें।कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कुलगुरु प्रोण् रामशंकर ने कहाए ष्संविधान केवल एक दस्तावेज नहीए बल्कि यह हमारे स्वाभिमान का प्रतीक है। डॉण् अंबेडकर ने जिस समावेशी समाज की कल्पना की थीए उसे साकार करने की जिम्मेदारी आज हमारे कंधों पर है।ष्बाबा साहेब का दर्शन समाज के लिए आज भी दर्पण है समाज के लिए सदैव समरसता के समर्थक कभी भी हिंसक विरोध के समर्थक नहीं थे।उनका मूल उद्देश्य भारत की आत्मा को जगाना और शिक्षित समाज के द्वारा देश को आगे ले जाना था।विशिष्ट अतिथि एवं मुख्यवक्ता डॉ. प्रियंका मार्को ने डॉ.अंबेडकर के शैक्षिक योगदानों पर प्रकाश डालते हुए कहा किज्ञान और विचारों के महासागर थेए और आज के युवाओं को उनके जीवन से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ना चाहिए।ष्उनका मानवतावादी दृष्टि कोण उन्हें पूजनीय बनाता है।शिक्षा के लिए उनके द्वारा किए गए कार्य देश के विकास में आज भी प्रासंगिक है। संविधान के निर्माण में अधिकारों की व्यापक व्यवस्था उनके दृष्टि का व्यवहारिक प्रतीक प्रतीत होता है।

विशिष्ट अतिथि डॉ. ममता प्रजापति ने अपने विचारों को रखते हुए कहा कि यह गौरव की बात है हमारे मध्यप्रदेश के महू के लाल ने भारत के निर्माण में अपने अवदान से स्वर्णिम इतिहास बनाया 32 डिग्री के साथ आठ भाषाओं का ज्ञान उन्हें महान बनाता है। उनके शिक्षा और ज्ञान के क्षेत्र पर विस्तृत प्रकाश डाला।डॉ. प्रवीण शर्मा ने अंबेडकर के आर्थिक दृष्टिकोण और सामाजिक परिवर्तन में उनके योगदान पर बात कीए और कहा उनका चिंतन हम सबको अपने जीवन में उतारना चाहिए ।वहीं डॉण् सुनीता बाथरे ने संविधान में वर्णित अधिकारों और कर्तव्यों पर विस्तृत जानकारी दी।

स्वच्छता एवं जन जागरूकता से ही होगा जलाशयों का पुनरुद्धार

सीधी जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के द्वारा पूरे जिले में जन जागरूकता, संगोष्ठी, रैली, दीवार लेखन एवं पेंटिंग के माध्यम से जल के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु समाज की सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कार्यक्रम संचालित किया जा रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की मंशानुसार जिला कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अंशुमन राज के दिशा निर्देशानुसार जिले के अंतर्गत वृहद रूप से जल गंगा संवर्धन अभियान को जन-जन का अभियान बनाने हेतु मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक शिवदत्त उरमलिया द्वारा प्रयास किया जा रहे है। इस अभियान में जन अभियान परिषद का समस्त अमला परामर्शदाता विनय तिवारी, परामर्शदाता अजीत वर्मा, रश्मि दिव्यांग सेवा समिति के पदाधिकारी, नवांकुर समिति प्रकाश जन विकास समिति सीधी के द्वारा अनेकों प्रकार की गतिविधि संचालित करके योजना को सफल एवं जन जन तक पहुंचाने का कार्य हो रहा है।

इसी क्रम में दिनांक 13 अप्रैल को विकासखंड सीधी बढ़ौरा सेक्टर 2 के बढ़ौरा नदी, बढ़ौरा मंदिर परिसर में स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किया गया। बढ़ौरा नदी में स्वच्छता कार्यक्रम के माध्यम से पड़ी हुई गंदगी एवं गाद निकालने का कार्यक्रम चौन सिस्टम मानव श्रृंखला बनाकर किया गया। विकासखड़ बढ़ौरा सेक्टर 2 के अंतर्गत बढ़ौरा पंचायत में वृहद रूप से जल संरचनाओं की स्वच्छता एवं संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में रश्मि दिव्यांग सेवा समिति के पदाधिकारी अनुराग मिश्रा, विपिन तिवारी, रश्मि तिवारी, अंशिका द्विवेदी, मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के छात्र भावना गुप्ता, अखिल पांडेय, गुंजन तिवारी, मनोज देवी, मोहित पांडेय एवं विभिन्न सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

ट्रैफिक रूल्स का करे पालनए निर्धारित गति एवं बैठक क्षमता के साथ चलाएं ऑटो

थाना यातायात में ऑटो चालकों की मीटिंग हुई आयोजित''

आज थाना यातायात में ऑटो चालकों की मीटिंग आयोजित की गईए मीटिंग में जिला परिवहन अधिकारी श्री सुरेंद्र सिंह गौतम ट्रैफिक प्रभारी ज्योति दुबे ए ऑटो यूनियन के अध्यक्ष जवाहर साहू एवं ऑटो चालक उपस्थित रहे एजिसमें को सभी को निर्देशित किया गया कि ''निर्धारित क्षमता में बैठाए सवारी'' ऑटो चालकों को बताया गया कि तीन से अधिक सवारी ना बैठाए ओवरलोडिंग दुर्घटना का कारण बनती है क्योंकि ऑटो ओवरलोड होने से ऑटो चालक की चारों तरफ के दृश्यता समाप्त हो जाती है जिससे पीछे से आने वाले वाहन दाहिनी और उपाय से क्रॉस होने वाले वाहन स्पष्ट रूप से दिखाई ना देने से चालक ऑटो को कंट्रोल नहीं कर पाते परिणाम स्वरूप दुर्घटना के शिकार होते हैं। साथ ही ब्रेकिंग कंट्रोल कम हो जाता है जिससे अचानक वाहन आने पर ऑटो चालक ऑटो को सुरक्षित ढंग से नहीं रोक पाते और एक्सीडेंट का शिकार हो जाते है।

गति सीमा का रखे ध्यान

ऑटो चालकों को बताया गया कि ऑटो या ई रिक्शा का निर्माण शहरी क्षेत्र में 30 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार पर चलने के अनुसार हुआ है। आप सभी इन्हें स्टेट हाईवे एवं नेशनल हाईवे पर ओवर स्पीड में में चलाते हैंए जिसके परिणाम स्वरूप दुर्घटना घटित हो रही है।

नारायणी शक्ति महिला मंडल ने मनाई संविधान निर्माता की जयंती

मैहर। नेहरू युवा केंद्र सतना के तत्वाधान में सेवावाहिनी समिति मैहर के नेतृत्व में मां नारायणी शक्ति महिला मंडल मैहर के सभागार में भारत रत्न भीमराव अंबेडकर की जयंती पर संगोष्ठी एवं शपथ का कार्यक्रम नारायणी शक्ति महिला मंडल प्रेमलता शुक्ला की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित महिला मंडल प्रतिनिधियों द्वारा सामाजिक समरसता के संदेश को जनता तक पहुंचाने का संकल्प लिया। प्रेमलता शुक्ला ने अपने उद्बोधन में भारतीय संविधान के निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के द्वारा समाज के अंतिम पंक्ति के शोषित वंचित लोगों की मदद करने की बात कही। प्रीति सिंह परिहार प्रशिक्षिका ने सिलाई सेंटर द्वारा भारतीय संविधान में प्रदत्त अधिकार और कर्तव्यों को आत्मसात करने की बात कही। संचालक मनोज शुक्ला द्वारा बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला गया।

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा मनाई गई डॉ. अंबेडकर जयंती

मैहर। भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा ग्राम पंचायत पोड़ी में बाबा साहब की प्रतिमा स्थल पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष प्रभात द्विवेदी ने कहा कि बाबा साहब केवल संविधान निर्माता नहीं थे बल्कि वे सामाजिक न्याय, समानता और मानव अधिकारों के पुरोधा थे। उनका जीवन संघर्ष और प्रेरणा का प्रतीक है। आज हमें उनके सिद्धांतों को अपनाकर समाज में समरसता, न्याय और भाईचारे को बढ़ावा देना है। आगे कहा कि हम सौभाग्यशाली हैं कि हमें डॉ. अंबेडकर जैसा महान विचारक और मार्गदर्शक मिला। उनका बनाया संविधान आज भी भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था की रीढ़ है। कांग्रेस पार्टी हमेशा उनके विचारों को आत्मसात करते हुए सामाजिक न्याय और समानता की लड़ाई लड़ती रही है और आगे भी लड़ती रहेगी। उपस्थित लोगों ने उनके पद चिह्नों पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थितजनों ने जय भीम के नारों के साथ एकजुटता और सामाजिक समरसता का संदेश दिया। इस अवसर पर रामसिंह बुंदेला, पंकज कुशवाहा, राजाराम कुशवाहा, सेक्टर अध्यक्ष बद्री कुशवाहा, विशाल चौधरी, राकेश चौधरी एवं मनीष चौधरी उपस्थित रहे।

सरकारी जमीन में अतिक्रमण के खिलाफशिक्षक पर हुई एफआईआर

. मामला परासी पंचायत काए सचिव की शिकायत पर हुई कार्यवाही

सीधी। जिले के मझौली जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत परासी में शासकीय भूमि पर सडक निर्माण कराने के दौरान शिक्षक रोड़ा बन गए। जिन्होने सडक निर्माण के दौरान सडक में गड्ढा खोदकर काम रोकने का प्रयास किए। सचिव की शिकायत पर मझौली पुलिस द्वारा उनके खिलाफ मामला पंजीबद्ध कर लिया है। फरियादी सचिव द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार आरोपी शिक्षक व उसके परिजन सभी निवासी ग्राम परासी चौकी मड़वास थाना मझौली जिला सीधी द्वारा शासकीय जमीन पर बन रही सडक में अवरोध पैदा किए थे। ग्राम पंचायत परासी जनपद मझौली में शासकीय भूमि पर जबरन गड्ढा खोदकर रास्ता रोकने की शिकायत पंचायत के सचिव द्वारा मझौली थाने में की गई। जिसकी शिकायत पर आरोपीगणों के खिलाफ अपराध धारा 296ए 351 ;3द्धए 3 ;5द्धए 223 भान्यास का घटित होना पाये जाने से अपराध सदर कायम कर विवेचना में लिया गया। ग्राम पंचायत भुमका अंतर्गत ग्राम परासी में नवीन स्वीकृत सडक निर्माण टिकरी.गिजवार मुख्य मार्ग से पश्चिम टोला कोलान आदिवासी बस्ती में प्रस्तावित आगनवाड़ी केंद्र तक उपरोक्त मद की स्वीकृति की अनुमति जिला पंचायत सीईओ सीधी द्वारा अपने आदेश क्रण् 3285 दिनांक 21 मार्च 2025 द्वारा जारी की गई है।

फिटनेस परमिट व बीमा की हो रही अनदेखी परिवहन विभाग की सांठ गांठ से चल रहा कारोबार

सीधी। जिले में बस सेवा एक मात्र परिवहन का साधन है जिसके द्वारा सर्वाधिक यात्रियों का आना.जाना होता है। इसके वावजूद भी सड़कों पर नियमित दौड़ रही बसों में निर्धारित नियमों का पालन नहीं किया जा रहा है। जहां कई बस मालिक परमिट फिटनेस व बीमा जैसे महत्वपूर्ण दस्तावेज भी नहीं बनवाते हैं वहीं सुविधाओं के अभाव में यात्रियों को परेशानी झेलनी पड़ती है। सड़कों पर बसें दिन.रात फर्राटा भरते दौड़ रही हैं। जबकि जिम्मेदार विभाग के नुमाइंदे अवैध वसूली कर अपनी जेब भरने में लगा रहता है। लिहाजा नियम विरूद्ध दौड़ रही बसों पर कार्रवाई नहीं की जाती है। गौरतलब है कि जिले में सैकड़ों बसों का आना.जाना बना रहता है। सड़कों पर दिन.रात दौड़ रही अधिकांश बसें नियमों को ताक पर रखकर दौड़ाई जा रही हैं। सड़कों पर चल रही इन बसों में से करीब 15.20 बर्ष से चल रहा हैं। जिनके पास निर्धारित नियम के अनुसार कोई दस्तावेज नही है ऐसी बसें सड़कों पर चलते.चलते अधूरी यात्रा में ही खराब हो जाती हैं जिससे सवारियों को काफी परेशानी झेलनी पड़ती है। उनके अलावा शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों की ओर चलने वाली बसों में यात्रियों के लिये आवश्यक सुविधाओं का अभाव है। इस कारण यात्रा पर जाने वाले सवारियों को इन बसों से यात्रा करना कष्टकारी साबित हो रहा है। फिर भी इन बसों के विरूद्ध जिम्मेदार कार्रवाई न करके बस संचालकों से अवैध वसूली करने में लगे हुये हैं। वहीं नियमित सड़कों पर दौड़ रही बसों में चिकित्सकीय सुविधा उपलब्ध नही है। प्रायरू देखा गया है कि किसी भी सवारी को साधारण चोंट लग जाने पर उसे प्राथमिक चिकित्सा के रूप में मलहम पट्टी आदि तक नहीं मिल पाती है। ऐसी स्थिति में मरीज को प्राथमिक चिकित्सा के लिये अस्पताल या निजी क्लीनिक में जाना पड़ता है।

गौवंश संरक्षण अभियान अंतर्गत जिला स्तरीय निगरानी समिति का गठन किया गया

सीधी कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी द्वारा आदेश जारी कर जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत गौवंश संरक्षण अभियान अंतर्गत जिला स्तरीय निगरानी समिति का गठन किया गया है। जारी आदेशानुसार कलेक्टर जिला सीधी समिति के अध्यक्ष होंगे। इसी प्रकार मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सचिव सदस्य, उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवाएँ सह सचिव, पुलिस अधीक्षक, वन मण्डलाधिकारी, कार्यपालन यंत्री, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, कार्यपालन यंत्री, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, कार्यपालन यंत्री, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवाएँ, उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवाएँ, जिला परियोजना प्रबंधक आजीविका मिशन, जिला समन्वयक जन अभियान परिषद सीधी को समिति का सदस्य नियुक्त किया गया है। जिला निगरानी समिति के कार्यदायित्व गौ वंश संरक्षण अभियान अंतर्गत संबंधित समिति का कार्य दायित्व होगा कि ऐसे स्थल का चयन की समीक्षा करना, जहां निराश्रित गौवंश की वजह से दुर्घटना की स्थिति संभावित होती है। गौशाला संचालक हेतु इच्छुक संस्थानाओं से अभिरूचि प्राप्त करना तथा खण्ड स्तरीय समिति के अनुशंसा के आधार पर गौशाला के संचालक के लिए प्रभावी एजेंसी का चयन करना। गौ संवर्धन बोर्ड में गौशालाओं को पंजीकृत कराना। परियोजना संचालक के लिए वित्तीय व्यवस्था का अनुश्रवण करना तथा वित्त की उपलब्धता सुनिश्चित कराना। समिति द्वारा प्रत्येक माह में कम से कम एक बैठक अनिवार्य रूप से सह सचिव द्वारा आहूत कराना। उपखण्ड स्तरीय एवं ग्राम पंचायत स्तरीय पारित निर्णयों को सतत् रूप से प्रभावित ढंग से क्रियान्वयन कराना। पशु संरक्षण हेतु जन भागीदारी से विशेष पहल कर, सांसद, विधायक निधि, सीएसआर फंड, धार्मिक संगठनों तथा जन समुदायक से सहयोग प्राप्त कर अभियान को सफल बनाना।

असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर आयोजित

सीधी राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली, राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के आदेशानुसार तथा प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री प्रयाग लाल दिनकर के मार्गदर्शन में जिला सीधी में दिनांक 12.04.2025 को नालसा (असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए कानूनी सेवाएं) योजना 2015 अंतर्गत नगर पालिका सीमा के अंदर निर्माणाधीन भवन में कार्यरत असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री मुकेश शिवहरे, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी श्री सोनू जैन, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी श्री कपिल देव काछी तथा जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री मनीष कौशिक द्वारा किया गया।

सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी श्री मुकेश कुमार शिवहरे द्वारा उपस्थित श्रमिकों को उनके अधिकार, नालसा (असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए कानूनी सेवाएं) योजना 2015, श्रमिकों से संबंधित कानूनी सुविधाओं की जानकारी से अवगत कराया गया। सचिव श्री शिवहरे ने श्रमिकों को सुरक्षा मापदंड के बारे में अवगत कराया। साथ ही श्रमिकों को पारिश्रमिक का भुगतान समय पर किये जाने हेतु ठेकेदार को निर्देशित किया गया।

कुछ भी इतना कठिन नहीं है अगर आप उसे छोटे-छोटे कार्यों में विभाजित कर ले।

- हेनरी फोर्ड

महंगाई और कर्ज से त्रस्त निम्न एवं मध्यम वर्ग

वर्तमान समय में देश का आम नागरिक, विशेषकर निम्न और मध्यम वर्ग, महंगाई और कर्ज के दोहरे संकट से जूझ रहा है। आज जब एक तोला सोना 90,000 रुपए के पार पहुंच गया है। वहीं आम आदमी की आय और वेतन में उतनी वृद्धि नहीं हुई है। यह आर्थिक असमानता न केवल आम जीवन को कठिन बना रही है। बल्कि सामाजिक और मानसिक तनाव को भी बढ़ा रही है। वर्तमान में मनो रोगियों की संख्या बड़ी तेजी के साथ बढ़ रही है। बड़ी संख्या में लोग आत्महत्या करने लगे हैं। यह चिंता का सबसे बड़ा विषय है।

जब-जब महंगाई बढ़ी है, उसके साथ लोगों की आय भी बढ़ती है। ?पिछले 75 वर्षों कि इ ?तिहास में महंगाई और कमाई के बीच इतना बड़ा अंतर कभी देखने को नहीं ?मिला। केन्द्र सरकार और राज्य सरकारें पेट्रोल और डीजल में 35 से 40 रुपये प्र ?ति लीटर टेक्स आम जनता से वसूल कर रही है। ?जिसके कारण खाने-पीने से लेकर हर चीज की कीमतें कई गुना बढ़ गई है। ?पिछले 10 वर्षों में जीएसटी एवं अन्य टेक्स बढ़ाकर जनता से वसूल ?किये जा रहे हैं। ?जिसके कारण आम आदमी महंगाई की मार से कराह रहा है। आ ?र्थिक मंछी ने बेरोजगारी बढ़ा दी है। करोड़ों पढ़े- ? ?लिखे स्नातक परस्नातक युवाओं को ?पिछले 10 वर्ष से नौकरी नहीं ?मिल रही है। मनरेगा में भी बजट घटा ?दिया गया है। शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में हाहाकार मचा हुआ है। 78 वर्षों के इ ?तिहास में यह पहली बार देखने को ?मिल रहा है। 1947 में सोने की कीमत मात्र 88.62 रुपए प्रति तोला थी, तब आम आदमियों का वेतन 15 से 30 रुपए महीना होता था। प्रधानमंत्री, मंत्री, सांसदों, विधायकों का वेतन डेढ़ सौ से ढाई सौ रुपया प्रतिमाह होता था। तुलनात्मक रूप से वेतन से प्रधानमंत्री 300 ग्राम तक सोना खरीद सकते थे। आज प्रधानमंत्री का वेतन लगभग दो लाख रुपए प्रतिमाह है। इस वेतन से वे मात्र 20 ग्राम सोना ही खरीद सकते हैं। बीते सात दशकों में सोने की कीमतों में 1000 गुना से अधिक की वृद्धि हो चुकी है। जबकि आय में महज 50 से 60 फीसदी का इजाफा हुआ है। इस विसंगति का सीधा प्रभाव आम लोंगों पर पड़ा है। बढ़ती महंगाई के कारण लोगों की बचत खत्म हो चुकी है। जरूरतें पूरी करने के लिए बैंक और साहूकारों से कर्ज लेना उनकी मजबूरी बन गई है। कई परिवार सोना गिरवी रखकर कर्ज ले रहे हैं, किस्तें चुका पाने में असमर्थ हैं। ऐसी स्थिति में गिरवी रखा हुआ सोना बैंक और वित्तीय संस्थान नीलाम कर रहे हैं। आमदनी अठन्नी और खर्चा रुपैया होने के कारण, मध्य एवं निम्न वर्ग के परिवार अपने बच्चों की शिक्षा और पोषण जैसी बुनियादी जरूरतें पूरी नहीं कर पा रहे हैं। आर्थिक असंतुलन की यह स्थिति न केवल सामाजिक असुरक्षा और मानसिक तनाव को जन्म दे रही है। देश की उत्पादकता ,विकाश और प्रगति को भी बाधित कर रही है। सरकार को चाहिए महंगाई पर नियंत्रण के लिए ठोस कदम उठाए। निम्न व मध्यम वर्ग के लिए वेतन,रोजगार एवं सामाजिक सुरक्षा की योजनाओं को मजबूत करे। साथ ही स्थानीय स्तर पर रोजगार के जो अवसर उपलब्ध थे। वैश्विक व्यापार संधि के बाद सरकार ने जो कानून बनाए हैं। जिनके कारण स्थानीय रोजगार खत्म होते चले जा रहे हैं। स्थानीय नौकरी खत्म होती जा रही है। वह पुन स्थापित करने की दिशा में सरकार कार्य करे। स्थानीय रोजगार के नए अवसर पैदा कर लोगों की आय और बेरोजगारी की समस्या से निजात पाया जा सकता है। महंगाई और आय के बीच की यह खाई इसी तरह बढती रही, तो आने वाले समय में सामाजिक असंतोष और आर्थिक अस्थिरता एक बड़ी चुनौती बनेगी। समय की मांग है, केंद्र सरकार, राज्य सरकारें, सभी राजनीतिक दल, सामाजिक संगठन इस दिशा में सामूहिक प्रयास करें। आर्थिक मंदी के इस दौर में जब वैश्विक व्यापार संधि और वैश्विक संस्थाएं अपनी भूमिका सही तरीके से नहीं निभा पा रही हैं। ऐसी स्थिति में हमें अपने रिटेल सेक्टर, आयात और निर्यात व्यापार के लिए अलग से नीतिगत निर्णय लेना होगा। महंगाई और बेरोजगारी जैसी समस्या से निपटना होगा। भारत की आबादी चीन के बराबर है। दुनिया की सबसे बड़ी युवा आबादी भारत में है। यही अवसर भारत की सबसे बड़ी दौलत है। जरूर सही तरीके से इसके इस्तेमाल करने की है।

बेहाल वृद्धों के लिये आयोग बनना एक सराहनीय कदम

केरल भारत का पहला राज्य बन गया है जिसने वरिष्ठ नागरिकों के लिए आयोग स्थापित करने के लिए एक कानून पारित किया है। यह एक सराहनीय एवं स्वागत योग्य पहल होने के बावजूद एक बड़ा सवाल भी खड़ा करती है कि आखिर भारत के बुजुर्ग इतने उपेक्षित एवं प्रताड़ित क्यों है? केरल जैसे शिक्षित राज्य में ही इस आयोग को बनाने की जरूरत क्यों सामने आयी? केरल में क्यों सामाजिक सुरक्षा, स्नेह, सुरक्षा की वह छांव लुप्त होती जा रही है, जिसमें बुजुर्ग खुद को सुरक्षित महसूस कर सकें। क्यों केरल में ही बुजुर्ग सर्वाधिक अकेलेपन एवं एकाकीपन का संत्रास झेलने को विवश हो रहे है? केरल में कई बुजुर्ग लोगों को युवा पीढ़ी के हाथों गरीबी और दुर्व्यवहार का सामना करना पड़ रहा है। इस प्रांत में कई गांव ऐसे हैं जहां केवल बुजुर्ग ही बचे हैं, प्रश्न है कि ऐसा क्यों हो रहा है? यूं तो समूचे देश में बुजुर्गों की लगभग यही स्थिति बन रही है, जो सामाजिक व्यवस्था पर एक बदनुमा दाग है।

केरल योजना बोर्ड के आंकड़ों के अनुसार, दक्षिणी राज्य पूरे भारत की तुलना में अधिक तेजी से वृद्ध हो रहा है। 1961 में, केरल में 60 वर्ष से अधिक आयु के लोगों की संख्या कुल जनसंख्या का 5.1 प्रतिशत थी, जो राष्ट्रीय औसत 5.6 प्रतिशत से थोड़ा कम थी। हालांकि, 1980 के दशक तक, राज्य ने बाकी राज्यों को पीछे छोड़ दिया। 2001 तक यह हिस्सा बढ़कर 10.5 प्रतिशत हो गया, जबकि राष्ट्रीय औसत 7.5 प्रतिशत था। 2011 में यह 12.6 प्रतिशत था, जबकि राष्ट्रीय औसत 8.6 प्रतिशत था। केरल के योजना बोर्ड के अनुसार, 2015 में यह बढ़कर 13.1 प्रतिशत हो गया, जबकि राष्ट्रीय औसत 8.3 प्रतिशत था। अब, दक्षिणी राज्य में 60 वर्ष और उससे अधिक आयु के लगभग 4.8 मिलियन लोग हैं। इसके अलावा, बुजुर्ग समूह का 15 प्रतिशत 80 वर्ष से अधिक आयु का है, जो इसे बुजुर्ग लोगों के बीच सबसे तेज़ी से बढ़ने वाला आयु समूह बनाता है। 60 से अधिक आयु वर्ग में पुरुषों की तुलना में महिलाओं की संख्या अधिक है और उनमें से अधिकांश विधवाएं हैं। मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने बुधवार को पारित इस कानून की सराहना करते हुए कहा कि यह नया आयोग बुजुर्गों के अधिकारों, कल्याण और पुनर्वास पर ध्यान केंद्रित करेगा।

देश में बुजुर्गों की हालत दिन-ब-दिन जटिल होती जा रही है। केरल देश के सबसे शिक्षित राज्यों में शुमार होता है तो बुजुर्गों के प्रति बरती जा रही उपेक्षा, उदासीनता एवं प्रताड़ना में भी सबसे आगे है। लगभग 94 फीसदी साक्षरता वाले इस राज्य में बुजुर्ग शिक्षित युवाओं के पलायन का संत्रास झेल रहे हैं। राज्य के करीब 21 लाख घरों में युवाओं के पलायन करने के कारण सिर्फ बुजुर्ग बचे हैं। गांव के गांव पलायन का दंश झेलते हुए वीरान हो चुके हैं। लाखों घरों में सिर्फ ताले लटके नजर आते हैं। खाड़ी के देशों में जाकर सुनहरा भविष्य तलाशने की होड़ में इसी प्रांत के सर्वाधिक युवा है। भले ही इस प्रांत ने सर्वाधिक शिक्षा से प्रगतिशील सोच दी है, लेकिन अंतहीन भौतिक लिप्साओं को भी जगाया है, जिससे ही बुजुर्गों की उपेक्षा या उनको उनके हाल पर छोड़ देने की विकृत मानसिकता एवं त्रासदी उभरी है। वृद्धों की उपेक्षा देशभर में देखने को मिल रही है, हाल के वर्षों में केरल के बाद पंजाब-हरियाणा में भी नजर आ रही है। वैसे तो यह हमारे नीति-नियंताओं की नाकामी का भी परिणाम है कि हम युवाओं को उनकी योग्यता-आकांक्षाओं के अनुरूप रोजगार देश में नहीं दे पाए। उन्हें न अपनी जन्मभूमि का सम्मोहन रोकता है और न ही यह फिक्र कि उनके जाने के बाद बुजुर्ग माता-पिता का क्या होगा? एकाकीपन का त्रास झेलते केरल के इन गांवों में बुजुर्गों के पास पैसा तो है मगर समाधान नहीं है। कुछ वृद्धों के पास तो धन का अभाव भी इस समस्या को विकराल रूप दे रहा है। राज्य में वृद्ध लोगों की संख्या बढ़ने के साथ ही बुजुर्गों के अधिकारों पर लगातार हमले हो रहे हैं।

भारत में बुजुर्गों के साथ दुर्व्यवहार, उपेक्षा एवं उदासीनता एक बढ़ती चिंता का विषय है, उनका एकाकीपन एवं अकेलापन उससे बड़ी समस्या है। केरल के वृद्ध-संकट को महसूस करते हुए वहां की सरकार ने वरिष्ठ नागरिक आयोग बनाया है, जो एक सूझबूझभरा कदम है। लेकिन यह वक्त बताएगा कि भ्रष्ट अफसरशाही व घुन लगी व्यवस्था में ये आयोग कितना कारगर होगा? लेकिन फिर भी जिस राज्य में हर पांचवें घर से एक व्यक्ति विदेश चला गया है, वहां ऐसा आयोग एक सीमा तक तो समस्या के समाधान की दिशा में रोशनी बनेगा। जरूरत है सरकारी अधिकारी संवेदनशीलता एवं इंसानियत से बुजुर्गों की समस्याओं का समाधान करने के लिये आगे आये। केरल की सामाजिक न्याय मंत्री आर. बिंदु के अनुसार आयोग समृद्ध और निम्न आय वाले दोनों ही परिवारों के वृद्ध व्यक्तियों के शोषण की समस्या का महत्वपूर्ण समाधान करेगा। जो वरिष्ठ नागरिकों की देखभाल, उनकी गरिमा, कल्याण और जीवन की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए आवश्यक है। उम्र बढ़ने के साथ-साथ लोगों को अक्सर स्वास्थ्य में गिरावट, अकेलेपन और वित्तीय असुरक्षा जैसी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। आवश्यक सहायता प्रदान करने से अधिक समावेशी और दयालु समाज बनाने में मदद मिलती है।

निस्संदेह, बुजुर्गों की आवश्यकताएं सीमित होती हैं। लेकिन उनका मनोबल बढ़ाने की जरूरत है। सबसे ज्यादा जरूरी उनकी स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याएं दूर करना है। बेहतर चिकित्सा सेवा व घर-घर उपचार की सहज उपलब्धता समस्या का समाधान दे सकती है। वैसे अकेले रह रहे बुजुर्गों को भी इस दिशा में पहल करनी होगी। सामाजिक सक्रियता एवं मनोबल इसमें सहायक बनेगा। नीति-नियंताओं को सोचना होगा कि अगले दशकों में देश युवा भारत से बुजुर्गों का भारत बनने वाला है। वर्ष 2050 तक भारत में साठ साल से अधिक उम्र के 34.7 करोड़ बुजुर्ग होंगे। क्या इस चुनौती से निपटने को हम तैयार हैं? क्या केरल की तरह अन्य राज्यों की सरकारें एवं केन्द्र सरकार लगातार बुजुर्गों से जुड़ी समस्याओं के लिये ठोस कदम उठायेगी? वसुधैव कुटुम्बकम् की बात करने वाला देश एवं उसकी नवपीढ़ी आज एक व्यक्ति, एक परिवार यानी एकल परिवार की तरफ बढ़ रहे हैं, वे अपने निकटतम परिजनों एवं माता-पिता को भी बर्दाश्त नहीं कर पा रहे हैं, उनके साथ नहीं रह पा रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने भी गतदिनों हाईकोर्ट के अनेक फैसलों को पलटते हुए सराहनीय पहल की है। जिनमें अब बुजुर्ग माता-पिता से प्रॉपर्टी अपने नाम कराने या फिर उनसे गिफ्ट हासिल करने के बाद उन्हें यूं ही छोड़ देने, वृद्धाश्रम के हवाले कर देने, उनके जीवनयापन में सहयोगी न बनने की बढ़ती सोच पर विराम

वक्त कभी किसी का सगा नहीं

खूबसूरत सृष्टि की रचना करने वाली कुदरत ने खूबसूरत मानवीय जीवन के साथ वक्त का एक ऐसा पहिया संलग्न कर दिया है कि मानवीय जीवन चक्र के साथ वक्त का पहिया भी घूमता रहता है! जो किसी का सगा नहीं है!! बस मानवीय जीवन को ही अपनी बुद्धि के बल पर परिस्थितियों के अनुसार कुशाग्र बुद्धि से वक्त का सकारात्मक उपयोग कर ऐसा कार्य करना चाहिए कि हमारा नाम सदियों, पीढ़ियों तक टिमटिमाते तारों की तरह इस सृष्टि में जगमगाता रहे,क्योंकि वक्त हमेशा एक सा नहीं रहता वक्त का पहिया कैसे करवट बदल देता है, पता ही नहीं चलेगा, क्योंकि वक्त अपनी गति से चलता रहेगा वक्त का पहिया हमेशा एक जैसा नहीं रहता कितना भी पकड़ लो फिसलता ज़रूर है,यह वक्त है साहब बदलता जरूर है।

साथियों बात अगर हम वक्त के तकाज़े की करें तो हम खुद अपने पुराने और आज के वक्त का ही विश्लेषण कर ले कि कुछ साल या दशक पूर्व हम क्या थे और अब क्या हैं, तो हमें पता चल ही जाएगा कि वक्त कभी एक सा नहीं रहता!! इतना ही नहीं अगर हम अपने ही समाज या पीढ़ियों का विश्लेषण करें तो हमें अंदाज लग जाएगा कि वक्त का पहिया कैसे घूमकर बदलते रहता है इसलिए ही बड़े बुजुर्गों का कहना हैं, समय-समय की बात है आज तुम्हारा समय है कल हमारा समय भी आएगा साथियों बात अगर हम हमारे शहर जिले राज्य या राष्ट्र की करें तो हमें ऐसे कई उदाहरण मिल जाएंगे,अपने को बड़े शहंशाह, तीरंदाज कहने मानने वाले लोगों को भी हमने लाचार, तारतार होते देखा होगा, जिनके पास बेशुमार,दौलत पावर था और सबकुछ खरीद सकते थे परंतु वक्त का पहिया ऐसा फिसला कि उनका पैसा, पावर सब कुछ जमींदरोज़ हो गया और पैसे पैसे को मोहताज हो गए,हमने सुना ही नहीं अपनी आंखों से देखा भी जरूर होगा या फिर हमें यह अपने उम्र के बढ़ते चढ़ाव पर देखने को जरूर मिल जाएगा।

साथियों बात अगर हम वक्त के पहिए की करें तो यह किसी का सगा नहीं है बड़े से बड़े उद्योगपति, राजनीतिज्ञ अधिकारी, मंत्री, उच्च पदस्थ व्यक्ति यहां तक कि कभी उनके पास उद्योग, सत्ता, शासन-प्रशासन पावर की चाबी उनके हाथ में रहने वालों के वक्त के पहिए ने भी कैसे करवट बदल ली है कि उनका हाथ आज खाली है! जिनकी तूती बोलती थी आज उनकी बोलती बंद है!! इसलिए कहते हैं साहब यह वक्त है बदलता ज़रूर है इसलिए समय रहते कुछ ऐसा काम करो कि वक्त को भी तुम्हारे पास रुकने पर मजबूर होना हो जाना पड़े

साथियों बात अगर हम कुछ सालों से वक्त के पहिए की करवट बदलने की करें तो कैसे हम खुशहाल थे, फिर कोरोना महामारी आई, वैक्सीनेशन ड्राइव चला, आज करीब-करीब नियंत्रित है, सत्ता के बदलाव, कुछ चिन्हित उद्योगपतियों द्वारा बैंक घोटाला, देश के बाहर और भगोड़े घोषित इत्यादि यह सब बातें हमने राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय सत्ता परिवर्तन, 90 दिन से चले आ रहे हैं रूस यूक्रेन युद्ध सहित अनेक व्यवहार देखें जिसके आधार पर हम कह सकते हैं कि वक्त किसी का सगा नहीं करवट जरूर बदलता है। साथियों बात अगर हम वक्त के पहिए की करें तो, जीवन में सबसे अनमोल चीज है वक्त जिसका चक्र निरंतर रूप से चलते रहता है। इसे कोई रोक नहीं सकता जैसे रेत को कितनी भी जोर से मुट्ठी में बांध के रखो वह फिसलती रहती है। उसी तरह वक्त भी सबको अवसर देता है अगर उस अवसर को समय रहते पहचान कर उसका लाभ ना उठाएं तो वह मौका और वक़्त दोनों हाथ से निकल जाता है।

अमिट है कर्म का फल

(चिंतन-मनन) वीरत्व की अलंकृति है क्षमा

क्षमा वीरत्व की अलंकृति है। दुर्बल और विवश व्यक्ति द्वारा उद्गीत क्षमा का माहात्म्य उतना प्रखर नहीं हो सकता। ज्ञान की स्फुरणा में मौन की सार्थकता है। शक्ति-संपन्नता में क्षमा की सार्थकता है और त्याग-भावना में आत्मगोपन या अप्रशस्ति की सार्थकता है। शक्ति के अभाव में स्वीकृत का कवच व्यक्ति को कई अवांछनीय परिस्थितियों से त्राण तो दे सकता है, पर उससे क्षमा का वर्चस्व धुंधला हो जाता है। मन के प्रतिकूल परिस्थिति उत्पन्न होने पर संभावित क्रोध को शांति से प्रतिहत करने वाला व्यक्ति अपनी क्षमा को तेजस्वी बनाता है।

क्षमा के स्वरूप और उसकी क्रियान्विति के संबंध में कोई निश्चित सिद्धांत नहीं बन सकता। अपराध करने वालों और क्षमाशील रहने वालों की अनेक भूमिकाएं हैं। एक मुनि, अपराधी व्यक्ति को क्षमा नहीं करता है तो उसका मुनित्व संदिग्ध हो जाता है। भगवान महावीर के साधना काल में कितनी बार प्रतिकूल परिस्थितियां पैदा की गई पर महावीर का महावीरत्व उनकी क्षमाशीलता में ही पल्लवित हुआ।

राजधर्म क्षमा को ऐकांतिक महत्व नहीं देता। दुष्ट व्यक्ति को दंडित करना राजधर्म के अनुसार विहित है। दंडनीय को दंड न देना राजधर्म का लोप माना जाता है। इससे अराजकता को प्रोत्साहन मिलता है और अपराधी तत्व निरंकुश हो जाते हैं। दंडसंहिता की सारी धाराएं अपराधों का प्रतिकार करने के लिए हैं।

समाज के साथ अपराध और अपराधों के साथ दंड-पद्धति का सृजन स्वाभाविक माना जाता है। किंतु यह लोक-व्यवस्था या राज्य-व्यवस्था का सिद्धांत है। अध्यात्म की भूमिका इससे भिन्न है। इसमें अपराधी व्यक्ति स्वयं अपराध-शोधन के लिए प्रायश्चित स्वीकार करता है। अपराधी को बलात दंडित करने या उसके प्रति क्रोध प्रदर्शित करने की बात क्षमा-धर्म द्वारा संभव नहीं है। साधना के पथ पर अग्रसर साधकों के लिए क्षमा के अतिरिक्त दूसरा

राशिफल

शुभ संवत 2082, शाके 1947, सौम्य गोष्ठ, वैशाख कृष्ण पक्ष, बसंत ऋतु, गुरु उदय पूर्वे शुक्रोदय पूर्वे तिथि दोइज मंगलवासरे, विशाखा नक्षत्रे, सिद्ध योगे, गर करणे, तुला की चंद्रमा, भद्रा, त्रिपुस्कर योग 6/43 व्यापार, शस्त्र निर्वाण मुहूर्त, उग्रकर्म मुहूर्त तथापि पश्चिम दिशा की यात्रा शुभ तथा उत्तम होगी7

आज जन्म लिए बालक का फल........

आज जन्म लिया बालक योग्य, बुद्धिमान, चपल, चतुर, चंचल, स्वाभिमानी, उत्तम वृत्ति वाला, कुशल वक्ता-अधिवक्ता, शासक-प्रशासक, कामी, योगी-भोगी, धनी होगा।

मेष राशि :- कार्यकुशलता एवं समृद्धि के योग फलप्रद हों तथा रुके कार्य अवश्य बनेंगे।

वृष राशि :- कार्य तत्परता से लाभ एवं इष्ट मित्र सुखवर्धक होंगे तथा कार्यों में ध्यान अवश्य दें।

मिथुन राशि :- व्यावसायिक क्षमता में वृद्धि, कार्यकुशलता से संतोष होगा, बिगड़े कार्य बनेंगे।

कर्क राशि :- सोच-समझकर शक्ति लगायें अन्यथा कुछ विभ्रम-विकार, क्लेश, मन परेशान रहेगा।

सिंह राशि :- समय अनुकूल नहीं, विशेष कार्य स्थगित रखें, लेनदेन में हानि होगी, ध्यान दें।

कन्या राशि :- मानसिक विभ्रम, किसी आरोप में फंस सकते हैं, सतर्कता से कार्य बना लें।

तुला राशि :- भाग्य का सितारा प्रबल हो, बिगड़े कार्य बनेंगे तथा कार्य-संतोष अवश्य ही होगा।

वृश्चिक राशि :- कार्य-कुशलता से संतोष, योजनायें फलीभूत होंगी तथा व्यावसाय में ध्यान दें।

धनु राशि :- सफलता के साधन जुटायें, धन लाभ, आशानुकूल सफलता का हर्ष होगा।

मकर राशि :- आरोप क्लेश, असमंजस, धन का लाभ एवं सफलता का हर्ष अवश्य होगा।

कुंभ राशि :- इष्ट मित्र सुखवर्धक हो, स्त्री शरीर कष्ट तथा मित्र चिन्ता दुःख होगा।

मीन राशि :- इष्ट-मित्र सहायक रहें, दैनिक कार्यगति में अनुकूलता के योग बनेंगे।

कौन है फ़र्ज़ी कौन है नक़ली कैसे हो पहचान

नक़ली और मिलावटी वस्तुओं यहाँ तक कि मिलावटी खाद्य सामग्री,नक़ली जीवन रक्षक दवाइयां,ज़हरीले फल व सब्ज़ियाँ,मिलावटी घी,पनीर,दूध,खोया,मिलावटी मिठाइयां,मिलावटी मसालों जैसी अनेक चीज़ों का कारोबार हमारे देश में दशकों से बेरोकटोक होता आ रहा है। और न जाने कितने लोग ऐसी खाद्य वस्तुओं के सेवन से मौत की गोद में भी समा चुके हैं। जब कभी ऐसा कोई नेटवर्क क़ानून की गिरफ़्त में आता है तो उसकी ख़बरें भी प्रकाशित होती हैं। परन्तु ऐसी नक़ली और मिलावटी वस्तुओं के उत्पादक,निर्माता,वितरक व विक्रेताओं के विरुद्ध सरकार व प्रशासन क्या और कितनी कार्रवाई करता है इसका अंदाज़ा इसी बात से लगाया जा सकता है कि यह जानलेवा धंधा कम होने के बजाये और भी अधिक फलता फूलता जा रहा है। हद तो यह है कि देश में तमाम ब्रांडेड सामग्रियां भी नक़ली बिक रही हैं। मगर कोई पूछने वाला नहीं है। ज़ाहिर है यह सब नक़्क़ालों,मिलावटख़ोरों तथा प्रशासन के मिलेजुल नेटवर्क का ही परिणाम है। और शायद सरकार व प्रशासन की इसी अनदेखी का ही नतीजा है कि अब केवल खाद्य सामग्री या दैनिक उपभोग की वस्तुयें मात्र ही नक़ली या मिलावटी नहीं बल्कि यही फ़र्ज़ी लोग बड़े बड़े सवेदनशील पदों को भी कलंकित करते दिखाई दे जाते हैं।

हमारे देश में कभी कोई फ़र्ज़ी आई ए एस पकड़ा जाता हो तो कभी कोई फ़र्ज़ी आई पी एस अधिकारी बना घूमता रहता है। हद तो यह है कि अब तो देश में न केवल स्वयं को प्रधानमंत्री कार्यालय का एडिशनल डायरेक्टर बताने वाला गुजरात का एक फ़र्ज़ी व्यक्ति पकड़ा जा चुका बल्कि गत दिनों तो एक नक़ली हार्ट सर्जन तक गिरफ़्तार किया गया। देश के सुधी व जागरूक लोगों को याद होगा कि मार्च 2023 में श्रीनगर में किरण पटेल पुत्र जगदीश पटेल नाम के एक फ़र्ज़ी व्यक्ति को रंगे हाथों पकड़ा गया था। यह ठग खुद को प्रधानमंत्री कार्यालय का एडिशनल डायरेक्टर बताता था तथा ज़ेड प्लस सुरक्षा के साथ बुलेटप्रूफ गाड़ी पर चला करता था। जबकि ज़ेड प्लस सुरक्षा पर प्रति व्यक्ति 40 से 45 लाख रुपए महीना तक का ख़र्च होता है। ठग पटेल हमेशा फ़ाइव स्टार होटल में ही ठहरा करता था। प्रधानमंत्री कार्यालय का अधिकारी बनकर ही वह जगह जगह की यात्राएं करता था और इसी आधार पर वह सरकारी सुख सुविधायें भी लिया करता था। ख़ुफ़िया एजेंसी के अलर्ट के बाद जम्मू-कश्मीर पुलिस ने 2 मार्च 2023 को उसे गिरफ़्तार कर लिया। गिरफ़्तारी के समय उसके पास से कई फ़र्ज़ी विज़िटिंग कार्ड भी बरामद किए गए। पटेल के बारे में विस्तृत जांच से पता चला कि उसके विरुद्ध गुजरात में पहले से ही ठगी के तीन मामले दर्ज थे। उसके बावजूद उसके हौसले इतने बुलंद थे कि बाद में भी कई महीने तक यह ठग स्वयं को प्रधानमंत्री कार्यालय का उच्चाधिकारी बताकर घूमता रहा। उसके झांसे में आकर तमाम अधिकारी उसकी खुशामद में लगे रहते। सुरक्षा एजेंसियों की इससे बड़ी नाकामी और क्या हो सकती है ? ज़रा सोचिये कि एक तरफ़ तो जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक हैं जिन्हें ज़ेड प्लस सुरक्षा व बुलेटप्रूफ गाड़ी मिलनी चाहिये परन्तु उनकी सुरक्षा के लिये तो केवल एक निजी अधिकारी तैनात किया गया जबकि गुजरात का एक ठग यह सभी सुविधायें लेकर सुरक्षा एजैंसियों व बड़े बड़े अधिकारीयों की आँखों में धूल झोंककर घूमता रहा ?पिछले दिनों ऐसा ही एक और दिल दहलाने वाला मामला सामने आया। फ़र्ज़ी डॉक्टर तो देश में बहुत सुने गए थे परन्तु फ़र्ज़ी हार्ट सर्जन मैं ने तो कभी नहीं सुना।मध्य प्रदेश के दामोह में अपना नाम एन जॉन केम बताने वाला एक व्यक्ति एक निजी ईसाई मिशनरी अस्पताल में सेवारत था। वह स्वयं को प्रसिद्ध ब्रिटिश डॉक्टर व कार्डियोलॉजिस्ट बताया करता था। जबकि जांच के बाद पता चला कि उस कथित डॉक्टर का वास्तविक नाम नरेंद्र विक्रमादित्य यादव है। यह मिशनरी अस्पताल आयुष्मान भारत योजना के तहत सरकार से पैसे भी लेता है। आश्चर्यजनक बात यह है कि इस फ़र्ज़ी व्यक्ति ने अनेक मरीज़ों की हार्ट सर्जरी तक कर डाली। परिणाम स्वरूप एक महीने में ही इसके द्वारा हार्ट सर्जरी किये गये 7 मरीज़ों की मौत हो गयी। सूत्रों के अनुसार मरने वाले मरीज़ों की संख्या इससे ज़्यादा भी हो सकती है। इस का कोई आंकड़ा उपलब्ध नहीं है कि देश में कितने फ़र्ज़ी डॉक्टर बिना योग्यता के मेडिकल प्रैक्टिस कर रहे हैं,अपना अस्पताल चला रहे हैं यहाँ तक कि मरीज़ों की शल्य चिकित्सा तक कर रहे हैं।और तो और हमारे देश में नक़ली धर्मगुरु व उपदेशक का रूप धारण किये अनेक लोग घूम रहे हैं। इनमें कुछ ऐसे हैं जिन्हें उनके भक्तगण देवता तुल्य समझते थे परन्तु जब उनका वास्तविक चरित्र उजागर हुआ तो पता चला कि वे संत नहीं बल्कि राक्षस हैं,व्यभिचारी,बलात्कारी व हत्यारे हैं।

ऐसे नक़ली लोग अपने अनुयायियों को कितना बड़ा धोखा देते रहे हैं ? इसी तरह देश के एक बाबा रुपी व्यक्ति ने पहले तो योग विद्या के द्वारा लोगों को स्वस्थ रखने के नाम पर जनता में अपनी पैठ बनाई। उसके बाद वही व्यक्ति अंग्रेज़ी दवाइयों व विदेशी वस्तुओं के विरुद्ध प्रवचन देकर लोगों में राष्ट्रभक्ति जगाने लगा और स्वदेशी वस्तुओं के प्रयोग की वकालत करने लगा। फिर बड़े ही सुनियोजित तरीक़े से अपने धनाढ्य व्यवसायी अनुयायियों के सहयोग से वह स्वयं अपनी कम्पनी खोलकर अनेक उत्पाद स्वदेशी के नाम पर बेचने लगा। और अब इसी बहुरूपिये ने ताज़ातरीन विवाद एक ऐसे स्वदेशी आयुर्वेदिक शीतल पेय को लेकर खड़ा कर दिया है जिसकी देश ही नहीं विदेशों में भी भरपूर मांग है। परन्तु केवल अपना ब्रांड बेचने के लिये इसे साम्प्रदायिकता का ज़हर तक फैलाना पड़ा। यहाँ तक कि इसे शरबत जिहाद तक बता डाला।

जबकि अनेक बार इसके अपने अनेक उत्पाद मिलावटी,नक़ली व अनउपयुक्त पाए जा चुके हैं। परन्तु सत्ता संरक्षित इस फ़र्ज़ी व चतुर व्यक्ति का कोई कुछ नहीं बिगाड़ पा रहा। परिणामस्वरूप इसे बाज़ार में कुछ भी और कैसे भी बेचने की गोया पूरी छूट मिली हुई है। यही व्यक्ति है जो 2013-14 के दौरान पूरे देश में घूम घूम कर कहा करता था कि भारतीय जनता पार्टी के सत्ता में आने पर पेट्रोल 35 रूपये लीटर हो जायेगा। अब तेल का दाम आसमान छू रहा है परन्तु यह स्वयंभु बहरूपिया बाबा ख़ामोश है। और जब मीडिया उसे उसकी बात याद दिलाता है तो यह कहता है कि -हाँ कहा था,क्या कर लेगा,मेरी पूँछ उखाड़ लेगा क्या ?

आज दुर्भाग्यवश हमारा देश ऐसे अनेक नक़ली व फ़र्ज़ी लोगों से भरा पड़ा है। अशिक्षित लोग डिग्री धारी बनकर दुनिया को मार्गदर्शन देते घूम रहे हैं। आज देश के सामने इस बात का बड़ा संकट है कि जब समझदार,सुधी व शिक्षित लोग असली नक़ली,फ़र्ज़ी व वास्तविक में भेद नहीं कर पा रहे तो आख़िर देश का सीधा सादा आम आदमी इन वेशधारियों नक़ली व फ़र्ज़ी लोगों की पहचान कैसे करे ?

फ़िल्म वर्ग पहेली- 6813

1		2		■	3			4	
	■		■	5		■	■		■
6	7		■		■	8	9		
■		■	10		11	■	12		■
13		■		■		■		■	14
	■	15	■	16		17	■	■	
■	18		19		■	20		21	
22		■		■	23		■		■
	■	24		25	■	■	26	■	27
28		■	■	29				■	

बायें से दायें:-

१. अक्षय खन्ना, करीना की प्रियदर्शन निर्देशित एक कॉमेडी फिल्म-४
३. 'झिलमिल सितारों का आँगन' गीत वाली धर्मेन्द्र, राखी की फिल्म-३,२
५. अजय, नाना, फरदीन, उर्मिला, रेखा की 'ये सर्द आहें' गीत वाली फिल्म-२
६. 'जिस दिल में बसा था प्यार तेरा' गीत वाली प्रदीपकुमार, कल्पना की फिल्म-३
८. सुनीलदत्त, नूतन की 'बड़ी देर भई नंदलाला' गीत वाली फिल्म-४
१०. 'पर्दे में रहने दो' गीत वाली धर्मेन्द्र, संजीवकुमार, आशा पारेख की फिल्म-३
१२. 'सीता और गीता' में संजीव के साथ वाली हेमामालिनी के पात्र का नाम-२
१३. 'शिकदुम शिकदुम' गीत वाली अभिषेक, उदय चोपड़ा, जॉन अब्राहम, ईशा देओल, रिमी सेन की फिल्म-२
१६. विकास भल्ला, काजोल की 'मेरे चेहरे पे लिखा है' गीत वाली फिल्म-३
१८. 'आने वाला पल जाने' गीत वाली अमोल पालेकर, बिंदिया की फिल्म-४
२०. जैकी, मोहसिन खान, नीलम की 'एक तू ही मेरा' गीत वाली फिल्म-४
२२. 'तेरा काम है जलना' गीत वाली राज कपूर और नर्गिस की फिल्म-२
२३. शाहरूख, चंद्रचूड़, ऐश्वर्या, प्रिया की 'मेरे खयालों की' गीत वाली फिल्म-२
२४. सुदर्शन नाग निर्देशित सनी देओल, नीलम की १९९१ की एक फिल्म-३
२८. जैकी श्रॉफ, रति की 'जितना कभी किसी ने' गीत वाली फिल्म-२
२९. 'हम भूलेंगे' गीत वाली अमिताभ, अरशद, करिश्मा की फिल्म-४

ऊपर से नीचे:-

१.शॉवरअली, तरूण अरोड़ा, मेघना की फिल्म-३
२. 'भागे रे मन' गीत वाली फिल्म-३
३. सनी, सलमान, करीश्मा, तब्बू की फिल्म-२
४. अमिताभ, दीपक, डिम्पल, करिश्मा की 'कभी खुशियों की' गीत वाली फिल्म-४
५. 'तेरे नाम' में सलमान की नायिका थी-३
७. कमल हासन, शाहरूख, रानी की फिल्म-१,२
९. 'जिंदगी इम्तिहान' गीत वाली अमिताभ, संजीव, ऋषि, हेमा, शर्मिला की फिल्म-३
१०. नागार्जुन, अमला की एक फिल्म-२
११. सुनील शेट्टी, रवीना, करिश्मा, की फिल्म-३
१३. संजय सूरी, रेवती, गुल पनाग की 'बेनाम सा ये दर्द' गीत वाली फिल्म-२
१४. 'तुम ने दी आवाज' गीत वाली फिल्म-३
१५. सनी, अजय जडेजा, सेलिना की 'तुमको कितना है' गीत वाली फिल्म-२
१६. 'इस टूटे दिल' गीत वाली फिल्म-२
१७. राजेंद्रकुमार, शर्मिला टैगोर की एक फिल्म-३
१८. 'अकेले ही अकेले चला' गीत वाली दिलीपकुमार, सायरा बानो की फिल्म-२
१९. आयूब खान, आयशा जुल्का की फिल्म-३
२१. 'ऐ मेरी जिंदगी' गीत वाली जॉन अब्राहम, तारा शर्मा की फिल्म-२
२२. राजकुमार, मीना की 'ठाड़े रहियो ओ बांके यार' गीत वाली फिल्म-३
२५. 'मुझे तेरे जैसी' गीत वाली फिल्म-२
२६. मनोज बाजपेयी, अरशद, तब्बू, शीबा की फिल्म-२
२७. 'कैसे कटे दिन' गीत वाली राजेश खन्ना, गोविंदा, जूही, माधवी की फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली- 6812

पि	या	का	घ	र	■	ए	ल	ओ	सी
ता	श	■	र	■	घा	त	■	म	■
■	ना	च	■	चाँ	■	श	खी	■	फ
रो	■	मे	हं	दी	■	ज	■	खा	की
श	र्मी	ली	■	सो	च	■	श	■	र
नी	■	■	ब	ना	र	सी	बा	बू	■
■	ग	द	र	■	स	■	ना	म	■
बा	ज	■	सा	थी	■	मि	■	■	अं
जा	ल	■	त	■	दि	ल	का	श	जा
र	■	माँ	■	मि	ल	न	■	■	म

Jagrutidaur.com, Bangalore

दवाओं का असर नहीं होने से 30 लाख बच्चों की मौत

न्यूयॉर्क। वर्ष 2022 में दवाओं का असर नहीं होने के कारण 30 लाख बच्चों की मौत हो गई। संक्रमण में बच्चों को दी गई दवाई का कोई असर नहीं हुआ। यह खुलासा बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर काम करने वाले संगठन की रिपोर्ट से पता चला है। यह रिपोर्ट प्रमुख विशेषज्ञों द्वारा तैयार की गई है। विशेषज्ञों की रिपोर्ट के अनुसार एंटीबायोटिक रेजिस्टेंस वाली दवाओं का असर बच्चों पर नहीं हो रहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन और वर्ल्ड बैंक जैसी अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं द्वारा भी इस स्थिति पर चिंता व्यक्त की है। रिपोर्ट के अनुसार एंटी माइक्रोबियल रेजिस्टेंस (एएमआर) के कारण बच्चों में संक्रमण तेजी के साथ बढ़ता है। दवाइयों का असर इस बीच नहीं होता है।

अपने पर आई इसलिए ट्रंप ने टैरिफ वॉर पर लगाया 90 दिन का ब्रेक

वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने टैरिफ पॉलिसी में 90 दिन का ब्रेक देकर दुनिया को राहत दी है। इसकारण भारतीय शेयर बाजार सहित दुनिया भर के बाजारों में तेजी आई। यह ब्रेक अस्थायी है। 90 दिनों के बाद अमेरिका फिर से टैरिफ लगा सकता है। लेकिन ट्रंप के फैसले में यू-टर्न क्यों आया? जानिए ये बड़े कारण। दरअसल आमतौर पर अमेरिकी बॉन्ड और शेयर बाजार उल्टी दिशा में चलते हैं, लेकिन ट्रंप के टैरिफ लगाने के बाद दोनों एक साथ गिरे।

विदेशी ताकतों के साथ मिलकर देश को तबाह कर रहे मोहम्मद यूनुस

ढाका। बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने अंतरिम सरकार के सलाहकार मोहम्मद यूनुस पर तीखा हमला बोला। उन्होंने यूनुस को आत्मकेंद्रित व्यक्ति बताया। हसीना ने कहा इस शख्स ने सत्ता की भूख में विदेशी ताकतों के साथ मिलकर देश को तबाह करने की साजिश रची। शेख हसीना ने दावा किया कि बांग्लादेश की आजादी की यादों को मिटाया जा रहा है और उनके अवामी लीग के नेताओं को निशाना बनाया जा रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक 8 मिनट के वर्चुअल वीडियो में हसीना ने यूनुस को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा, ये सत्ता का भूखा, पैसों का लालची शख्स बांग्लादेश को बर्बाद करने पर तुला है। विदेशी ताकतों के साथ मिलकर इसने साजिश रची। बीएनपी और जमात-ए-इस्लामी अवामी लीग के नेताओं को मार रहे हैं, परेशान कर रहे हैं।

अब अमेरिका-ईरान की 19 को होगी परमाणु डील पर बातचीत, दोनों ही अपनी बात पर अड़े

मस्कट। ओमान के मस्कट में अमेरिका और ईरान के बीच शनिवार को परमाणु कार्यक्रम को लेकर अहम बैठक हुई। इस गुप्त बैठक में अमेरिका की ओर से राष्ट्रपति ट्रंप के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ और ईरान की ओर से विदेश मंत्री अब्बास अराकची ने भाग लिया। ओमान के विदेश मंत्री ने इस बैठक में अहम भूमिका निभाई। दोनों देशों ने 19 अप्रैल को अगली बातचीत पर सहमति जताई है, लेकिन इस कूटनीतिक प्रयास के पीछे की कुछ चौंकाने वाली बातें भी सामने आई हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक ईरान के सबसे बड़े नेता अयातुल्ला अली खामेनेई शुरू में अमेरिका से डील करने के खिलाफ थे।

चीन ने कीमती मेटल्स की सप्लाई रोकी गाड़ी, हथियार, एयरक्राफ्ट महंगे होंगे

अमेरिका इलेक्ट्रॉनिक सामान पर अलग से टैरिफ लगाएगा



वॉशिंगटन। चीन ने कार, ड्रोन से लेकर रोबोट और मिसाइलों तक असेंबल करने के लिए जरूरी मैग्नेट यानी चुंबकों के शिपमेंट भी चीनी बंदरगाहों पर रोक दिए हैं। ये मेटेरियल ऑटोमोबाइल, सेमीकंडक्टर और एयरोस्पेस बिजनेस के लिए बेहद अहम हैं। इस फैसले से दुनियाभर में मोटरव्हीकल, एयरक्राफ्ट, सेमीकंडक्टर और हथियार बनाने वाली कंपनियों पर असर पड़ेगा। ये महंगे हो जाएगा।

चीन ने 4 अप्रैल को इन 7 कीमती धातुओं के निर्यात पर रोक लगाने का आदेश जारी किया था। कीमती धातुओं में समेरियम, गैडोलिनियम, टरबियम, डिस्प्रोसियम, लुटेशियम, स्कैंडियम और यिट्रियम शामिल हैं। आदेश के मुताबिक ये कीमती धातुएं और उनसे बने खास चुंबक सिर्फ स्पेशल परमिट के साथ ही चीन से बाहर भेजे जा सकते हैं।

अमेरिका इलेक्ट्रॉनिक सामान पर अलग से टैरिफ लगाएगा

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने रविवार को कहा कि स्मार्टफोन, कंप्यूटर और अन्य इलेक्ट्रॉनिक इक्विपमेंट्स को जैसे को तैसा टैरिफ से छूट दी गई है, लेकिन यह कुछ ही समय के लिए है। उन्होंने सेमीकंडक्टर सेक्टर और पूरी इलेक्ट्रॉनिक्स सप्लाई चेन की जांच शुरू करने का ऐलान किया। ट्रम्प ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि इन इलेक्ट्रॉनिक्स पर अलग से टैरिफ लगाया जाएगा। इससे पहले अमेरिकी कॉमर्स सेक्रेटरी हॉवर्ड लुटनिक ने कहा था कि स्मार्टफोन और कंप्यूटर समेत दूसरी इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं को दी गई छूट अस्थायी है। उन्होंने कहा कि अगले 2 महीनों में इन चीजों पर एक अलग टैरिफ लगाने का प्लान है। इसकी घोषणा बाद में की जाएगी। लुटनिक ने कहा कि नए टैरिफ नेशनल सिक्योरिटी को ध्यान में रखते हुए लगाए जाएंगे, ताकि इन प्रोडक्ट का उत्पादन अमेरिका में हो सके।

इलेक्ट्रॉनिक सामान पर छूट से अमेरिकी टेक कंपनियों को राहत

अमेरिकी कस्टम एंड बॉर्डर प्रोटेक्शन ने शनिवार को नोटिस जारी कर कहा था कि स्मार्टफोन, कंप्यूटर और अन्य इलेक्ट्रॉनिक इक्विपमेंट्स को रेसिप्रोकल टैरिफ से छूट दी गई है। इस फैसले से कई अमेरिकी टेक कंपनियों के लिए बड़ी राहत माना जा रहा है। पिछले हफ्ते ट्रम्प की टैरिफ नीति में लगातार बदलाव से वॉल स्ट्रीट में 2020 की कोविड महामारी के बाद से सबसे बड़ी उथल-पुथल देखी गई।

पीएनबी घोटाले का आरोपी मेहुल चोकसी बेल्जियम में गिरफ्तार

-भारत की प्रत्यर्पण अपील के बाद एक्शन

ब्रुसेल्स। पंजाब नेशनल बैंक से लोन धोखाधड़ी मामले में आरोपी भगोड़े हीरा कारोबारी मेहुल चोकसी को पुलिस ने बेल्जियम में गिरफ्तार कर लिया है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि भारतीय जांच एजेंसियों के प्रत्यर्पण की अपील पर 12 अप्रैल को उसकी गिरफ्तारी हुई, फिलहाल वह जेल में है। भारत ने बेल्जियम के साथ चोकसी के प्रत्यर्पण की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

पुलिस ने चोकसी को गिरफ्तार करते समय दो गिरफ्तारी वारंट का हवाला दिया। ये मुंबई की एक अदालत ने जारी किए थे। रिपोर्ट में कहा गया है कि वारंट 23 मई 2018 और 15 जून 2021 के थे। ऐसा माना जा रहा है कि चोकसी अपनी खराब सेहत का हवाला देते हुए, जमानत और तत्काल रिहाई की मांग कर सकता है। बेल्जियम में गिरफ्तारी के बाद मेहुल चोकसी ने अपने खराब सेहत का हवाला देते हुए कोर्ट में जमानत मांगी है। उसकी ओर से कहा गया है कि इलाज कराने के लिए बेल्जियम आया था और अपनी पत्नी के साथ एंटवर्प में रह रहा था।

स्विट्जरलैंड भागने की तैयारी कर रहा था चोकसी

चोकसी पर 13,850 करोड़ रुपए का घोटाला करने का आरोप है। पिछले महीने खुलासा हुआ था कि मेहुल चोकसी बेल्जियम में है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, मेहुल पत्नी प्रीति चोकसी के साथ रह रहा है, जिन्हें बेल्जियम की नागरिकता मिली है। बेल्जियम के विदेश मंत्रालय ने ही चोकसी की मौजूदगी की जानकारी दी थी। सूत्रों के मुताबिक, मेहुल चोकसी बेल्जियम से स्विट्जरलैंड भागने की कोशिश कर रहा था। चोकसी के वकील विजय अग्रवाल ने कहा कि उनका मुवक्किल जमानत के लिए अपील दायर करेगा। इस दौरान वह यह भी अपील करेगा कि उसे हिरासत में न रखा जाए और कैद से बाहर रहकर उसे खुद का बचाव करने और प्रत्यर्पण अपील का विरोध करने की अनुमति दी जाए।

रूस को नई दिल्ली के साथ बहुआयामी सहयोग विकसित होने की उम्मीद



मास्को। रूस ने भारत के साथ अपने मैत्रीपूर्ण संबंधों के लगातार मजबूत होने और इनके विस्तार की संभावना जताकर कहा कि नई दिल्ली के साथ बहुआयामी सहयोग विकसित होने की उम्मीद है।

द्विपक्षीय राजनयिक संबंधों की 78वीं वर्षगांठ के मौके पर रूसी विदेश मंत्रालय ने ''हम मैत्रीपूर्ण संबंधों के तीव्र गति से लगातार विकसित होने तथा रूसी-भारतीय संबंधों के विस्तार को लेकर विश्वास व्यक्त करते हैं।'' भारत और रूस ने 13 अप्रैल 1947 को अपने राजनयिक संबंध स्थापित किये थे। रूसी मीडिया ने मंत्रालय के हवाले से कहा, ''वे आपसी विश्वास, राष्ट्रीय हितों के प्रति सम्मान, वैश्विक और क्षेत्रीय राजनीति के प्रमुख पहलुओं पर समान विचार रखते हैं।''

मंत्रालय ने कहा, ''सहयोग के प्रमुख क्षेत्रों के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय और क्षेत्रीय समस्याओं पर चर्चा के लिए लगातार बैठकें और वार्ता होती हैं। मंत्रालय ने कहा कि कि दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक, मानवीय, व्यापारिक और आर्थिक सहयोग सफलतापूर्वक विकसित हो रहा है तथा परमाणु ऊर्जा बातचीत के प्रमुख क्षेत्रों में से एक बना हुआ है।

रूसी मंत्रालय ने कहा कि दोनों पक्ष ''समानता के सिद्धांतों, अंतरराष्ट्रीय कानून के मानदंडों और सिद्धांतों के अनुपालन के आधार पर एक बहुकेन्द्रित वैश्विक व्यवस्था बनाने पर काम कर रहे हैं।''

विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने हाल में कहा था कि रूस अपनी विदेश नीति अवधारणा के अनुसार भारत के साथ अपनी विशेष रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करना विदेश नीति की प्राथमिकता मानता है। उन्होंने कहा था, ''हमारे दोनों देशों के बीच दीर्घकालिक संबंध हैं। हम यह भी कह सकते हैं कि ये संबंध समय की कसौटी पर खरे उतरे हैं। रूस ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को द्वितीय विश्व युद्ध में जर्मनी पर विजय की 80वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में नौ मई को आयोजित होने वाले समारोह में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया है।

प्रधानमंत्री मोदी ने जुलाई 2024 में रूस का दौरा किया था, जो करीब पांच वर्षों में देश की उनकी पहली यात्रा थी। उस दौरान वह 22वें रूस-भारत शिखर सम्मेलन में शामिल हुए थे। मोदी ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को भारत आने का निमंत्रण दिया था। वहीं, इस वर्ष पुतिन के भारत आने की उम्मीद है।

अमेरिका जाने का हजारों भारतीयों का सपना धूमिल

ट्रंप प्रशासन ने ईबी-5 अनारक्षित वीजा श्रेणी में की कटौती

वॉशिंगटन। अमेरिका में आव्रजन नीतियों के चलते पहले से ही अप्रवासी भारतीयों की चिंता पहले से ही बढ़ी हुई है। अब ट्रंप प्रशासन ने हजारों भारतीयों के अमेरिका जाने और ग्रीन कार्ड पाने के सपने को तोड़ दिया है। अमेरिकी विदेश विभाग ने मई 2025 के लिए जारी किए गए वीजा बुलेटिन में भारतीयों के लिए ईबी 5 वीजा श्रेणी में कटौती की है। विदेश विभाग ने अनारक्षित वीजा श्रेणी आवेदनों की वेटिंग कट ऑफ एक मई 2019 कर दी है। पहले यह एक नवंबर 2019 थी। अब एक मई 2019 के बाद ईबी 5 वीजा के लिए आवेदन करने वालों को लंबा इंतजार करना होगा।

बुलेटिन में कहा गया है कि ईबी-5 अनारक्षित वीजा श्रेणियों में भारत द्वारा उच्च मांग और संख्या के उपयोग, शेष विश्व में बढ़ती मांग और संख्या के उपयोग के कारण वित्त वर्ष 2025 की वार्षिक सीमा के अंतर्गत संख्या के उपयोग को अधिकतम सीमा के भीतर रखने के लिए भारत की अंतिम कार्रवाई तिथि को और पीछे करना आवश्यक हो गया है। यदि मांग और उपयोग की संख्या में वृद्धि जारी रही तो शेष विश्व के देशों के लिए अंतिम कार्रवाई की तिथि निर्धारित करना भी आवश्यक हो सकता है। बुलेटिन में कहा गया कि आव्रजन और राष्ट्रीयता अधिनियम (आईएनए) की धारा 201 के अनुसार निर्धारित परिवार प्रायोजित वरीयता वाले प्रवासियों के लिए वित्तीय वर्ष 2025 की सीमा 226,000 है। वार्षिक रोजगार आधारित वरीयता वाले प्रवासियों के लिए विश्वव्यापी स्तर कम से कम 140,000 है। धारा 202 के तहत वरीयता वाले प्रवासियों के लिए प्रति देश सीमा कुल वार्षिक परिवार प्रायोजित और रोजगार आधारित वरीयता सीमा का 7 प्रतिशत, यानी 25,620 निर्धारित की गई है। आश्रित क्षेत्र की सीमा 2 प्रतिशत या 7,320 निर्धारित की गई है। वहीं अमेरिकी प्रशासन ने ईबी 1 और ईबी 2 वीजा श्रेणियों में कोई बदलाव नहीं किया है। अमेरिकी विदेश विभाग में रोजगार-आधारित स्थिति समायोजन आवेदनों को स्वीकार करेगा, जिसके लिए पात्र होने के लिए विदेशी नागरिकों को अपनी वरीयता श्रेणी और देश के लिए निर्दिष्ट तिथि से पहले की प्राथमिकता तिथि की आवश्यकता होगी।

अफगानिस्तान में 4 लोगों को दी मौत की सजा, बतौर सजा स्टेडियम में मारी गोली

-मानव अधिकार समूहों और संयुक्त राष्ट्र ने की घटना की निंदा

काबुल। अफगानिस्तान में हत्या के एक मामले में दोषी चार लोगों को मौत की सजा सुनाई गई। इसके कुछ दिनों बाद चारों दोषियों को शुक्रवार को स्टेडियम में गोली मार दी गई और यह 2021 में तालिबान के सत्ता में लौटने के बाद से एक दिन में सबसे ज्यादा लोगों को मौत की सजा दी गई है। मानव अधिकार समूहों और संयुक्त राष्ट्र ने इस घटना की निंदा की है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक तालिबान नेता हिबतुल्ला अखुंदजादा ने पूर्व में अफगानिस्तान में पश्चिमी कानूनों की जरूरत को खारिज कर दिया था। तालिबान के मुख्य प्रवक्ता जबीहुल्ला मुजाहिद ने रविवार को एक्स पर एक ऑडियो जारी किया। इसमें अखुंदजादा ने कहा कि हमें अनुशासन और इबादत के काम करने चाहिए। हमें पूरी तरह से इस्लाम अपनाना चाहिए। इस्लाम सिर्फ कुछ रस्मों तक सीमित नहीं है। यह सभी अल्लाह के आदेशों की एक व्यापक व्यवस्था है। दक्षिणी कंधार प्रांत में एक कार्यक्रम में अखुंदजादा ने कहा कि इस्लाम का एक भी आदेश अधूरा नहीं छोड़ा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि अल्लाह ने लोगों को इबादत करने और उसकी सजाओं को लागू करने का आदेश दिया है। उन्होंने कहा कि तालिबान ने सत्ता या धन के लिए युद्ध नहीं किया बल्कि इस्लामी कानून को लागू करने के लिए युद्ध किया। उन्होंने दोषियों को गोली मारे जाने के लिए हो रही आलोचना को खारिज कर दिया है।

ढाका में मस्जिद बनी चर्चा का विषय, दान में मिले करोड़ों रुपए

ढाका। बांग्लादेश के किशोरगंज जिले में एक मस्जिद फिर चर्चा का विषय बनी गई है। इस मस्जिद में 4 महीनों के अंदर करोड़ों का दान आया है। जहां 28 बोरों में बांग्लादेशी रुपयों को भरा गया है। इसे गिनने के लिए 400 लोगों की टीम लगाई गई है।

एक रिपोर्ट के मुताबिक किशोरगंज के उपायुक्त और मस्जिद प्रबंधन समिति की अध्यक्ष फौजिया खान और एसपी मोहम्मद हसन चौधरी की उपस्थिति में मस्जिद की दान पेटियां खोली गईं।

मस्जिद प्रबंधन समिति की अध्यक्ष फौजिया खान ने बताया कि इस बार 11 दान पेटियां खोली गईं हैं। एकत्र की गई नकदी को गिनती के लिए मस्जिद की दूसरी मंजिल पर लाया गया। मस्जिद में दान की पेटी आमतौर पर हर तीन महीने में खोली जाती है। इस बार इन्हें चार महीने और 12 दिन बाद खोला गया है। वर्तमान में मस्जिद के बैंक खाते में 80.75 करोड़ टका (बांग्लादेशी रुपया) जमा है।

भारत के विरोध के बाद भी पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर के दौरे पर जाएगा अमेरिकी सांसदों का दल

इस्लामाबाद। अमेरिकी सांसदों का एक दल पाकिस्तान के दौरे पर पहुंचा है। अमेरिकी सांसदों ने पाकिस्तान के असली शासक सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर से मुलाकात की है। अमेरिका के नेताओं ने कश्मीर में आतंकवाद को भड़काने वाली पाकिस्तानी सेना की आतंक निरोधी अभियान की तारीफ की है। अमेरिकी सांसदों के दल में जैक बेर्गमैन, थॉमस सोउजी और जोनाथन जैक्सन शामिल हैं। इस अमेरिकी दल ने सेना प्रमुख के अलावा गृहमंत्री मोहसिन नकवी से भी मुलाकात की। मुलाकात में जनरल मुनीर ने जो गिफ्ट दिया, उसमें भी कश्मीर लिखा हुआ है। यह अमेरिकी दल पाकिस्तान के इशारे पर पाकिस्ताेन अधिकृत कश्मीर यानि पीओके के दौरे पर भी जाएगा।वहीं भारत ने अमेरिकी नेताओं की यात्रा का कड़ा विरोध किया है। भारत के विरोध के बाद अमेरिकी सांसद पीओके दौरे पर जा रहे हैं। पाकिस्तानी मीडिया ने बताया कि यह अमेरिकी सांसदों का दल पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर की राजधानी मुजफ्फराबाद की यात्रा पर भी जाएगा। इस दौरान पाकिस्तानी सेना के बैठाए हुए पीओके के पिट्ठू नेता पूरी प्लानिंग के साथ अमेरिकी सांसदों के दल से भारत के जम्मू-कश्मीर का मुद्दा उठाने जा रहे हैं। हाल के दिनों में पाकिस्तानी सेना ने एलओसी पर कई बार फायरिंग और घुसपैठ की कोशिश की है। अमेरिकी दल को पीओके नेताओं की ओर से एलओसी के हालात के बारे में भी बताया जाएगा।इसके पहले साल 2023 में भी एक अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल ने पीओके की यात्रा की थी जिसका भारत ने कड़ा विरोध किया था।

जेलेंस्की का ट्रंप को निमंत्रण, यूक्रेन आकर देख लें किसी तरह पुतिन ने बर्बाद कर दिया

कीव। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से सार्वजनिक तौर पर आग्रह किया है कि वे यूक्रेन आकर रूसी आक्रमण से हुई तबाही को अपनी आंखों से देख लें। राष्ट्रपति जेलेंस्की का यह आग्रह व्हाइट हाउस में ट्रंप के साथ हुई उनकी बहस के बाद आया है, इसमें अमेरिकी ट्रंप टीम और जेलेंस्की के बीच में काफी कहासुनी हुई थी। इसके बाद जेलेंस्की को व्हाइट हाउस से बिना कोई डील किए ही निकल गए थे।

एक इंटरव्यू में जेलेंस्की ने ट्रंप को संबोधित कर कहा, मैं राष्ट्रपति ट्रंप से कहना चाहूंगा कि कृपया मुद्दे पर किसी भी तरह के निर्णय, किसी भी तरह की बातचीत से पहले यूक्रेन के लोगों, नागरिकों हमारे योद्धाओं, हमारे अस्पतालों, चर्चों, बच्चों को नष्ट या मारे हुई अवस्था में देखने के लिए यहां आएं। जेलेंस्की ने कहा कि ट्रंप जब यूक्रेन का दौरा करें, तब समझ में आएगा कि पुतिन ने क्या किया है। जेलेंस्की का यह निमंत्रण व्हाइट हाउस की उस मीटिंग के बाद आया है जिसमें ट्रंप और जेलेंस्की के बीच में जोरदार बहस हुई थी। उसी मीटिंग के दौरान अमेरिकी उपराष्ट्रपति वेंस ने जेलेंस्की के ऊपर विदेशी नेताओं को यूक्रेन बुलाकर यूक्रेन के पक्ष में प्रोपेगेंडा टूर कराने का आरोप लगाया था। जेलेंस्की से जब पूछा गया, तब उन्होंने आरोप से साफ तौर पर इंकार किया। जेलेंस्की ने कहा कि अगर ट्रंप यहां आते हैं, तब हम यहां पर उनके लिए किसी तरह का कोई थियेटर नहीं तैयार करने वाले है। वह अपने हिसाब से रूस द्वारा तबाह किए गए किसी भी शहर में जा सकते हैं। हम कोई प्रोपेगेंडा नहीं कर रहे हैं। यह हमारी हकीकत है और हम उसी को दिखा रहे हैं।जेलेंस्की ने कहा, मैंने ट्रंप से यह कई बार कहा है कि पुतिन पर भरोसा नहीं किया जा सकता.. तब जब लोग पूछते हैं कि युद्ध विराम क्यों काम नहीं कर रहा है तब इसका सबसे बड़ा कारण यही होता है। पुतिन कभी भी युद्ध का अंत नहीं चाहते थे। पुतिन कभी भी नहीं चाहते थे कि हम स्वतंत्र हों।

पाकिस्तान आतंकवाद और दुनिया के बीच दीवार की तरह खड़ा है- नकवी

-अमेरिकी शिष्टमंडल ने द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने पर की चर्चा



इस्लामाबाद। पाकिस्तान के गृह मंत्री मोहसिन नकवी ने कहा है कि उनका देश आतंकवाद और दुनिया के बीच दीवार की तरह खड़ा है। उन्होंने अमेरिकी संसद के शिष्टमंडल से मुलाकात की और अर्थव्यवस्था, व्यापार, सुरक्षा व आतंकवाद-रोधी क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने पर चर्चा की। अमेरिकी शिष्टमंडल में जैक बर्गमैन, थॉमस रिचर्ड सुओजी और जोनाथन एल जैक्सन शामिल थे। मीडिया रिपोर्ट में जारी आधिकारिक बयान के मुताबिक दोनों पक्षों ने अर्थव्यवस्था, व्यापार, निवेश, सुरक्षा और आतंकवाद-रोधी सहयोग को आगे बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करते हुए आपसी हितों के मामलों पर बातचीत की। नकवी ने कहा कि आतंकवाद एक वैश्विक चुनौती है और अंतरराष्ट्रीय समुदाय को पाकिस्तान के साथ पूर्ण सहयोग करने की जरूरत है। उन्होंने यह रेखांकित किया कि पाकिस्तान आतंकवाद और दुनिया के बीच एक दीवार की तरह खड़ा है।नकवी ने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ युद्ध में पाकिस्तान की कुर्बानी अतुलनीय है और अमेरिकी शिष्टमंडल की यह यात्रा आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में पाकिस्तान की भूमिका को रेखांकित करने में अहम साबित होगी। अमेरिकी शिष्टमंडल ने योजना मंत्री अहसान इकबाल से मुलाकात की थी और दोनों देशों के बीच संबंधों को बढ़ावा देने पर चर्चा की थी। इकबाल ने कहा कि नये भूराजनीति हालात में पाकिस्तान-अमेरिका संबंधों में एक नया संतुलन स्थापित करने की जरूरत है जो जमीनी हकीकत, आपसी विश्वास और विकास केंद्रित साझेदारी पर आधारित हो।

रूस ने सूमी शहर पर दागी मिसाइल, 34 की मौत, कई घायल, मरने वालों में बच्चे भी

-फ्रांस के राष्ट्रपति ने कहा यह हमला शांति प्रयासों को कमजोर करेगा

कीव। यूक्रेन के सूमी शहर में रविवार को रूस के मिसाइल हमले में कम से कम 34 लोगों की मौत हो गई और 117 घायल हो गए। यह हमला उस समय हुआ जब लोग पाम संडे मना रहे थे। मीडिया रिपोर्ट में यूक्रेनी अधिकारियों ने बताया कि यह हमला सुबह करीब 10ः15 बजे दो बैलिस्टिक मिसाइलों के जरिए किया गया। मृतकों में दो बच्चे भी शामिल हैं, जबकि घायलों में 15 बच्चे हैं। घटना के वीडियो फुटेज में शवों को कम्बलों में लपेटकर सड़क किनारे रखा गया और अग्निशमन दल क्षतिग्रस्त इमारतों से धधकती कारों की आग बुझाते नजर आया।

यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने हमले की पुष्टि करते हुए कहा कि यह हमला आम नागरिकों को निशाना बनाकर किया गया है। राष्ट्रपति कार्यालय के प्रमुख ने आरोप लगाया कि रूस ने हमले में क्लस्टर बमों का इस्तेमाल किया, हालांकि इसकी स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है। यह सूमी पर एक सप्ताह में दूसरा बड़ा हमला है। इससे पहले, 4 अप्रैल को क्रिवी रीह में मिसाइल हमले में 20 लोगों की मौत हो गई थी। जेलेंस्की ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से तत्काल और ठोस प्रतिक्रिया की अपील करते हुए कहा कि बातचीत से मिसाइलें नहीं रुकतीं। अब समय है कि रूस को आतंकवादी राष्ट्र जैसा ही जवाब दिया जाए।इस हमले की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी तीखी आलोचना हो रही है। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कहा कि यह हमला शांति प्रयासों को कमजोर करता है और रूस की आक्रामक नीतियों को उजागर करता है। उन्होंने कहा कि रूस ने ही इस युद्ध को जारी रखने का निर्णय लिया है, अंतरराष्ट्रीय कानून और मानवीय जीवन की परवाह किए बिना। खारकिव में एक किंडरगार्टन पर हमले से इमारत क्षतिग्रस्त हुई, लेकिन वहां किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। यूक्रेन और रूस के बीच संघर्ष अब और भी अधिक तेज हो गया है, जिससे शांति की संभावनाएं कमजोर होती दिख रही हैं।

रंगसंसार

मनोज कुमार की अस्थियां हरिद्वार में गंगा में विर्सजित

हिंदी सिनेमा के दिग्गज अभिनेता मनोज कुमार का 4 अप्रैल को लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया था। मुंबई के पवन हंस घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया और 6 अप्रैल को उनकी प्रेयर मीट आयोजित की गई। अब हाल ही में उनके परिजनों ने उनकी अस्थियों को हरिद्वार के हर की पौड़ी स्थित ब्रह्म कुंड में विधिवत रूप से गंगा में प्रवाहित किया। इस अवसर पर उनके बेटे कुणाल गोस्वामी और विशाल गोस्वामी अपने परिवार के साथ मौजूद रहे। पंडितों की उपस्थिति में मंत्रोच्चार के साथ पूरे धार्मिक रीति-रिवाजों का पालन करते हुए अस्थि विसर्जन किया गया। इस दौरान मनोज कुमार के परिवार ने मां गंगा से उनकी आत्मा की शांति की प्रार्थना की। बेटे कुणाल गोस्वामी ने कहा, च्पिताजी की अस्थियों को गंगा में प्रवाहित कर दिया गया है। मां गंगे से हम उनकी आत्मा की शांति की कामना करते हैं ज्ज् मनोज कुमार को उनके देशभक्ति से जुड़े किरदारों और भारत कुमार की छवि के लिए हमेशा याद किया जाएगा।

पवन कल्याण के बेटे की अस्पताल से छुट्टी

साउथ सुपरस्टार और आंध्र प्रदेश के उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण के बेटे मार्क शंकर हाल ही में सिंगापुर के एक स्कूल में लगी आग की घटना में घायल हो गए थे। आठ साल के मार्क को इस हादसे में झुलसने के साथ-साथ सांस लेने में भी दिक्कत हुई थी, जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती किया गया था। कई दिनों के इलाज के बाद अब राहत की खबर है कि मार्क को अस्पताल से छुट्टी मिल गई है और वह अपने पिता के साथ हैदराबाद लौट आए हैं। सोशल मीडिया पर सामने आए एक वीडियो में पवन कल्याण एयरपोर्ट पर अपने बेटे को सीने से लगाए नजर आ रहे हैं। ब्लैक जैकेट में लिपटे नन्हे मार्क अपने पापा के गले लगे हुए दिखाई देते हैं। हालांकि, इस दौरान उनका चेहरा कैमरे में नजर नहीं आता। वीडियो में पवन कल्याण बेटे को कार में बैठाकर घर की ओर रवाना होते दिखाई देते हैं। इस भावुक पल को देख फैन्स ने राहत की सांस ली है और मार्क की सलामती के लिए भगवान का शुक्रिया अदा किया है। सभी उनके जल्द पूरी तरह स्वस्थ होने की कामना कर रहे हैं।

जाटज् की सफलता पर हेमा और ईशा ने जताई खुशी

बॉलीवुड अभिनेता सनी देओल की फिल्म च्जाटज् हाल ही में सिनेमाघरों में रिलीज हुई और पहले ही दिन से बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा रही है। फिल्म को दर्शकों और समीक्षकों से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिल रही है। सनी की दमदार एक्टिंग, देशभक्ति से भरपूर कहानी और जोरदार एक्शन ने फैंस को बेहद प्रभावित किया है। इस फिल्म की सफलता पर उनके परिवार की प्रतिक्रिया भी सामने आई है। हाल ही में हेमा मालिनी और ईशा देओल मुंबई में एक इवेंट में नजर आईं, जहां उन्होंने सनी की फिल्म के लिए अपनी खुशी जाहिर की। हेमा मालिनी ने कहा कि उन्हें फिल्म की जबरदस्त ओपनिंग के बारे में सुनकर बहुत अच्छा लगा और उन्हें पूरा यकीन है कि फिल्म शानदार होगी। वहीं, ईशा देओल ने भी सनी देओल की मेहनत की सराहना करते हुए कहा कि यह सब उनकी लगन और लोगों के प्यार का नतीजा है। सनी देओल को लेकर दोनों की यह प्रतिक्रिया उनके पारिवारिक रिश्तों में आई गर्मजोशी को भी दिखाती है। जाट की कामयाबी सनी के करियर में एक और मील का पत्थर साबित हो रही है।

जया बच्चन का बेबाक जवाब

बॉलीवुड की दिग्गज एक्ट्रेस और सांसद जया बच्चन हमेशा अपने साफ-सपाट बयानों के लिए चर्चा में रहती हैं। 77 वर्षीय जया अब फिल्मों में कम नजर आती हैं और उन्हें आखिरी बार करण जौहर की फिल्म च्रॉकी और रानी की प्रेम कहानीज् में देखा गया था। हाल ही में जब उनसे लुक्स में बदलाव को लेकर सवाल किया गया, खासतौर पर कॉस्मेटिक सर्जरी जैसे ट्रेंड्स के बारे में, तो उन्होंने बड़ी सादगी और आत्मविश्वास के साथ जवाब दिया। जया ने कहा कि उन्हें अपने चेहरे की झुर्रियों और सफेद बालों पर गर्व है और वे कभी भी अपने लुक्स को बदलने के लिए सर्जरी नहीं करवाएंगी। उन्होंने आगे कहा कि वह उम्र को नेचुरल तरीके से अपनाना पसंद करती हैं और सुंदर दिखने के लिए किसी भी तरह का आर्टिफिशियल ट्रीटमेंट नहीं कराना चाहतीं। जया बच्चन ने यह भी साफ किया कि उन्होंने अब तक कोई आर्टिफिशियल प्रक्रिया नहीं अपनाई और आगे भी ऐसा करने का कोई इरादा नहीं है। उनका यह बयान सोशल मीडिया पर काफी सराहा जा रहा है और लोग उनकी सोच को उम्रदराज महिलाओं के लिए प्रेरणादायक मान रहे हैं।

राजनीति की तरह बदल रहा है मौसम

देश की राजधानी दिल्ली शहर कई राज्यों का मौसम बदल गया है। जिस तरह राजनीति में गर्मी देखने को मिल रही है। उसी तरह गर्मी के मौसम में मौसम का रंग पल-पल में बदल रहा है। सबसे बड़े आश्चर्य की बात है। गर्मी के इस मौसम में जगह-जगह बारिश हो रही है। ओले गिर रहे हैं, जगह-जगह भूकंप आ रहे हैं। आम जनमानस समझ नहीं पा रहा,उसे क्या करना है। राजनीति की तरह अब मौसम भी अपने रंग दिखाने लगा है। बेचारी जनता करे तो क्या करे।

चलते चलते जवानों की मौत?

नई दिल्ली के इंदिरा गांधी हवाई अड्डे पर विमान को लैंड करने के तुरंत बाद जवान पायलट की हार्ट अटैक से मौत हो गई।उसे अस्पताल भी नहीं पहुंचाया जा सका। हवाई अड्डा के अधिकारियों का कहना है। लैंडिंग के बाद ही पायलट की तबीयत बिगड़ता शुरू हुई, देखते ही देखते वह मौत के मुंह में समा गया। कोविड के बाद जिस तरह से लोगों की नाचते गाते चलते फिरते कम उम्र के लोगों की मौत हो रही है। उसने लोगों की चिंता को बढ़ा दिया है। भारत सरकार कोविड के बाद जिन्हें टीके लगे थे,और जिन्हे टीके नहीं लगे थे। उनकी मौत किस तरह से हो रही है। यह भी सरकार नहीं जानना चाहती है। इससे लोग भयभीत है।

बंगाल में काली मैया और भगवान राम के बीच रार

पश्चिम बंगाल के डॉक्टर हड़ताल पर चल रहे हैं। अब 25000 शिक्षक सुप्रीम कोर्ट के आदेश के खिलाफ भूख हड़ताल पर बैठ गए हैं। रही सही कसर वक्फ बिल ने पूरी कर दी है। मुर्शिदाबाद और पश्चिम बंगाल के अन्य शहरों में मुसलमानो का प्रदर्शन हो रहा है। राज्य सरकार और पुलिस पशोपेश में हैं। वह करे, तो क्या करे। अगले साल चुनाव है। राजनीतिक दलों और राजनेताओं को चुनाव जीतना है। उसमें जितनी बली चढ़ सकती है, चढ़ जाए। चुनाव तो जीत जाएं। इसमें सबसे ज्यादा हालत बंगाल पुलिस की खराब हो रही है।रही सही कसर न्यायपालिका पूरी कर रही है। न्यायपालिका का पश्चिम बंगाल के लिए अलग फैसले होते हैं। केंद्र सरकार और भाजपा शासित राज्यों के लिए न्यायपालिका के अलग फैसले होते हैं। इसको लेकर ममता दीदी न्याय पालिका के खिलाफ मैदान में उतर आई हैं। पश्चिम बंगाल में क्या होगा, यह काली मैया तय करेंगी या भगवान राम तय करेंगे। एक पक्ष काली मय्या की छत्रछाया में है। दूसरा पक्ष भगवान राम की छत्रछाया में है।

दैनिक पंचांग

15 अप्रैल 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति

ग्रह स्थिति		लग्नारंभ समय	
सूर्य	मेष में	मेष	05.40 बजे से
चंद्र	तुला में	वृष	07.20 बजे से
मंगल	कर्क में	मिथुन	09.18 बजे से
बुध	मीन में	कर्क	11.31 बजे से
गुरु	वृष में	सिंह	13.48 बजे से
शुक्र	मीन में	कन्या	15.59 बजे से
शनि	मीन में	तुला	18.10 बजे से
राहु	मीन में	वृश्चिक	20.25 ब.से
केतु	कन्या में	धनु	22.41 बजे से
राहुकाल		मकर	00.46 बजे से
3.00 से 4.30		कुंभ	02.33 बजे से
बजे तक		मीन	04.05 बजे से

मंगलवार 2025 वर्ष का 105 वा दिन **दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** ग्रीष्म। **विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1946 **मास** वैशाख (दक्षिण भारत में चैत्र) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** द्वितीया 10.56 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** विशाखा 03.11 बजे रात्र को समाप्त। **योग** सिद्धि(असृक) 23.33 बजे को समाप्त। **करण** गर 10.56 बजे तदनन्तर वणिज 00.08 बजे रात्र को समाप्त। **चन्द्रायु** 16.6 घण्टे
रवि क्रान्ति उत्तर 09° 47'
सूर्य उत्तरायन
कलि अहर्गण 1872315
जूलियन दिन 2460780.5
कलियुग संवत् 5125
कल्पारंभ संवत् 1972949123
सृष्टि ग्रहारंभ संवत् 1955885123
वीरनिर्वाण संवत् 2551
हिजरी सन् 1446
महीना सव्वाल
तारीख 16
विशेष पहेला वैशाख।

दिन का चौघड़िया			रात का चौघड़िया		
रोग	05.53 से	07.22 बजे तक	काल	05.42 से	07.13 बजे तक
उद्वेग	07.22 से	08.15 बजे तक	लाभ	07.13 से	08.45 बजे तक
चर	08.15 से	10.19 बजे तक	उद्वेग	08.45 से	10.16 बजे तक
लाभ	10.19 से	11.48 बजे तक	शुभ	10.16 से	11.48 बजे तक
अमृत	11.48 से	01.16 बजे तक	अमृत	11.48 से	01.19 बजे तक
काल	01.16 से	02.45 बजे तक	चर	01.19 से	02.51 बजे तक
शुभ	02.45 से	04.13 बजे तक	रोग	02.51 से	04.22 बजे तक
रोग	04.13 से	05.42 बजे तक	काल	04.22 से	05.54 बजे तक

चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

मनीषा कोइराला
ने मनाया जिंदगी का जश्न

मुंबई (आईएएनएस)। कैंसर से जंग जीत चुकी बॉलीवुड एक्ट्रेस मनीषा कोइराला अपनी मां के साथ मिलकर जीवन और स्वास्थ्य का जश्न मना रही हैं। एक्ट्रेस ने हाल ही में सोशल मीडिया पर अपनी मां के साथ बिताए खास पलों की तस्वीर शेयर की, जिसमें उन्होंने परिवार की मजबूती और ताकत को दर्शाया है। मनीषा ने बताया कि अपनी स्वास्थ्य जांच में पूरी तरह स्वस्थ पाए जाने के बाद उन्होंने अपनी मां के साथ यह खुशी मनाई। इस मौके पर मां-बेटी की जोड़ी ने डोसे का लुत्फ उठाया। अभिनेत्री ने रविवार को इंस्टाग्राम पर अपनी मां के साथ एक तस्वीर पोस्ट की।

कैप्शन में उन्होंने लिखा, स्वास्थ्य और उपचार का जश्न मना रही हूं। आज कुंडलिनी डायग्नोस्टिक्स के बाद मां और मैंने बहुत ही स्वादिष्ट डोसा खाया। एक बुद्धिमान व्यक्ति ने मुझसे कहा था कि 'जब भी आपको चेक-अप से क्लीन चिट मिले, तो हमेशा जश्न मनाएं।' तो हम यहां हैं और खुशी और हर पल का आनंद ले रहे हैं।त्त मनीषा ने पोस्ट शेयर करते हुए कुछ हैशटैग का भी इस्तेमाल किया, जिसमें मां-बेटी के प्यार, खुशी, डोसा लव जैसे शब्दों का जिक्र किया। 2012 में मनीषा कोइराला को स्टेज 4 के ओवेरियन कैंसर का पता चला था। उन्होंने न्यूयॉर्क में सर्जरी और कीमोथेरेपी सहित व्यापक उपचार कराया और 2013 तक पूरी तरह ठीक हो गईं। इसके बाद वे कैंसर से बचे लोगों की मुखर समर्थक बन गईं और वे अपनी यात्रा का इस्तेमाल जागरूकता बढ़ाने और दूसरों को प्रेरित करने के लिए करती हैं।



इब्राहिम-सारा स्विट्जरलैंड में मना रहे छुट्टियां

मुंबई (आईएएनएस)। बॉलीवुड अभिनेत्री सारा अली खान न केवल स्विट्जरलैंड की खूबसूरती का आनंद ले रही हैं, बल्कि वह अपने भाई इब्राहिम अली खान के लिए फोटोग्राफर बनकर एक आदर्श बहन की भूमिका भी निभा रही हैं। भाई-बहन की यह जोड़ी इस समय आल्प्स में छुट्टियां मना रही है। इस दौरान अभिनेत्री का एक और पक्ष भी दिखा। अभिनेत्री अपने छोटे भाई के लिए इन-हाउस फोटोग्राफर बन गई हैं। सारा अपने भाई इब्राहिम के बेहतरीन पलों को कैमरे में कैद कर रही हैं। रविवार को इब्राहिम ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर अपनी कुछ तस्वीरें शेयर कीं। पहली तस्वीर में वह एक रेस्टोरेंट में बैठे हुए पोज देते दिखे। दूसरी तस्वीर में सारा और इब्राहिम साथ बैठे नजर आ रहे हैं। आखिरी तस्वीर में इब्राहिम कैमरे की ओर देख रहे हैं। भाई-बहन की यह जोड़ी एक करीबी रिश्ता साझा करती है। दोनों अक्सर सोशल मीडिया पर अपने सुनहरे पलों की झलकियां प्रशंसकों से शेयर करते हैं।

बलराज साहनी

मुंबई,(वार्ता)। फिल्म जगत में बलराज साहनी को एक ऐसे अभिनेता के तौर पर याद किया जाता है, जिन्होंने अपने संजीदा और भावात्मक अभिनय से लगभग चार दशक तक सिने प्रेमियों का भरपूर मनोरंजन किया।

एक मई 1913 को पाकिस्तान के रावलपिंडी में एक मध्यम वर्गीय व्यवसायी परिवार में जन्मे बलराज साहनी का बचपन से ही झुकाव अपने पिता के पेशे की ओर न होकर अभिनय की ओर था। उनका मूल नाम युधिष्ठर साहनी था। लाहौर के मशहूर गवर्नमेंट कॉलेज से अंग्रेजी साहित्य में स्नाकोत्तर की शिक्षा पूरी करने के बाद बलराज साहनी रावलपिंडी लौट गए और पिता के व्यापार में उनका हाथ बंटाने लगे।

वर्ष 1930 अंत मे बलराज साहनी और उनकी पत्नी दमयंती रावलपिंडी छोड़ गुरूदेव रवीन्द्र नाथ टैगोर के शांति निकेतन पहुंचें, जहां साहनी अंग्रेजी के शिक्षक के रूप मे नियुक्त हुए। वर्ष 1938 में साहनी ने महात्मा गांधी के साथ भी काम किया। इसके एक वर्ष के बाद महात्मा गांधी के सहयोग से बलराज साहनी को बीबीसी के हिन्दी के उदघोषक के रूप में इग्लैंड में नियुक्त किया गया। लगभग पांच वर्ष के इंग्लैंड प्रवास के बाद वह 1943 में भारत लौट आए। इसके बाद बलराज साहनी अपने बचपन के शौक को पूरा करने के लिए इंडियन प्रोग्रेसिव थियेटर एसोसिएशन (इप्टा) में शामिल हो गए। इप्टा की निर्मित फिल्म 'धरती के लाल' में उन्हें बतौर अभिनेता काम करने का मौका मिला। उन्हें अपने क्रांतिकारी और कम्युनिस्ट विचार के कारण जेल भी जाना पड़ा। उन दिनों वह फिल्म 'हलचल' की शूटिंग में व्यस्त थे और निर्माता के आग्रह पर विशेष व्यवस्था के तहत फिल्म की शूटिंग किया करते थे। शूटिंग खत्म होने के बाद वापस जेल चले जाते थे।

> वर्ष 1938 में साहनी ने महात्मा गांधी के साथ भी काम किया। इसके एक वर्ष के बाद महात्मा गांधी के सहयोग से बलराज साहनी को बीबीसी के हिन्दी के उद्घोषक के रूप में इग्लैंड में नियुक्त किया गया।

वर्ष 1951 में फिल्म 'हमलोग' के जरिए बलराज साहनी बतौर अभिनेता अपनी पहचान बनाने में सफल रहे। वर्ष 1953 में आई फिल्म 'दो बीघा जमीन' साहनी के करियर मे अहम पड़ाव साबित हुई। फिल्म 'दो बीघा जमीन' को आज भी भारतीय फिल्म इतिहास की सर्वश्रेष्ठ कलात्मक फिल्मों में शुमार किया जाता है। इस फिल्म को अंतराष्ट्रीय स्तर पर भी काफी सराहा गया तथा कांस फिल्म महोत्सव के दौरान इसे अंतराष्ट्रीय पुरस्कार भी मिला। वर्ष 1961 में प्रदर्शित फिल्म 'काबुलीवाला' में साहनी ने अपने संजीदा अभिनय से दर्शको को भावविभोर कि या। इस किरदार के लिए वह मुंबई मे एक काबुलीवाले के घर में लगभग एक महीना तक रहे।

माही- शिल्पी का गाना 'चईत में चार दिन' रिलीज

मुंबई (वार्ता)। अभिनेत्री माही श्रीवास्तव और गायिका शिल्पी राज का गाना'चईत में चार दिन'रिलीज हो गया है। इस गाने को शिल्पी राज ने गाया है। इसके वीडियो में माही श्रीवास्तव औरअवनीश आर्या हैं। इस गाने को रवि यादव ने लिखा है, जबकि संगीतकार छोटू रावत हैं।

तापसी
ने हेमकुंट फाउंडेशन के साथ हाथ मिलाया

नई दिल्ली (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेत्री तापसी पन्नू ने भीषण गर्मी से जूझ रहे वंचित परिवारों को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से हेमकुंट फाउंडेशन के साथ हाथ मिलाया। हेमकुंट फाउंडेशन ने जरूरतमंद लोगों को पंखे और वाटर कूलर बांटे। इस पहल का उद्देश्य झुग्गी-झोपड़ियों और कम आय वाले इलाकों पर ध्यान केंद्रित करना था, जहां लोगों को बुनियादी कूलिंग उपकरणों की कमी के कारण चिलचिलाती गर्मी से निपटने में अत्यधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। तापसी पन्नू ने अपने विचार साझा करते हुए कहा, हम अक्सर पंखे या कूलर जैसी बुनियादी सुविधाओं को हल्के में ले लेते हैं, लेकिन बहुत से लोगों के लिए, खासकर इस असहनीय गर्मी में, हल्की हवा भी आशीर्वाद की तरह महसूस होती है। इस पहल का हिस्सा बनकर मैं बहुत प्रभावित हुई। यह केवल देने के बारे में नहीं है।यह लोगों के साथ खड़े होने, उनके दर्द को समझने और उन्हें कम करने के लिए जो कुछ भी हम कर सकते हैं, करने के बारे में है। हेमकुंट फाउंडेशन के निदेशक हरतीरथ सिंह ने कहा, जब तापमान 40 डिग्री को पार कर जाता है, तो झुग्गी-झोपड़ियों में रहना लगभग असंभव हो जाता है, जहाँ बमुश्किल कोई वेंटिलेशन या छाया होती है। लोग बिना पंखे या कूलर के चुपचाप कष्ट सहते है, जिससे दिन भर उनका गुजारा हो सके। इसी बात ने हमें यह पहल शुरू करने के लिए प्रेरित किया।

'द भूतनी' में नजर आएंगे नवनीत मलिक

मुंबई (आईएएनएस)। अभिनेता नवनीत मलिक अपकमिंग हॉरर-कॉमेडी फिल्म द भूतनी में संजय दत्त की युवावस्था का किरदार निभाते नजर आएंगे। अभिनेता ने बताया, अभिनेता संजय दत्त के साथ काम करना खुशी की बात है। फिल्म में मैं यंग संजय दत्त का किरदार निभा रहा हूं। लेकिन मैं अभी पूरी कहानी या अपने किरदार के बारे में सटीक जानकारी नहीं दे पाऊंगा। मुझे खुशी होगी कि लोग थिएटर में जाएं और इस फिल्म को देखें। फिर हम इसके बारे में बातचीत कर सकते हैं। नवनीत ने आगे कहा, संजय दत्त का व्यक्तित्व शानदार है और उनके किरदार को निभाना आसान काम नहीं है। यह कैमरे के पीछे आसान लग सकता है, लेकिन जैसे ही आप संजय दत्त के रूप में लेंस के सामने आते हैं, आपको पता चलता है कि इसके लिए बहुत हिम्मत की जरूरत होती है। मेरे लिए यह एक चुनौतीपूर्ण भूमिका थी। लेकिन मुझे निर्देशक और पूरी टीम का मार्गदर्शन और समर्थन मिला। उनके चलने से लेकर उनके हाव-भाव तक इन चीजों के साथ ही उन्होंने मुझे उनके किरदार की बारीकियों को समझने में मदद की। हमने इसे लेकर कड़ी मेहनत की है। 'द भूतनी' में मौनी रॉय भी अहम भूमिका में हैं। मौनी के साथ काम करने के अनुभव पर उन्होंने कहा, एक पेशेवर के तौर पर मौनी अद्भुत हैं। उन्होंने मुझे सेट पर सहज महसूस कराया।

कोहली डिहाइड्रेशन से परेशान हुए

जयपुर। आईपीएल में यहां राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली तेज गरमी के कारण परेशान दिखे। इस कारण बीच में मैच भी रोकना पड़ा। मैच में अचानक ही विराट ने राजस्थान के कप्तान संजू सैमसन से धड़कन देखने को कहा। सैमसन इसके बाद विराट के पास पहुंचे।

दिल्ली कैपिटल्स को दोहरा झटका, कप्तान अक्षर पर 12 लाख जुर्माना

नई दिल्ली। दिल्ली कैपिटल्स को मुंबई इंडियंस के खिलाफ हुए मैच में दौहरा झटका लगा है। इस मैच में दिल्ली की टीम को जहां मुम्बई इंडियंस के खिलाफ मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा है। वहीं कैपिटल्स के कप्तान अक्षर पटेल पर धीमी ओवर गति के लिए 12 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। आईपीएल की ओर से कहा गया, यह आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के तहत उनकी टीम का इस सत्र का पहला अपराध था, ये न्यूनतम ओवर-रेट से जुड़ा हुआ है, इसलिए अक्षर पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

करुण और बुमराह में हुआ विवाद

नई दिल्ली। मुंबई इंडियंस और दिल्ली कैपिटल्स के बीच यहां हुए आईपीएल मैच में करुण नायर और जसप्रीत बुमराह के बीच विवाद हो गया। इस मैच में करुण ने 89 रन बनाये। बल्लेबाजी के दौरान करुण ने बूमराह की जमकर पिटाई की और उनके एक ही ओवर में 18 रन बना दिये। इसके बाद बुमराह, करुण पर भड़क गये। ये मामला तब का है जब करुण ने अपना अर्धशतक पूरा किया।

आईपीएल - पूरन के नाम हैं सबसे अधिक छक्के

मुम्बई। आईपीएल के इस सत्र में लखनऊ सुपरजायंट्स की ओर से खेल रहे वेस्टइंडीज के निकोलस पूरन अपनी अक्रामक बल्लेबाजी से रनों की बरसात किये हुए हैं। पूरन ने अपनी पारियों में जमकर चौके और छक्के भी लगाये हैं। पूरन ने अब तक इस टूर्नामेंट में सबसे अधिक 31 छक्के लगाये हैं। इसके साथ ही उन्होंने 6 पारियों में ही 349 रन बना दिये हैं। पूरन के सामने ऑरेंज कैप की दौड़ में साई सुदर्शन 329 को छोड़कर अन्य खिलाड़ी काफी पीछे हैं।

धोनी अब संन्यास लेकर कमेंट्री करें - हेडन

सिडनी। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर और चेन्नई सुपर किंग्स में रहे मैथ्यू हेडन ने कहा है कि विकेटकीपर-बल्लेबाज महेन्द्र सिंह धोनी को अब संन्यास लेकर कमेंट्री करनी चाहिये। हेडन ने कहा कि धोनी अब अपने करियर के अंतिम चरण में हैं। इसलिए उन्हें वास्तविकता को स्वीकार करना चाहिये।

पंजाब किंग्स का मुकाबला आज केकेआर से होगा

शाम 7-30 बजे से शुरु होगा मैच

मुल्लांपुर। पंजाब किंग्स की टीम मंगलवार को आईपीएल में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ मैच में जीत के इरादे से उतरेगी। पंजाब किंग्स का प्रदर्शन अब तक अच्छा रहा है और वह इस मैच में जीत की प्रबल दावेदार मानी जा रही है। उसे इस मैच में अपने घरेलू मैदान का भी लाभ मिलेगा। पिछले मैच में टीम ने कप्तान श्रेयस अय्यर के 82 रनों की सहायता से 245 रन बनाये थे। इसके बाद भी टीम अपने इस स्कोर का बचाव नहीं कर पायी थी। ऐसे में साफ है कि उसके गेंदबाजों को अब बेहतर प्रदर्शन करना होगा। मोहली के इस मैदान को बल्लेबाजी विकेट माना जाता है। यहां अधिकतर पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम 200 से अधिक रन बनाने में सफल रही है। ऐसे में पंजाब के टीम को यहां बेहतर रणनीति से उतरना होगा।

पंजाब किंग्स के गेंदबाजों का मनोबल भी पिछले मैच के बाद कमजोर हुआ है। उसके दो स्पिनरों युजवेंद्र चहल और ग्लेन मैक्सवेल की गेंदों पर पिछले मैच में जमकर रन बने थे। ऐसे में इन्हें बेहतर गेंदबाजी करनी होगी। इन दोनों ने पिछले मैच में सात ओवर में ही 96 रन दिये थे। इसे देखते हुए पंजाब की टीम पिच को लेकर संशय में होगी। पंजाब अगर इस मैच के लिए सपाट विकेट तैयार कराती है तो भी पक्का नहीं है कि उसके गेंदबाज 220 रन तक के स्कोर का बचाव कर लेंगे क्योंकि कोलकाता की टीम में सुनील नरेन, रिंकू सिंह और वेंकटेश अय्यर जैसे आक्रामक बल्लेबाज हैं। पंजाब की गेंदबाजी इकाई का इकॉनमी रेट भी अब तक अच्छा नहीं रहा है। उसके स्पिनर यजुवेन्द्र चहल ने 5 मैचों में प्रति ओवर 11.13 रन दिए हैं और केवल दो विकेट लिए हैं। पंजाब अगर धीमा विकेट तैयार करवाता है तो उसका यह प्रयोग भी नुकसानदेह हो सकता है क्योंकि नाइट राइडर्स के पास वरुण चक्रवर्ती और सुनील नारायण जैसे अच्छे स्पिनर है जो अनुकूल हालातों का पूरा लभ उठाते हैं। वहीं दूसरी ओर नाइट राइडर्स एक ऐसी टीम है जो सपाट और धीमे विकेट दोनों पर प्रभावी है। उसने चेन्नई सुपर किंग्स को उसके घरेलू मैदान पर ही हराया था। जिससे उसका मनोबल बढ़ा हुआ है। । पंजाब किंग्स की बल्लेबाजी कप्तान अय्यर के अलावा प्रियांश आर्य ओर नेहल वढेरा व प्रभसिमरन सिंह और फिनिशर शशांक सिंह पर निर्भर है।

रोहित का लगातार रन नहीं बना पाना चिन्ताजनक : मांजरेकर

अहमदाबाद। पूर्व बल्लेबाज संजय मांजरेकर ने कहा है कि आगामी भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा लगातार रन नहीं बना पाना चिन्ताजनक हैं। भारतीय टीम आईपीएल के बाद इंग्लैंड दौरे पर भी जाना है उसको देखते हुए रोहित का फार्म हासिल करना जरुरी है।

मांजरेकर ने कहा कि टेस्ट ओर टी20 प्रारुप अलग होता है पर इसके बाद भी रन बनने से खिलाड़ी की लय बनी रहती है और उसका मनोबला बढ़ा हुआ रहता है। मांजरकेर ने कहा कि रोहित आईपीएल में भी अब तक रन नहीं बना पाये हैं। इससे साफ है कि अब हालात उनके नियंत्रण से बाहर होते जा रहे हैं। ऐसे में अब उन्हें बेहतर प्रदर्शन के लिए पूरी ताकत लगाकर प्रयास करना होगा। हर सुबह अपना सब कुछ लगाना होगा तभी वह लय हासिल कर सकते हैं। वह आईपीएल के मैचों में सहज नहीं दिखे। मांजरेकर ने कहा, 'रोहित शर्मा एक ऐसे दौर से गुजर रहे हैं जिससे साफ है कि वह पहले वाले रोहित नहीं रहे। अब वह अपने करियर के उस जगह पर हैं जहां उन्हें हर सुबह अपना सब कुछ लगाना होगा। कड़ी ट्रेनिंग करनी होगी और फिटनेस के सर्वश्रेष्ठ स्तर पर पहुंचना होगा तभी वह कुछ कर पायें। वह अब भी अपनी नैसर्गिक प्रतिभा पर भरोसा कर रहे हैं जबकि अब वह नहीं रही। वहीं पिछले दो मैच में रोहित की टीम मुम्बई के प्रदर्शन का आंकलन करते हुए मांजरेकर ने कहा, ' इस टीम से खेल रहे दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ी रेयान रिकेल्टन को भारतीय पिचों पर ढलने में समय लगेगा। साथ ही कहा कि एबी डिविलियर्स और हेनरिक क्लासेन को छोड़कर बहुत कम दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाजों ने भारतीय पिचों पर सफलता हासिल की है इसलिए हमें उन्हें समय देना होगा। उन्होंने कहा, 'इसके अलावा तिलक वर्मा और सूर्यकुमार यादव, रोबिन मिंज और कुछ अन्य खिलाड़ियों के साथ मिलकर बल्लेबाजी क्रम बनाते हैं। हालांकि मुझे लगता है कि यह अब भी पूरी तरह से विश्वसनीय नहीं है और उनमें से बहुत से खिलाड़ी ऐसी पिचों पर निर्भर करते हैं जहां गेंद बल्ले पर अच्छी तरह से आती है।

अफ़ग़ान महिला क्रिकेटरों की सहायता के लिए विशेष टास्क फोर्स बनाएगी आईसीसी

नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) अब अफ़ग़ानिस्तान की विस्थापित महिला क्रिकेट क्रिकेटरों की सहायता के लिए आगे आई है। आईसीसी ने इन महिला क्रिकेटरों की सहायता और उनके विकास के लिए एक विशेष टास्क फोर्स बनाने की बात कही है। आईसीसी की इस पहल से इन महिला खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। इससे उनके खेल और व्यक्तिगत विकास में सहायता मिलेगी। आईसीसी के चेयरमैन जय शाह ने सोशल मीडिया ये ये जानकारी दी है। शा ने कहा, ÷मुझे आईसीसी की ओर से यह घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है कि हमने बीसीसीआई, इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) और क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) के साथ मिलकर एक अहम फैसला लिया है। इसके तहत ही हम अफ़ग़ान महिला क्रिकेटरों को उनके क्रिकेट और विकास की यात्रा में सहायता देंगे। टास्क फोर्स इस महिला क्रिकेटरों को न केवल आर्थिक सहायता देगी, बल्कि खिलाड़ियों को कोचिंग, प्रशिक्षण सुविधाओं के साथ ही मार्गदर्शन भी उपलब्ध करायेगी। इसके लिए आईसीसी एक विशेष कोष बनाएगा। ये सीधे तौर पर इन खिलाड़ियों को आर्थिक सहयोग प्रदान करेगा, जिससे ये विस्थापित महिला क्रिकेट अपना खेल जारी रख सकें। आईसीसी ने यह भी स्पष्ट किया कि इस टास्क फोर्स के ज़रिए इन खिलाड़ियों को विश्वस्तरीय सुविधाएं, कोचिंग प्रोग्राम और मानसिक रूप से मज़बूत बनने के लिए जरुरी सलाह भी दी जाएगी।

आक्रामक पारी के बाद भी टीम को जीत नहीं दिला पाने से निराश हैं करुण

नई दिल्ली। बल्लेबाज करुण नायर की आक्रामक पारी के बाद भी दिल्ली कैपिटल्स को आईपीएल में मुम्बई इंडियंस के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा है। इस सत्र में ये दिल्ली की पहली हार है। इससे निराश करुण ने कहा कि अगर रन बनाने के बाद भी टीम नहीं जीतती है तो अच्छी पारी खेलने का भी कोई मतलब नहीं है। करुण ने इस मैच में 12 चौके और 5 छक्के की मदद से 40 गेंद में 89 रनों की पारी खेलकर शानदार वापसी की है। इससे पहले के मैचों में वह कुछ खास नहीं कर पाये थे। घरेलू क्रिकेट में काफी रन बनाने के बाद करुण को आईपीएल में अवसर मिला था। इस बल्लेबाज ने दिल्ली कैपिटल्स के लिए आईपीएल इतिहास की सबसे अच्छी पारियों में से एक खेली। 205 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए वह इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर उतरे थे। इस दौरान करुण ने जसप्रीत बुमराह तक की गेंदों पर भी जमकर स्ट्रोक खेले।

करुण साल 2022 वह पहली बार आईपीएल में खेल रहे थे। करुण ने कहा, ÷हम मैच जीतने के लिए खेलते हैं, इसलिए मैं निराशा है क्योंकि हम चाहे कितना भी स्कोर करें अगर टीम नहीं जीतती है तो उसका कोई अर्थ नहीं है। मेरे लिए टीम की जीत सबसे अहम है और वही नहीं मिली हालांकि इस मैच से सबक लेकर टीम आगे के मैचों में और अच्छे प्रदर्शन का प्रयास करेगी। मुझे उम्मीद है कि मैं इसी तरह प्रदर्शन करता रहूंगा और हम जीत हासिल करेंगे।÷ करुण ने अभिषेक पोरेल के साथ दूसरे विकेट के लिए 119 रन बनाये हालांकि टीम की हार से उनकी मेहनत बेकार गयी।

रामकथा जीवन का वह थर्मामीटर, जो बताता है कि हमारे अंदर कितने दुर्गुण या सदगुण भरे पड़े हैं - उत्तम स्वामी -

नवलखा अग्रवाल संगठन के रामकथा महोत्सव में बोले महामंडलेश्वर 'बच्चों को सम्पत्ति के साथ साधना और संस्कार भी दें'

इन्दौर। पवित्र तीर्थों में स्नान करते हुए और ऋषि-मुनियों तथा संतों के सानिध्य में राम कथा का श्रवण करना मोक्ष और सुख की प्राप्ति का सहज साधन माना गया है। भले ही मंदिर में एक माला कम फेर लें, चारों धाम की यात्रा न करें, किसी तीर्थ के दर्शन भी नहीं करें, किसी पवित्र नदी में स्नान भी नहीं करें, लेकिन यदि माता-पिता की सेवा में कमी कर दी या उनका मन दुखा दिया तो नर्क की यात्रा से बच नहीं पाएंगे। अपने बच्चों को सम्पत्ति के साथ साधना और संस्कार देने का भी प्रयास करें। शब्द से स्वयं को समाधि में स्थापित करने का नाम है रामकथा । सीधे कहें तो रामकथा हमारे जीवन का वह थर्मामीटर है, जो बताता है कि हमारे अंदर कितने दुर्गुण और कितने सदगुण भरे पड़े हैं। हम केवल एक माला फेरकर जीवन भर के लिए भगवान से संसार का सुख और ऐश्वर्य प्राप्त करना चाहते हैं। केवल दस मिनट की पूजा कर शेष 23 घंटे 50 मिनट के कर्मों की खाता-बही को संतुलित बनाना चाहते हैं, यह कैसे संभव है। प्रख्यात मानस मनीषी महामंडलेश्वर प.पू. उत्तम स्वामी महाराज ने सोमवार को अग्रवाल संगठन नवलखा की मेजबानी में आनंद नगर खेल परिसर मैदान पर चल रहे रामकथा महोत्सव के दौरान उक्त दिव्य विचार व्यक्त किए। विधायक गोलू शुक्ला, जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट, भाजपा अध्यक्ष समित मिश्रा, संगठन के अध्यक्ष महेश अग्रवाल, यजमान समूह के दुर्गेश गर्ग, रामप्रकाश गुप्ता, पिंकी गोयल, प्रमुख संयोजक संदीप गोयल आटो, पार्षद मृदुल अग्रवाल, संजय अग्रवाल हाई-वे, विमल बंसल, संजय बंसल, पी.डी. अग्रवाल, सुरेश रामपीपल्या,राजू बंसल, अमन अग्रवाल, संजय बद्रुका, सुरेश गोयल किराना, विशाल मित्तल, सुनील बड़गोंदा, चंद्रेश बंसल सहित आसपास की कालोनियों के प्रमुख प्रतिनिधियों ने व्यासपीठ की पूजा एवं आरती में भाग लिया।

विश्व तीरंदाजी - भारत के धीरज को मिला कांस्य

ऑबर्नडेल । भारत के धीरज बोम्मदेवरा ने यहां हुई विश्वकप तीरंदाजी के चरण एक के व्यक्तिगत रिकर्व वर्ग में कांस्य पदक जीता है। वहीं इस टूर्नामेंट में भारतीय पुरुष रिकर्व टीम को भी रजत पदक मिला है। इसके अलावा मिश्रित टीम स्पर्धा में स्वर्ण और कंपाउंड पुरुष टीम स्पर्धा में कांस्य पदक मिला था। इस प्रकार भारत को इस टूर्नामेंट में कुल मिलाकर चार पदक मिले हैं। धीरज ने कांस्य पदक के लिए खेले गए मैच में 2-4 से पीछे होने के बाद शानदार वापसी करते हुए स्पेन के एंड्रेस टेमिनो मेडिएल को पांच सेट के मुकाबले में 6-4 से हराया। धीरज को हालांकि सेमीफाइनल में विश्व के चौथे नंबर के खिलाड़ी जर्मनी के फ्लोरियन उनरुह से 1-7 से हार का सामना करना पड़ा। धीरज , तरूणदीप राय और अतनु दास के साथ टीम स्पर्धा के फाइनल में चीन से 1-5 से हारे थे जिससे भारत को रजत पदक ही मिल पाया था। वहीं इससे पहले भारत को मिश्रित टीम स्पर्धा में स्वर्ण और कंपाउंड पुरुष टीम स्पर्ध में कांस्य पदक मिला था।

नई गेंद बनी दिल्ली की हार का कारण - सिद्धू

नई दिल्ली। आईपीएल में मुंबई इंडियंस और दिल्ली कैपिटल्स के बीच मुकाबले में दिल्ली जीत के करीब पहुंचकर भी हार गयी। इस मैच में मुम्बई ने नई गेंद मंगवाई जिससे मुकाबला पलट गया। पूर्व क्रिकेटर से कमेंटेटर बने नवजोत सिंह सिद्धू ने कहा कि मैच में मुम्बई के नई गेंद लेने से करुण आउट हुए जिससे मुम्बई की टीम मैच में वापसी में सफल रही। मैच के 14वें ओवर में गेंद बदली गयी। जिसके बाद करुण नायर 89 रन बनाकर पेवेलियन लौट गये। दिल्ली को जीत के लिए 56 गेंदों में 70 रन चाहिए थे पर करुण के बाद केएल राहुल, ट्रिस्टन स्टब्स और कप्तान अक्षर पटेल रन नहीं बना पाये।

सिद्धू के अलावा वीरेंद्र सहवाग ने कहा कि गेंद का बदलना दिल्ली के लिए नुकसानदेह रहा। सहवाग वे कहा, गेंद का बदलना दिल्ली पर भारी पड़ गया। हर बार आपको आशुतोष शर्मा मैच नहीं जिता सकते। आज किसी और का दिन था। गेंद बदलने के बाद ही राहुल, स्टब्स ने अपने विकेट गंवा दिये। इस मैच में मुंबई इंडियंस के इंपैक्ट खिलाड़ी कर्ण शर्मा ने चार ओवर में 36 रन देकर तीन विकेट लिये। उन्होंने अभिषेक पोरेल 33 , ट्रिस्टन स्टब्स 01 और केएल राहुल को 15 रनों पर ही आउट कर दिया। अंत में विपराज निगम ने 14 और आशुतोष शर्मा ने 17 रन बनाकर मैच बचाने का प्रयास किया पर वह असफल रहे।

ऋतुराज की जगह आयुष को शामिल करेंगी सीएसके, पृथ्वी की वापसी का सपना टूटा

चेन्नई। चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) टीम कप्तान ऋतुराज गायकवाड के चोटिल होकर टूर्नामेंट से बाहर होने के बाद उनकी जगह पर मुंबई के उभरते हुए बल्लेबाज आयुष म्हात्रे को शामिल करेगी।

सीएसके के इस कदम से खराब दौर से गुजर रहे पृथ्वी शॉ को करारा लगा है। वहीं इससे पहले भारतीय टीम के पूर्व कप्तान के श्रीकांत ने कहा था कि सीएसके को ऋतुराज की जगह पर पृथ्वी को शामिल करना चाहिये पर इस बल्लेबाज के खराब फार्म को देखते हुए सीएसके इसके लिए तैयार नहीं है। जिससे पृथ्वी की आईपीएल में वापसी की उम्मीदें भी समाप्त हो गयी हैं। इसी को देखते हुए. सीएसके इस साल ईरानी कप मैच में मुंबई की ओर से फर्स्टक्लास डेब्यू करने वाले आयुष को शामिल करने की दिशा में काम कर रही है। सीएसके प्रबंधन की ओर से कहा गया, आयुष कुछ दिनों में टीम से जुड़ेंगे।

इस रिपोर्ट में कहा गया, ÷उन्हें तुरंत फ्रेंचाइजी में शामिल होने के लिए कहा गया है पर टीम के साथ जुड़ने में उन्हें कुछ समय लगेगा। आयुष इससे पहले हुई नीलामी में नहीं बिके थे जबकि उनका आधारमूल्या 30 लाख रुपये था। फ्रेंचाइजी ने म्हात्रे को चेन्नई में ट्रायल के लिए बुलाया जिसमें गुजरात के उर्विल पटेल और उत्तर प्रदेश के सलमान नज़र भी शामिल थे। पृथ्वी का नाम भी सामने आया पर प्रबंधन ने गायकवाड़ के विकल्प के रूप में आयुष को शामिल किया। इस उभरते हुए क्रिकेटर ने पिछले साल घरेलू डेब्यू के बाद से ही नौ फर्स्टक्लास और सात लिस्ट ए मैच खेले हैं।

उन्होंने रेड-बॉल क्रिकेट में दो शतक और 50 ओवर के प्रारुप में दो शतक लगाये हैं। अपने अंतिम लिस्ट ए मैच में, म्हात्रे ने सौराष्ट्र के खिलाफ 148 रन बनाए और सात ओवर में 33 रन देकर एक विकेट भी लिया।

नाइटहुड से सम्मानित होने वाले 13 वें क्रिकेटर हैं एंडरसन

लंदन। इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर जेम्स एंडरसन को खेल के क्षेत्र में उनके सराहनीय योगदान के लिए देश के सबसे बड़े सम्मान नाइटहुड से सम्मानित किया गया है। एंडरसन इंग्लैंड की ओर से टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। एंडरसन ने अपने करियर में कुल 188 टेस्ट मैच खेले हैं। ये किसी तेज गेंदबाज द्वारा खेले गए टेस्ट मैचों की सबसे ज्यादा संख्या है। एंडरसन 13वें क्रिकेटर हैं जो खेल में योगदान देने के लिए नाइटहुड उपाधि से सम्मानित हुए हैं। अब तक ये सम्मान सर विली हेमिंग्स (1954), सर डिक हार्टले- (1958), सर एडगर फ्राय (1959), सर वॉरेन बर्ड (1961), सर क्लाइव लॉयड (1983), सर इयान बॉथम (2007), सर ज्योफ बॉब- (1999),सर जॉन रिकेट्स (2007),सर ग्रांट लॉब (2012), सर जॉन टोर्रे (2015), सर ब्रायन लारा (2019), सर माइकल क्लार्क (2020)। एंडरसन साल 2000 से यह सम्मान पाने वाले पांचवें खिलाड़ी हैं। उनसे पहले इयान बॉथम (2007), बॉयकाट (2019), कुक (2019) और स्ट्रॉस (2019) को यह सम्मान मिला था। जेम्स एंडरसन ने अपना अंतिम टेस्ट मैच जुलाई 2024 में वेस्ट इंडीज के खिलाफ लॉर्ड्स में खेला था। मई 2003 में यहीं पर एंडरसन ने जिम्बॉब्वे के खिलाफ डेब्यू किया था। एंडरसन ने साल 2015 से ही सीमित ओवरों में नहीं खेला है। इसके बाद भी वह एकदिवसीय में सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। उन्होंने टी20 में भी 18 विकेट लिए हैं और उनके नाम कुल 991 विकेट हैं।

गेंद बदलने के नियम का लाभ मुबई को मिला

नई दिल्ली। आईपीएल के इस सत्र में गेंद बदलने के नये नियम का लाभ मुम्बई इंडियंस को मिला है। नये नियम के तहत अब शाम के मैच में जो टीम दूसरी पारी में गेंदबाजी कर रही होती है, वह 11वें ओवर के बाद कभी भी गीली गेंद बदल सकती है जिससे ओस के कारण होने वाले गीलेपन से बचा जा सके। इस नियम से गेंदबाजों को लाभ हो रहा है। विशेष रुप से उस टीम को जो स्कोर का बचाव करती है। मुंबई इंडियंस और दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मुकाबले में इस नियम का प्रभाव भी दिखा है। इस मैच में जैसे ही जसप्रीत बुमराह ने अक्षर पटेल का विकेट लिया। टीम ने गेंद बदलने का फैसला किया।

गेंद बदलने के बाद स्पिनर कर्ण शर्मा और मिशेल सैंटनर की गेंदों को पिच से उछाल और टर्न मिलने लगा। इससे बल्लेबाज़ों के लिए बड़े शॉट खेलना कठिन हो गया। कर्ण ने पहले स्टब्स को और फिर केएल राहुल को अपना शिकार बनाया इन विकेटों के बाद दिल्ली कैपिटल्स की परेशनली बढ़ गयी और उसके बल्लेबाज के के बाद एक पेवेलियन लौटने लगे।

मुम्बई ने सैंटनर को 18वां ओवर दिया। शुरुआत में दिल्ली के विपराज निगम ने दो चौके लगाये पर इसके बाद अगल गेंद सैंटनर ने धीमी फेंकी जिसपर निगम स्टंप हो गए। इसके बाद, बुमराह पर दो चौके जरूर लगे पर इसके बाद बल्लेबाजों के रन आउट होने से मामला बदला गया।

प्लेयर ऑफ द मैच करन शर्मा ने कहा, गेंद बदलना मैच का सबसे अहम मोड़ रहा। पुरानी गेंद गीली हो रही थी जिससे हम उसपर अपना नियंत्रण नहीं रख पा रहे थे पर हमें विकेट लेने थे। जिसमें हमें लाभ हुआ। जब दूसरी गेंद आई, तो उस पर टर्न और उछाल मिला। जिससे राहुल जैसा बड़ा अनुभवी खिलाड़ी भी समझने में असफल रहा।

सरकार को गेंहू बेचना नहीं चाहते किसान

17 जिलों में उपार्जन केंद्र पड़े सूने, खरीदी शून्य

रीवा (कीर्तिप्रभा) अधिकतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर सरकार ने इस साल गेहूं खरीदी के लिए 2425 रूपए प्रति क्विंटल का भाव तय किया है, साथ ही 175 रुपये प्रति क्विंटल का बोनस भी दिया जा रहा है। इस प्रकार कुल 2600 रूपए प्रति क्विंटल का मूल्य किसानों को एमएसपी पर मिलेगा। हालांकि, वर्तमान में खुले बाजार में गेहूं का भाव 2,800 रूपए प्रति क्विंटल तक मिल रहा है, जिसके चलते किसान एमएसपी पर गेहूं बेचने के प्रति कम रुचि दिखा रहे हैं। आलम यह है कि समर्थन मूल्य पर खरीदी शुरू होने के 27 दिन बाद स्थिति यह है कि प्रदेश के 17 जिलों में उपार्जन केंद्र सूने पड़े हुए हैं। वहां खरीदी शून्य है।

गौरतलब है कि मप्र में समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदने के लिए 3,528 उपार्जन केंद्र बनाए गए हैं। प्रदेश के 15 लाख 33 हजार किसानों ने अपना पंजीयन कराया है। वहीं उपार्जन की अवधि 15 मार्च से 5 मई तक निर्धारित है। लेकिन इस बार किसान सरकार को गेंहू बेचने की बजाय व्यापारियों को बेच रहे हैं। प्रदेश स्तरीय समीक्षा में सामने आया कि 15 मार्च से 8 अप्रैल के बीच प्रदेश की मंडियों में 21.35 लाख मीट्रिक टन गेहूं की खरीदी व्यापारियों ने की है। जबकि इसी दौरान 22.47 लाख मीट्रिक टन गेहूं उपार्जन केंद्रों में बिका। यानी लगभग आधे किसान मंडियों में गेहूं बेचने को प्राथमिकता दे रहे हैं। इसकी वजह समर्थन मूल्य लगभग ही बाजार भाव होना है।

बाजार भाव बना कारण

किसानों की कम दिलचस्पी के पीछे प्रमुख कारण बाजार में मिल रहे ऊंचे दाम हैं। खुले बाजार में किसानों को 2,800 रुपये प्रति क्विंटल तक गेहूं का भाव मिल रहा है, जो कि एमएसपी से अधिक है। इसी कारण किसान पंजीयन के प्रति उत्साहित नहीं हो रहे हैं। प्रदेश में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी शुरू हुए 27 दिन बीत चुके हैं, लेकिन अभी 17 जिलों में सरकारी उपार्जन केंद्रों में एक दाना गेहूं भी नहीं पहुंचा है। वहीं दूसरी ओर बाजार दर पर बिक्री के लिए प्रदेश की मंडियों में गेहूं की आवक जोरों पर है। प्रदेश के 7 संभागों में मंडियों में गेहूं की बिक्री ज्यादा हो रही है, जबकि उज्जैन, नर्मदापुरम और भोपाल संभाग में ज्यादातर किसान उपार्जन केंद्रों में गेहूं बेच रहे हैं।

मंडियों में उमड़ रही भीड़

प्रदेश में गेंहू बेचने के लिए किसान उपार्जन केंद्रों की बजाय मंडियों का रूख कर रहे हैं। प्रदेश के सभी संभागों की समीक्षा के दौरान जो आंकड़े सामने आए हैं उसके अनुसार मंडियों में भीड़ उमड़ रही है। वहीं प्रदेश के 17 जिलों में एमएसपी पर खरीदी शून्य रही है। प्रदेश के बड़वानी, बुरहानपुर, कटनी, जबलपुर, डिंडोरी, पाढुर्णा, बालाघाट, मुरैना, मऊगंज, मैहर, सिंगरौली, सीधी, अनूपपुर, उमरिया, शहडोल, टीकमगढ़ और निवाड़ी जिले में अभी तक एक भी क्विंटल गेहूं समर्थन मूल्य (2600 रुपए प्रति क्विं.) पर नहीं हुई है। रीवा संभाग के सिर्फ दो जिलों में उपार्जन केन्द्रों में गेहूं खरीदी की शुरुआत हो सकी है। रीवा में 170 मीट्रिक टन और सतना में 7,269 मीट्रिक टन गेहूं खरीदी समर्थन मूल्य पर हुई है। जबकि मऊगंज, मैहर, सिंगरौली और सीधी में खरीदी का आंकड़ा शून्य है। मंडियों में अब तक सबसे ज्यादा गेहूं खरीदी उज्जैन संभाग में 3,89,972 मीट्रिक टन और सबसे कम नर्मदापुरम संभाग में 40.236 मीट्रिक टन हुई है। उपार्जन केंद्रों में भोपाल संभाग में 9,30,122 एमटी गेहूं खरीदी की गई है, जो प्रदेश में सबसे ज्यादा है।

किसानों से हो रही अवैध वसूली

प्रदेश में समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी शुरू होने के साथ ही खरीदी केंद्रों पर हंगामे और प्रदर्शन का दौर भी शुरू हो गया है। रतलाम में अलग-अलग केंद्रों पर हंगामे और विवाद की तस्वीरें सामने आई हैं। कहीं, किसानों की फसल गुणवत्ता से कम होने या राजस्व अधिकारियों द्वारा वेरीफाई नहीं किए जाने से नहीं खरीदी जा रही हैं तो कहीं किसानों से गेहूं अनलोड किए जाने के लिए रुपए मांगे जा रहे हैं। इटावा माताजी स्थित खरीदी केंद्र पर नायन गांव के किसान सुमेर सिंह से पिकअप वाहन में भरे गेहूं खाली करवाने के नाम पर 700 रुपए की मांग का आरोप लगाया है। इसके बाद किसानों ने गेहूं खरीदी केंद्र पर हंगामा कर दिया। समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी केंद्र के प्रभारी संजय सिंह का कहना है कि किसानों से हम्माली के रुपए नहीं लेने का नियम है।

मप्र में मंडरा रहा जल संकट, तेजी से कम हो रहा नदियों का पानी

गर्मी की शुरुआत में ही मप्र की प्रमुख नदियों का पानी तेजी से कम हो रहा है। नदियों का सूखना एक चिंताजनक संकेत है। क्योंकि नदियों में पानी की कमी के कारण प्रदेश में जल संकट की स्थिति बन सकती है। यह स्थिति तब है जब नदियों को सूखने से बचाने और सालभर पानी से लबालब बनाए रखने के लिए राज्य सरकार कई जतन कर रही है। इसके लिए नदियों को जोडने़ वाले प्रोजेक्ट्स चलाए जा रहे हैं। केन और बेतवा नदियों को जोड़ा जा रहा है जिससे प्रदेश का बुंदेलखंड इलाका हमेशा के लिए जलसंकट से मुक्त हो जाएगा। वहीं दूसरी तरफ अत्यधिक जल दोहन और अवैध रेत उत्खनन के कारण नदियों के सूखने का खतरा बढ़ गया है।

जानकारी के अनुसार इस गर्मी में प्रदेश में 30 से अधिक नदियों पर सूखने का खतरा मंडरा रहा है। 3 लाख 8 हजार 245 वर्ग किमी क्षेत्र में बहने वालीं नर्मदा, बेतवा, सोन, ताप्ती, चंबल, सिंध, माही, पार्वती, धसान, केन, कूनो, क्षिप्रा जैसी नदियों से अत्यधिक जल दोहन और अवैध रेत उत्खनन के कारण यह खतरा पैदा हुआ है। जबकि, शहरी नदियां जमीन के लालच में अतिक्रमण का शिकार हो चुकी हैं। पारिस्थितिकी तंत्र के असंतुलन से भी नदियों का प्रवाह लगातार घट रहा है। अभी अप्रैल माह में ही सूखने का संकट है तो आने वाले दिनों में क्या स्थिति होगी, इसका अंदाजा लगाया जा सकता है। जानकारों का कहना है कि मप्र में नदियों की बदहाली की सबसे बड़ी वजह रेत का अवैध खनन है। इस कारण प्रदेश की सात प्रमुख नदियों की 150 से अधिक सहायक नदियों की धारा फरवरी-मार्च में ही टूट गई थी।

चना, मसूर एवं सरसों की खरीदी हेतु खरीदी केन्द्र निर्धारित

रीवा (कीर्तिप्रभा)रबी विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर चना, मसूर एवं सरसों उपार्जन हेतु रीवा जिले में तहसील स्तर पर 8 खरीदी केन्द्र एवं मऊगंज जिले में किसानों की सुविधा हेतु तहसील स्तर पर 3 खरीदी केन्द्र स्थापित किये गये है। खरीदी केन्द्रों पर किसान ई-उपार्जन पोर्टल पर ऑनलाइन स्लाट बुक कर अपनी फसल बिक्री कर सकते है। उप संचालक किसान कल्याण एवं कृषि विकास यूपी बागरी ने बताया कि चना, मसूर एवं सरसों का उपार्जन 31 मई तक किया जावेगा।

कन्या शिक्षा परिसर में प्रवेश के लिए आवेदन आज तक आमंत्रित

रीवा (कीर्तिप्रभा) जनजातीय कार्य विभाग द्वारा शासकीय कन्या शिक्षा परिसर का संचालन किया जा रहा है। इसमें शिक्षा सत्र 2025-26 के लिए अनुसूचित जनजाति की छात्राओं को कक्षा सातवी और कक्षा नौंवी में प्रवेश का अवसर दिया रहा है। इसके लिए आवेदन 15 अप्रैल तक कार्यालयीन समय में कन्या शिक्षा परिसर में जमा किए जा सकते हैं। इस संबंध में प्राचार्य ने बताया कि अनुसूचित जनजाति की छात्राओं के लिए कक्षा सात में 19 सीटें तथा कक्षा 9 में 16 सीटें रिक्त हैं। आवेदन पत्र के साथ जन्म प्रमाण पत्र, हितग्राही प्रोफाइल पंजीयन, समग्र आईडी, पासपोर्ट आकार की 6 फोटो तथा जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना आवश्यक होगा। आवेदन पत्र के साथ निवास प्रमाण पत्र एवं पिछली कक्षा की अंकसूची की छायाप्रति, आधार कार्ड, बैंक पासबुक के प्रथम पेज की छायाप्रति तथा अपार आईडी प्रस्तुत करना आवश्यक है। इसकी प्रवेश परीक्षा 16 अप्रैल को दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक कन्या शिक्षा परिसर रीवा में आयोजित की जाएगी। परीक्षा में मेरिट सूची के आधार पर छात्राओं को प्रवेश दिया जाएगा।

सदस्यता सूची के संबंध में दावे-आपत्ति 15 अप्रैल तक

रीवा (कीर्तिप्रभा) मध्यप्रदेश पुलिस गृह निर्माण सहकारी समिति मर्यादित नवीं बटालियन विशेष सशस्त्र बल रीवा के संचालक मण्डल के सदस्यों का चुनाव किया जाना है। इस संबंध में रजिस्ट्रीकरण अधिकारी ने बताया कि संचालक मण्डल के सदस्यों के चुनाव के लिए समिति की सदस्यता सूची 7 अप्रैल को प्रकाशित कर दी गई है। सूची का प्रकाशन उप पंजीयक सहकारी समिति कार्यालय, जनपद पंचायत रीवा कार्यालय जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक कार्यालय तथा समिति के सूचना पटल पर कर दिया गया है। सूची के संबंध में दावे एवं आपत्तियाँ 15 अप्रैल तक समिति कार्यालय में लिखित में प्रस्तुत की जा सकती हैं। प्राप्त दावे-आपत्तियों का निराकरण 16 अप्रैल को दोपहर 12 बजे से समिति कार्यालय में किया जाएगा। आपत्तियों के निराकरण के बाद सदस्यता सूची का अंतिम रूप से प्रकाशन किया जाएगा।

अम्बेडकर जयंती पर तीन कैदी हुए रिहा

रीवा (कीर्तिप्रभा) डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती के अवसर पर जिला स्तरीय समिति की अनुशंसा पर राज्य शासन से सजा में छूट प्राप्त कर केन्द्रीय जेल रीवा से परिरूद्ध आजीवन कारावास के तीन बंदी रिहा हुए। जेल अधीक्षक सतीश कुमार उपाध्याय द्वारा बंदियों को श्रीफल, रिहाई प्रमाण पत्र के साथ-साथ पारिश्रमिक राशि की बैंक पासबुक प्रदान कर जेल में प्राप्त स्वरोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण की विधा का उपयोग कर जीवन यापन करने हेतु प्रोत्साहित किया गया।

गांव में विचरण कर रही बाघिन पिंजरे में कैद, इंलोजर में रखकर किया जाएगा व्यवहार का अध्ययन

शहडोल (ईएमएस)। बाघों के लिए प्रसिद्ध उमरिया जिले के राष्ट्रीय बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के धनोखर बफर परिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम पिपरिया एवं सेमरिया में विचरण कर रही मादा बाघिन को पी एफ 112, बीट पिपरिया, रेंज धमोखर से पार्क प्रबंधन ने सोमवार की सुबह पिंजरे में कैद कर लिया है,पार्क की रेस्क्यू टीम सुबह से विभागीय हाथी एवं एक्सपर्ट टीम की मदद से बाघिन को जंगल में ढूंढना शुरू कर दिया,बाघिन के मिलने के बाद उसे ट्रेंकुलाइज कर बेहोश किया गया फिर पिंजरे में कैद कर वन्य जीव चिकित्सकों की निगरानी में विशेष वाहन से इनक्लोजर लाकर छोड़ दिया गया है।

रेस्क्यू की गई बाघिन को फिलहाल पार्क प्रबंधन ने इनक्लोजर में रखा है जहां एक्सपर्ट वन्य जीव चिकित्सक रोजाना उसके स्वभाव का अध्ययन करेंगे और अनुकूल पाए जाने पर जंगल में छोड़ेंगे।रेस्क्यू के दौरान उपसंचालक क्रअक्र, सहायक संचालक धमोखर, सहायक संचालक ताला, वन्य प्राणी स्वास्थ्य अधिकारी, रेंजर धमोखर, रेस्क्यू प्रभारी रेंजर पतौर, रेस्क्यू टीम ओर धमोखर फील्ड स्टाफ मौजूद रहे।

बाबा साहेब के सिद्धांत आज भी सभी को देते हैं प्रेरणा- उप मुख्यमंत्री

रीवा (कीर्तिप्रभा).उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने समस्त प्रदेशवासियों को अम्बेडकर जयंती की शुभकामनाएँ दी हैं। उन्होंने कहा कि समाज के वंचित, शोषित और पीड़ित वर्गों के लिए जीवनभर संघर्ष करने वाले भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने हमें एक समतामूलक, न्यायपूर्ण और सशक्त लोकतंत्र का मार्ग दिखाया। उनके विचार और सिद्धांत आज भी हम सभी को प्रेरणा देते हैं। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने डॉ. अम्बेडकर को नमन करते हुए आह्वान किया है कि बाबा साहेब के सपनों के भारत के निर्माण में हम सब अपनी पूर्ण भागीदारी निभाएँ।

बिना अध्यक्ष के चल रहे प्रदेश के 31 जिला उपभोक्ता फोरम

प्रदेश के 61 प्रतिशत जिला उपभोक्ता आयोग में अध्यक्ष पद रिक्त पड़े है7 स्वयं राज्य उपभोक्ता कमीशन की वेबसाईट में 31 जनवरी 2025 की स्थिति बताई गई है, जिसमें प्रदेश के 51 जिला उपभोक्ता आयोग में से 31 में अध्यक्ष पद रिक्त बताए गए हैं7 कुछ जिला आयोग में, जैसे की नरसिंहपुर में पिछले 4 वर्षों से नियमित रुप से नियुक्त अध्यक्ष ही नहीं है7 इंदौर-1, शिवपुरी, धार, सतना, मुरैना, हरदा, बुरहानपुर, सीहोर, बड़वानी, मंडलेश्वर, मंडला, डिण्डौरी, नरसिंहपुर, सिवनी, बालाघाट, शाजापुर, देवास, रायसेन, झाबुआ, नीमच, उमरिया, सीधी, शहडोल, अनूपपुर, राजगढ़, अशोकनगर, दतिया, श्योपुर, टीकमगढ़, पन्ना, बैतूल7 इससे चिन्तित होकर डॉ. पीजी नाजपांडे ने विधि मंत्रालय को नोटिस भेजा है7

आदर्श विज्ञान महाविद्यालय में डॉ. अंबेडकर जयंती पर संविधान और स्वाभिमान को समर्पित प्रेरणादायी आयोजन

रीवा। आदर्श विज्ञान महाविद्यालय, रीवा में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान विषयक भव्य और प्रेरणादायी कार्यक्रम के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर महाविद्यालय परिसर में अनेक शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियाँ आयोजित की गईं, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन से हुई। इसके पश्चात् उपस्थित जनों ने उनके महान योगदान को नमन करते हुए राष्ट्रनिर्माण में उनके विचारों की प्रासंगिकता पर विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रविन्द्र नाथ तिवारी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा कि डॉ. अंबेडकर केवल संविधान निर्माता नहीं थे, वे शिक्षा, समानता और आत्मसम्मान की जीती-जागती प्रेरणा हैं। उन्होंने कहा कि डॉ. अंबेडकर जयंती केवल स्मरण का नहीं, संकल्प का दिन है। हमें उनके विचारों को आत्मसात कर समाज और राष्ट्र के उत्थान में योगदान देना चाहिए।

मुख्य वक्ता डॉ. विवेक वर्मा ने डॉ. अंबेडकर के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि उन्होंने विषम परिस्थितियों में शिक्षा को अपना हथियार बनाकर सामाजिक बदलाव की नींव रखी। उन्होंने कहा कि डॉ. अंबेडकर का जीवन इस बात का प्रमाण है कि यदि संकल्प दृढ़ हो, तो कोई भी बाधा मार्ग में नहीं आ सकती। डॉ. डी. पी. शुक्ला ने उन्हें आधुनिक भारत का सामाजिक वास्तुकार बताया, जबकि डॉ. संजीव दुबे ने कहा कि उनके विचार आज भी समाज के हर वर्ग के लिए प्रासंगिक और प्रेरणादायी हैं।

अन्य वक्ताओं में डॉ. जे. डी. प्रजापति, डॉ. नीरज वर्मा और डॉ. प्रीति विश्वकर्मा ने विद्यार्थियों को उनके आदर्शों का अनुकरण करने का आह्वान किया। सभी वक्ताओं ने एक स्वर में यह कहा कि डॉ. अंबेडकर ने संविधान के माध्यम से भारत को एक सशक्त, समानता-आधारित और न्यायप्रिय राष्ट्र बनाने की नींव रखी। कार्यक्रम के अंतर्गत निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने संविधान, सामाजिक समानता और डॉ. अंबेडकर के जीवनदर्शन पर अपने विचार प्रस्तुत किए। इस प्रतियोगिता में पिंकी सौंधिया ने प्रथम, पल्लवी बसोर ने द्वितीय, सरस्वती मिश्रा ने तृतीय एवं प्रियांशी पांडे ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। साथ ही भाषण प्रतियोगिता में भी विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, जिसमें पिंकी सौंधिया ने डॉ. अंबेडकर के विचारों पर प्रभावशाली भाषण प्रस्तुत कर विशेष सराहना प्राप्त की। पूरे कार्यक्रम का संचालन डॉ. प्रदीप पटेल ने अत्यंत कुशलता और संयोजन के साथ किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। यह आयोजन न केवल डॉ. अंबेडकर के प्रति श्रद्धांजलि का प्रतीक बना, बल्कि विद्यार्थियों में संविधान, सामाजिक न्याय और शिक्षा के प्रति जागरूकता तथा प्रेरणा का स्रोत भी सिद्ध हुआ।

16 अप्रैल को आयोजित की जाएगी कलेक्टर कान्फ्रेंस

शहडोल -कमिश्नर कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार 16 अप्रैल 2025 को प्रातः 11ः00 से कमिश्नर कार्यालय के अमरकंटक सभागार में कलेक्टर कांफ्रेंस आयोजित की गई है। कलेक्टर कान्फ्रेंस में राजस्व विभाग के तहत राज्य में संभाग की स्थिति आरसीएमएस के अनुसार, नामांतरण,बटवारा, सीमांकन के प्रकरणों की न्यायालयवार समीक्षा, नक्शा तरमीम,डायवर्सन अभिलेख दुरुस्ती के प्रकरणों की तहसीलवार समीक्षा, साइबर तहसील के प्रकरणों की समीक्षा, भू अर्जन एवं भू आवंटन के प्रकरणों की समीक्षा, आरसीएमएस में लोक सेवा गारंटी के प्रकरणों की समीक्षा, 1 से 2 वर्ष, 2 से 5 वर्ष तथा 5 वर्ष से अधिक लंबित प्रकरणों की समीक्षा, आरबीसी 6.4 के प्रकरणों की तहसीलवार समीक्षा, जनसुनवाई डैसबोर्ड तथा टीएल में चिन्हित राजस्व प्रकरणों की समीक्षा, राजस्व के 100, 300 एवं 500 दिवस से अधिक लंबित सीएम हेल्पलाइन के प्रकरण, न्यायालयीन अवमानना रिट याचिका के प्रकरणों, लंबित अनुकंपा नियुक्ति एवं पेंशन प्रकरण, राजस्व न्यायालय में दायरा पंजी, डिजिटिलाइजेशन की जिलेवार समीक्षा धारणाधिकार पी ओ एवं रीडर आईडी में लंबित प्रकरणों की समीक्षा की जाएगी। इसी प्रकार पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत कार्य योजना एवं किए गए कार्य की समीक्षा सहित खाद्य विभाग, लोक शिक्षण विभाग, स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, जनजाति कार्य विभाग, ई ऑफिस के क्रियान्वयन एवं विभिन्न विभाग के अंतर्गत

भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर मनाई गई जन्म जयंती

19 मंडलों के प्रत्येक बूथ पर मनाई गई बाबा साहेब की जन्म जयंती

शहडोल। भारतीय जनता पार्टी द्वारा सबका साथ सबका विकास और विकसित भारत के संकल्प के साथ भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 134 वीं जन्म जयंती के अवसर पर शहडोल नगर के राजेंद्र टॉकीज स्थित अंबेडकर चौक पहुंचकर भाजपा जिलाअध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा जी के नेतृत्व में जयसिंहनगर विधायक श्रीमती मनीषा सिंह जी एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने बाबा साहब की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए माल्यार्पण किया।सोमवार को भाजपा जिला मीडिया प्रभारी विनय केवट ने जानकारी देते हुए भारतीय जनता पार्टी की जिला अध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा के मार्गदर्शन में शहडोल जिले के 19 मंडलों के प्रत्येक बूथ पर भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर जी की जन्म जयंती धूमधाम हर्ष उल्लास के साथ के साथ मनाई गई।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा, विधायक श्रीमती मनीषा सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता महेश भागदेव, संतोष लोहानी, मनोज गुप्ता, सुशील शर्मा ,योगेंद्र चतुर्वेदी, भूपेंद्र मिश्रा ?, शोभित वर्मा, प्रवीण नामदेव, प्रियम त्रिपाठी, आशीष तिवारी,नागेंद्र गोले, सौरभ गोले,निभा गुप्ता, नीलम चतुर्वेदी, रेखा त्रिपाठी, रचना श्रीवास्तव, मधु मिश्रा, रवींद्र वर्मा,सुनील मिश्रा, राकेश कनौजिया, अरुण पटेल, राज तिवारी,पिंकू शुक्ला,आशीष तिवारी, मनीष गुप्ता त्रिभुवन गोस्वामी संतोष रावत,अशोक चौधरी सहित अनेक पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस दौरान पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने बाबा साहेब अमर रहे, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जिंदाबाद, भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद, भारत माता की जय के शानदार उद्घोष किया। पूर्व संध्या पर पार्टी पदाधिकारी द्वारा राजेंद्र टॉकीज चौक स्थित बाबा साहब की प्रतिमा की साफ सफाई एवं दीप जलाकर सजावट का कार्य किया गया था। वही बाबा साहब की जन्म जयंती के अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष ने शहडोल नगर की बस्तियों में जाकर बूथ पर मनाई जा रही बाबा साहब की जन्म जयंती में भी शामिल हुई एवं उपस्थित लोगों को बाबा साहब के बारे में बताया साथी बच्चों को चॉकलेट का वितरण भी किया गया।

सरकारी विभागों में लेखाधिकारियों का टोटा ,ग्यारह साल में नहीं हुई अधीनस्थ लेखा सेवा परीक्षा

प्रशासनिक व्यवस्था में रीढ़ की हड्डी समझे जाने वाले लेखाधिकारियों का टोटा है। आलम यह है कि लेखाधिकारियों की कमी का असर विभागों पर भी पड़ रहा है। लेकिन विडंबना यह है कि सरकार ने 11 साल में अधीनस्थ लेखा सेवा परीक्षा का आयोजन ही नहीं किया है। इससे सरकारी विभागों का काम प्रभावित हो रहा है।

गौरतलब है कि लिपिक बल से सरकार का दस्तावेजी प्रशासनिक ढांचा मजबूत होता है। लेकिन विडंबना यह है कि ग्यारह साल हो गये हैं, इस पोस्ट को भरने के लिए विभाग ने अधीनस्थ लेखा सेवा परीक्षा नहीं कराई है। एक प्रकार से यह पद अघोषित रूप से समाप्त कर दिया गया है। इससे विभागों में लेखाधिकारियों की कमी बनी हुई है। उल्लेखनीय है कि शासन के नियम अंतर्गत विभागों में जितने भी फाइनेंशियल मामले होते हैं उनकी निगरानी करने का काम लेखाधिकारी का होता है। जितनी भी लेन और देनदारियां होती हैं उनसे संबंधित देयकों पर लेखाधिकारी की टीप लगने के बाद ही इसको हरी झंडी मिलती है। बाबुओं द्वारा जो बिल तैयार किए गए, उनका परीक्षण, यदि इसमें कोई खामी है तो उसको ठीक कर अग्रेषित करने का काम लेखाधिकारी का होता है।अधीनस्थ लेखा सेवा परीक्षा परीक्षा हर तीन साल में वित्त विभाग के अधीन कोष एवं लेखा विभाग आयोजित करता रहा है। इस परीक्षा में एकाउंट ट्रेनिंग पास एवं कम्प्युटर में दक्षता हासिल करने वाले लिपिक ही बैठने के लिए पात्र रहते हैं।

वन विभाग ने शासन को भेजा प्रस्ताव, बनाए जाएंगे कंजर्वेशन रिजर्व

रीवा / भोपाल(कीर्तिप्रभा)

वन्यजीवों और वनस्पतियों की रक्षा के लिए अब कंजर्वेशन रिजर्व बनाए जाएंगे। यह क्षेत्र आमतौर पर स्थानीय समुदायों के सहयोग से प्रबंधित होते हैं और उनका उद्देश्य प्राकृतिक संसाधनों का स्थायी उपयोग सुनिश्चित करना है। मप्र का पहला कंजर्वेशन रिजर्व बैतूल जिले में सतपुड़ा और मेलघाट टाइगर रिजर्व के बीच में स्थापित किया जाएगा। बैतूल के एक ओर होशंगाबाद जिले में सतपुड़ा टाइगर रिजर्व है, दूसरी ओर दक्षिण में महाराष्ट्र के अमरावती जिले में मेलघाट टाइगर रिजर्व है। बैतूल के जंगल दोनों टाइगर रिजर्व के बीच वन्यजीवों के आवागमन के लिए वाइल्ड लाइफ कॉरिडोर का काम करते हैं। इसलिए यह कंजर्वेशन रिजर्व के लिए प्रदेश में सबसे अनुकूल साइट है। महाराष्ट्र बार्डर पर यहां कंजर्वेशन रिजर्व बनने से पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।

जानकारी के अनुसार कंजर्वेशन रिजर्व बनाने का प्रस्ताव वन विभाग ने शासन को भेजा है। शासन से मंजूरी मिलने के बाद इसकी प्रक्रिया शुरू की जाएगी। फिलहाल प्रदेश के राघौगढ़, बैतूल और बालाघाट के वनक्षेत्र में कंजर्वेशन रिजर्व बनाने की तैयारी है। इससे स्थानीय लोगों को रोजगार भी मिलेंगे। गौरतलब है कि कंजर्वेशन रिजर्व राष्ट्रीय उद्यान और अभयारण्य की तरह होगा। यह आकार में इनसे छोटा होगा। यहां भी चराई, कटाई और शिकार करना पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा। इसका संचालन समिति द्वारा किया जाएगा। कंजर्वेशन रिजर्व में कुछ छूट भी रहेगी। वर्ष 1972 के वन संरक्षण अधिनियम के तहत संरक्षित क्षेत्रों में प्रावधान लागू होंगे। कंजर्वेशन रिजर्व की सीमा भी निर्धारित की जाएगी।

सबसे ज्यादा टाइगर रिजर्व

गौरतलब है कि प्रदेश में बाघों के संरक्षण के लिए 9 टाइगर रिजर्व हैं। प्रदेश में सबसे ज्यादा बाघ है और टाइगर रिजर्व की संख्या भी सबसे ज्यादा है। प्रदेश में वन्यजीव संरक्षण को उच्च प्राथमिकता दी गई है। मप्र में वन्यजीव संरक्षित क्षेत्रों का क्षेत्रफल 11198.954 वर्ग किलोमीटर है। यहां 11 राष्ट्रीय उद्यान एवं 24 वत्तृयप्राणी अभयारण्य है। कान्हा, बांधवगढ़, पन्ना, पेंच, सतपुड़ा एवं संजय राष्ट्रीय उद्यानों तथा इनके निकटवर्ती 7 अभयारण्यों को मिलाकर प्रदेश में पहले 6 टाइगर रिजर्व बनाए गए थे। इसके अलावा 2023 में वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व का गठन नौरादेही एवं वीरांगना दुर्गावती अभयारण्य को शामिल कर किया गया। रातापानी टाइगर रिजर्व का गठन दिसम्बर 2024 में हुआ।

कार्यालय कलेक्टर जिला मऊगंज एवं पदेन उपसचिव मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग

-: अधिसूचना;-

पत्र क्र....453..../ भू-अर्जन / 2024 मऊगंज दिनांक 10/...2../2024

चूकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है की इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की अनुसूची के खाने (6) में उसके नीचे दिए गए सार्वजनिक प्रयोजन लिए आवश्यकता है, अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है अतः भूमिअर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यावस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा -11 की उपधारा(1) के उपबंधो के अनुसार सभी सम्बंधित व्यक्तियों को इसके द्वारा इस आशय की सूचना दी जाती है कि राज्य शासन इसके द्वारा अनुसूचीतखाने के (5)में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के समबन्ध में धारा-11द्वारा दी गयी शक्तियों का प्रयोग करने हेतु प्राधिकृत करता है, चूंकिनईगढ़ी सूक्ष्म दवाब परियोजनाका निर्माण कार्य पूर्व से चल रहा है तथा अधिकांश भूमि का अर्जन पूर्व में ही किया जा चुका है एवं कुछ अंश भाग के भू-अर्जन की कायवाही वांक्षित है। इस कारण धारा 11 (3) के तहत सामाजिक समाधान निर्धारण रिपोर्ट का सार प्रकाशित नहीं किया जा रहा है।

भूमि का विवरण			लगभग क्षेत्रफल	धारा(1)12 की धारा द्वारा प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का विवरण
जिला	तहसील	ग्राम			
1	2	3	4	5	6
मऊगंज	नईगढ़ी	घुघुरी 257	0.003 हे.	कार्यपालन यंत्री नईगढ़ी सूक्ष्म दवाब परियोजना संभाग रीवा (म. प्र.)	डी. बी. निर्माण कार्य हेतु (नईगढ़ी सूक्ष्म दवाब सिंचाईपरियोजना अंतर्गत)

भूमि का नक्सा (प्लान) का अवलोकन कलेक्टरमऊगंज एवं के पदेन उपसचिवराजस्व विभाग जिलामऊगंज के कार्यालय में किसी भी कार्यालयीन अवधि में किया जा सकता है।

G11504/25

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार

(कोमल सिंह)
अनुविभागीय अधिकारी
नईगढ़ी सूक्ष्म दवाब सिंचाई परियोजना
उपसंभाग क्र. 2, मनगंवा
जिला - रीवा(म.प्र.)

(बी. पी. मिश्रा)
कार्यपालन यंत्री
नईगढ़ी सूक्ष्म दवाब सिंचाई परियोजना
जिला - रीवा(म.प्र.)

(अजय श्रीवास्तव)
कलेक्टर
जिला मऊगंजएवं पदेन उपसचिव
राजस्व विभाग

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक संतोष कुमार मिश्र द्वारा अदिति प्रिंटर्स, वि. वि. मार्ग खुटेही रीवा से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक-* संतोष कुमार मिश्र , * स्थानीय संपादक-योगराज तिवारी, आर.एन.आई. नं. 69841/98
प्रधान कार्यालय रीवा- फोन एवं फैक्स नं. 07662-292777,9425330073,9229876961 Email- samacharrewa@gmail.com * पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।